हरि-हर-यश-राकेश-राहु से ।
पर अकाज भट सहस बाहु से ॥
जे परदोष लखहिँ सहसाखी ।
परहित घृत जिनके मन माखी ॥
तेज कृषानु रोष महिषेशा ।
अघ अवगुण धन धनिक धनेशा ॥
उदय केतु सम हित सब ही के ।
कुम्भकरण सम सोवत नीके ॥
पर अकाज लगि तनु परिहरहीं ।
जिमि हिम उपल कृषी दलि गरहीं ॥
बंदौ खल जस शेष सरोषा ।
सहस बदन बरणौं परदोषा ॥
पुनि प्रणवौं पृथुराज समाना ॥
परअघ सुनैं सहस दस काना ॥
बहुरि शक्र सम बिनवौं तेही ।
संतत सुरानीक हित जेही ॥
वचन बज्र जेहि सदा पियारा ।

सहस नयन परदोष निहारा ॥

७-राजदरबार में भिन्न २ जाति, स्वभाव और प्रकृति के लोग रहते हैं, कोई सदुपदेशक रहता है तो कोई बुरी बातों के परामर्श देने में लीन रहता है। हरदौल और रानी का परस्पर प्रेम देख कर दरबार के दुष्ट और कपटाचारी सामन्तों ने राजा को एकान्त में पाकर कहा "अन्नदाताजी ! हरदौल का इस प्रकार रनिवास में प्रायः उपस्थित रहना ठीक नहीं है। कुँवरजी प्रायः हँसते और प्रेमालाप करते हुए देखे जाते हैं। राजदरबारी लोग इस घटना से आपके ऊपर हँस रहे हैं, इसका ठीक २ अनुसन्धान लगाया जाय और जो दरबार से उचित दण्ड हो वह कुँवरजी को दिया जाय"।

८-जुझारसिंह यद्यपि राजनीति में दक्ष और विचारवान् थे तथापि सामन्तों के कटुबचनों से अति व्याकुल हुए, और इस विषय में ठीक २ अनुसन्धान लगाने लगे। एक दिन वे इसी बात के विचार में बैठे थे कि सहसा हरदौल को रनिवास में वार्तालाप करते हुए देखा। राजा इस घटना को देख कर मारे क्रोध के रक्तवर्ण हो गये। और मन में सोचने लगे-" क्या हरदौल

वास्तविक, कपटी और छली है ? अरे क्या यह क्षत्री का बच्चा है ? क्या यह ऐसे कार्य में हाथ डालेगा, नहीं २ ऐसा कदापि नहीं हो सकता, । प्यारा भाई पवित्र है-रानी के लिये यह दोषारोपण असम्भव है । सुशीला पतिव्रता रानी ऐसा कदापि नहीं कर सकती वह व्यभिचारिणी कदापि नहीं है । और हे ! ईश्वर ! ! यद्यपि ऐसा हो तो इस राज-छत्र को अभी ले ले, यमराज को तुरत भेज, कि मैं अपना मुख इन सामन्तों को न दिखाऊँ-हाय ! यदि घटना सत्य निकली तो मैं क्या मुँह लेकर राजासन पर बैठूँगा-अच्छा यदि यह घटना सत्य है तो ले मैं इसकी अभी ही इतिश्री कर देता हूं। हरदौल ! हरदौल ! ! इस घटना से जो अनर्थ होगा उसका पाप सब तुम्हारे माथे" ।

९-इस प्रकार मन में अनकानेक तर्कना कर जुझारसिंह रनिवास में चले गये और रानी से कहा-"राजमहिषी ! सुनो मैं क्षत्रिय का बच्चा हूं और तुम क्षत्रानी हो । क्षत्री का बच्चा अपमान नहीं सह सकता । तुम्हारे चालचलन और व्यवहार में सामन्तों को शंका हुई है, इस कारण आज्ञापालन हेतु तुम एक ज्योनार करो और

हरदौल को उसमें न्योता देकर बुलाओ और उसे विष मिला हुआ भोजन खिलाओ—मैं इस पापी, नराधम से उऋण होऊँगा, आज वह अपने पापों का फल पावेगा"। राजा को इस प्रकार क्रोधित जान रानी अति विस्मित हुईं और उनके कोप का कारण पूछा; पर राजा ने गोल मोल उत्तर दिया। रानी बड़े संकोच में पड़ीं, पर पति आज्ञा का पालन श्रेष्ठ धर्म जान कर उन्हीं के आज्ञानुसार किया। यद्यपि रानी ने यह निर्धारित कर लिया था कि पति-आज्ञा का पालन आवश्यक है, पर मन ही मन हरदौल की मृत्यु को स्मरण कर अपने ही को उस का कारण समझ मन में बारम्बार धिक्कारती रहीं—

१०—अनेक प्रकार का विचार करते हुए रानी ने नाउन को बुला कर कहा—"जाओ लल्लाजू से कह आओ कि आज महलों ही में भोजन करें।" उधर रानी ने तो दासी को भेज हरदौल को बुलवा भेजा और इधर अनेक प्रकार के भोजन तैयार करवाने में लगीं। थोड़ी देर में सब भोजन तैयार हो गया, हरदौल भी महल में आ गये। रानी ने आसन पर बैठा कर परोसने की आज्ञा दे दी। हरदौल ने जब रानी को तन, छीन, मन मलीन

देखा तो बड़े प्रेम से पूछा –"भाभी जी ! आज आप इतनी उदास क्यों हैं ? कहिये किसने आप को दुःखित किया है ?" रानी ने करुण स्वर से कहा "लल्लाजू ! पति के जीते हमें कौन दुखी कर सकता है पर जब बिधाता ही टेढ़ा होगया तो अब मैं किसकी सहायता ले सकती हूं ।" इस गोल मोल उत्तर से हरदौल ने फिर पूछा–"भाभीजी ! यद्यपि आप दुःखी हैं पर मुझे दुख का कारण तो सुनाइये । इस पुत्र पर कृपा करिये और इसके प्रश्नों का उत्तर शीघ्रही दीजिये ।" देवर के इस प्रकार पवित्र प्रेम को देख कर रानी से न रहा गया । उन्हों ने करुणोत्पादक स्वर से जिसप्रकार कहा है उसका वर्णन यों है:—

हे लल्लाजी * आर्यपुत्र के
    बचन, लगे हैं बाण समान ।
हे प्रिय सहे नहीं जाते हैं,
    नाहिं कढ़त यह पापी प्रान ॥ १ ॥
इस छत्रानी के आँचल पर
    लगना है कलंक हे लाल ।
सहज पुनीत प्रेम होता है

---

* बुँदेलखण्ड की औरतें देवर को "लल्ला" पुकारती हैं ।

हाय ! तुम्हारा अद्भुत-काल ॥ २ ॥
यही अभागिन अहै काल तुव
याभे कछु भी नाहिं सन्देह ।
शूर बीर सामन्त छली सब
छुड़ा रहे मम गाढ़ा नेह ॥ ३ ॥
मेरे पति क्षत्रिय के बालक,
याते उनको क्रोध महान ।
जाते नहिं सह सके शब्द वे
नीच महा जो काढ़े प्रान ॥ ४ ॥
महलों में तुमको अवलोकन
कर जलते थे सब सरदार ।
चुगली खा राजा से प्यारे !
नाव डुबोई नदी मँझार ॥ ५ ॥
यह भोजन जो धरा सामने
इसमें है विष मिला अथोर ।
खाते ही तुम मर जाओगे,
जग में याते पाप न घोर ॥ ६ ॥
हे प्यारे ! हरदौल हमारी
चूक क्षमा करना हे तात ।
इस पापिन ने खिले फूल पर
हाय किया कैसा आघात ॥ ७ ॥
हे बिधिना ! यह पापिनि रानी,

तुझको भजती बारम्बार ।
नहीं पठाता यदि तू इसको
पावन भारत भूमि मँझार ॥ ८ ॥
हा ! यह घटना भारत भर में,
कही जायगी सब के बीच ।
"रानी ने देवर को मारा,
विष देकर, थी पापिनि नीच ॥ ९ ॥
नीच कैकयी जिस प्रकार से
पूजी जाती हिन्द मँझार ।
भारतवासी हाय ! मुझे भी
'नीच' कहेंगे बारम्बार ॥ १० ॥
हे पृथ्वी माता तू फट जा,
होऊँ तुझ में मैं बस लीन ।
जाते मैं नहिं नीच कहाऊँ
पापिनि अरु मतिमन्द मलीन ॥ ११ ॥
पतिआयुस पालन करिकै मैं
अपना रक्खूँगी अभिमान ।
धर्म हाय ! पूरन करने में
तेरी ले लेती हूं जान ॥ १२ ॥
देवर हे हरदौल पियारे !
करना होगा भोजन आज ।
जाते मान प्रतिष्ठा कुल की

रहे जगत में मेरी लाज ॥ १३ ॥
वज्र हृदय करि यह पापिनि अब
सम्मुख रखती है यह थाल।
जाते सुरपुर जाय बसोगे
भोजन करतेही तत्काल ॥ १४ ॥
धर्म और लज्जा हित प्यारे
तुम से करती ऐसी बात।
मेरे मान प्रतिष्ठा कारन
करलो विष-भोजन हे तात ॥ १५ ॥
वीर धीर छत्री वीरों ने
दिये धर्म हित अपने प्रान।
जाति वंश मर्य्यादा कारन
मन में केवल करके ध्यान ॥ १६ ॥

११—रानी के इन हृदयविदारक शब्दों को सुनकर हरदौल कुछ विचलित हुए, पर रानी को बहुत समुझाय विविधि भाँति की बातें कहने लगे। हरदौल ने रानी से कहा—"भाभीजी "हानि लाभ जीवन मरन, यश अपयश विधि हाथ" के अनुसार आप वृथा शोक करती हैं। हम लोगों का अन्तःकरण शुद्ध है, फिर किस का डर "साँच को आँच नहीं" के अनुसार मैं बिष भोजन करूँगा। मैं अपनी सौगंध आपको देता हूं यदि

आप नाम मात्र का भी शोक मेरे लिये करें। हम क्षत्री के बच्चे हैं, वीर कार्य्य करना हमारा स्वाभाविक धर्म है । जाति, और वंश की मर्य्यादा के कारण क्षत्री का बालक प्राण देने में यदि नाम मात्र भी दहिने बाँये हो तो वह सच्चा क्षत्री नहीं है। हमारे बिष भोजन में कई लाभ होंगे प्रथम तो बड़े भाई की शंका दूर होगी, दूसरे आप की मान मर्य्यादा रहेगी, तीसरे हमारा क्षत्रियपन अजर अमर होगा। इस कारण इन सब बातों का बिचार कर आप वृथा हृदय में ग्लानि न करें। जब सब को एक दिन मरना है, फिर मान सहित दूसरे का लाभ कर क्यों न मरें। यदि यह अनित्य शरीर दूसरे के काम में आजाय तो इससे बढ़कर और क्या हो सकता हैं। क्षत्रिय का शरीर परोपकार ही के लिये बना हैं। जननीजन्मभूमि, विप्र, गौ और अबलाओं का मान रक्षण करने के लिये ही क्षत्रिय के बच्चे इस भारत में आते हैं।

१२—इन सब बातों को सुनकर रानी बड़ी घबड़ाईं पर कुलकंलक मिटाने के लिये अपने हृदय को बज्र के समान करना पड़ा, वज्रवत् हृदय कर रानी ने बिषमय थाल हरदौल के सम्मुख कर

दिया और आप खड़ी होकर अश्रुधारा प्रवाहित करने लगीं। कुँवर ने अपने इष्टदेव को प्रणाम किया और गम्भीर स्वर से कहा-" हे संसार के स्वामी, ! हे सर्वव्यापी ! इस भोजन के करने में मैं पाप का भागी नहीं हूं. भाभी की आज्ञा मानकर और बड़े भाई की अनुमति जान मैं यह नीच कार्य कर रहा हूं, अहा ! मैं कैसा भाग्यवान् हूं कि मेरे विष भोजन करने से कुल-कलङ्क मिटता है-ईश्वर ! तुम साक्षी रहना, पृथ्वी माता ! तुम भी इस कार्य को देखती रहना, मेरा इस में कुछ दोष नहीं है। हे प्रभो ! तुमसे भी मेरी यह अन्तिम प्रार्थना है कि तुम उन दुष्टोंपर कृपा दृष्टि रखना जिन्हें कि मुझे जीव रहित करने में सुख हुआ है।" इस प्रकार से अन्तिम प्रणाम कर हरदौल ने सहर्ष बिषमय भोजन का कौर मुँह में डाल लिया। हरदौल के सब स्वामिभक्त सेवकों ने भी वही भोजन किया और सब ने साथ ही साथ सुरपुर पयान किया। उनका परम प्रिय दल-संहार नामी हाथी भी अपने स्वामी के शोक में सुरपुर चल बसा। हरदौल के मरने से राज्यभर में हाहाकार मच गया। और प्रजा वर्ग सब अति शोकित हो विलाप करने लगे।

१३–हरदौल के इस अनुपम और वीरतायुक्त आदर्श कार्य के लिये-बुँदेलखण्ड के नगर २ गांव २ में चबूतरे (चौरी) बनाये गये । जब शाहजहाँ बादशाह ने इस घटना को सुना तो वह वीर और आदर्श, कार्य पर मुग्ध हो गया और अपने राज्य के गाँव गाँव में चबूतरा बनाने की आज्ञा दे दी। बुँदेलखण्ड में कोई ऐसा गाँव नहीं होगा जहाँ कि वीर हरदौल का चबूतरा न बना हो । वीर हरदौल के वंशधर अभी तक बिजना, ढरवई, बड़ागाँव, दादपुर, टारौली मांगमा पहाड़ी, बंक्ता इत्यादि गाँवों में पाये जाते हैं। विवाह के पहिले "हरदी मटमँगरा." और, विवाह के पीछे "पुजैया" में वीर हरदौल के आदर्श कार्य का गाना गाते हैं। उनमें से कुछ ये हैं-

(१) लाला काना से जनमा
लये औ काना लये औतार।
ओड़छे में जनमा लये
हो दतिया लै अवतार॥
कि सुमिरत लाड़ले हो
भौजी के परम अधार।
(२) गाँवन गाँवन चौतरा हो
लाला मोरे देसनदेसननाम !

रैया राजन के हो लाला
मोरे ! भलौ उछारो नाम ।
पाँच बतासा नौ बीरा हो लाला
मोरे जोउ कुँवरको भोग ॥
(३) आँधी वैहर जिन करो हो
लालामोरेहाँथसम्हारोकाज ॥
जीतन पै गाजैं परैं हो लाला
मोरे ! मौर सम्हारो काज ।

बुँदेलखण्ड के गाँव २ नगर नगर में वीर हरदौल का चबूतरा बना हुआ है । देवी और देवताओं की पूजा में नर नारीगण हरदौल-कीर्त्ति बड़े प्रेम से गाते हैं ।

१५-हरदौल की मृत्यु से राज्य के सामन्त लोग अपने २ कामों पर बहुत पछताये और ईश्वर से प्रार्थना करने लगे कि-" हे दीनानाथ ! हम लोग नहीं जानते थे कि हरदौल ऐसा पवित्र निकलेगा । जुझारसिंह की स्त्री पतिव्रता निकलेगी-तू हम पापियों की दुष्टता को क्षमा करना, हे प्रभो ! हम सब ने तो शङ्का मात्र जानकर राजा से दोष प्रगट किये थे पर हा ! परिणाम उलटा ही हुआ ।" कितने सामन्त भी मारे लज्जा के मर गये कि अब जुझारसिंह के सम्मुख मुख दिखा

ना ठीक नहीं। यद्यपि वीर धीर हरदौल इस संसार से चल बसे पर उनके आदर्श कार्य जब तक सूर्य और चन्द्रमा रहेंगे, जब तक जल वायु पृथ्वी और भूमण्डल में वर्त्तमान हैं तब तक प्राणिमात्र की नस २ में रक्त २ में प्रवाहित होते रहेंगे; जब तक आर्य जाति इस भारत में रहेगी तब तक वीर हरदौल उसके हृदय में जमे रहेंगे। वीर हरदौल की वीरता के विषय में और भी कई एक ग्रामीण गान हैं जिनका कि उल्लेख करना परमावश्यक है—

छै महीना के जब भये हो आई कुँवर की आँख।
खाना पीना हम तजे हो ठाढ़े गँवाई सब रात॥
साल भरे के जब भये हो उठे कुँवर के दाँत।
आलीं बसुरियाँ हम भरवीं अरु चुरुअँन अँचये नीर॥
तीन बरस के जब भये हो दौड़े कचारिन जाय।
पाँच बरस के जब भये हो चटसारै पढ़न को जाय॥
कचारिन से राजा चले पहुँचे महलिन आय।
रानी एक बचन मोरी मानियो विषदै मारो हरदौल॥
मोरे राजा भूली बातें जिन कहौ जैसी कहत अजान।
मोरे बचन तुम ना करो तो किले में देहौं चुनाय॥
महलिन से नाउन चली पहुँची कचारिन आय।
मोरी अरज सुन लीजियो लाला भौजी ने नेवतौ करौ तुम्हार
रोय रोय भौजी रसोंई तपी दये भोजन विष मिलवाय।
विषही के लडुवा करै विषही की राँधी खीर॥
महलिन से नाउन चली पहुँची कचारिन आय।

जेंवे को चलिये लाला मोरे हो गई रसोंई तयार ॥
पहिली छींक उठतन भई दूजी गलियन माहिं।
रीती गगरी जो मिली अरु परे साँप मन्त्राय ॥
अगुना सगुना हो चले पहुँचे महलिन आय।
सोने के थार परोसियो रूपे कचुल्लन घीव ॥
जो मैं भइया को बैरी हतो रन में देते जुझाय।
पहलो कौर धरनी धरो दूजो गऊ को ग्रास ॥
अरे मोरे लाला हम तुम संगैं जेंइवे सँग जावैं प्रान।
अरी मोरी भौजी संगैं जैंवो न बनै क्षत्री धरम नसाय।
चन्दन पलकियाँ विछाइयो वाग में देइयौ दाह।
दल सिंगार हाथी मरो घोड़ा मरे पचास ॥
हरदौल को जूठो पनवारो रानी मोको देइयो मंगाय।
ऊनी से दूनी करा दुहरी करौं खुराक ॥
खबर पाय भङ्गी चलो पहुँचो महलिन आय।
नौन खाऔं हरदौल को अब सँगहीं तजिहौं प्रान।

२-राणा संग्रामसिंह और बाबर।

योग्य पुरुषों का इस संसार में बहुत दिनों तक जीवित रहना अति दुर्लभ है। पचास वर्ष तक राज पाट कर के राना कुम्भ वृद्धावस्था को पहुँचे वे सुख पूर्वक अपना समय व्यतीत करते थे। जो राणा कुम्भ, सुख और शान्ति के साथ २ धीरे २ वृद्धावस्था के पथ पर चले जाते थे, उनका पवित्र जीवन एक नीच पिशाची, पापी और कुल घालक के असि घाव से असमय में ही इस असार संसार से चल बसा। यह घटना संबत् १५५२ (सन् १४८६ ई०) में हुई थी । इनके पश्चात् ऊदाजी गद्दी पर बैठे । इनके समय में मेवाड़ के यश मान, और गौरव का ह्रास हुआ। सब सरदार इनके कार्यों से अप्रसन्न थे। जब इनके सब सरदार अलग हो गये तब इन्हें अपने बचाव के लिये और कोई उपाय न सूझ पड़ा, तब स्वार्थ के लिए इन्होंने दिल्ली के बादशाह की

शरण ली पर वे रास्ते ही में विजुली से मर गये। इसके बाद रायमल गद्दी पर बैठे। रायमल मालवा के अधिकारी ग़यासुद्दीन के प्रचण्ड शत्रु थे। इन्हों ने कई बार उसको पराजित किया था जिस से उसको सन्धि करनी ही पड़ी। रायमल के तीन पराक्रमी पुत्र थे। सब से बड़े का नाम साँगा, दूसरे का नाम पृथ्वीराज और तीसरे का नाम जयमल था। यही वीर पुरुष बाबर के प्रचण्ड शत्रु थे। इन्हों ने कई बार उसे पराजित कर राजपूतों के यश की वृद्धि की थी। पृथ्वीराज भी चहुआनपति पृथ्वीराज की तरह बड़े धीर वीर थे। छोटा जयमल भी इन लोगों से वीरता में कम न था। रायमल के ये तीनों पुत्र अति धीर वीर और पराक्रमी थे। यदि ये तीनों मिलकर बड़े से बड़ा काम उठाते तो कदाचित उसको पूरा ही कर छोड़ते। पर ये तीनों जन आपस में प्रायः लड़ा भिड़ा करते थे, जिससे रायमल का चित्त प्रायः दुःखी रहा करता था। घर में अशान्ति की इस विकट मूर्ति को देखकर रायमल ने क्रुद्ध होकर तीनों को राज्य से बाहर निकाल देने का निश्चय किया। संग्राम-सिंह प्रथम ही इस घटना को देखकर भागे। पृथ्वी-राज का स्वभाव अति तीव्र था। इस कारण रायमल

ने उनको राज्य से बाहर चले जाने की आज्ञा दी। छोटा जयमल भी ताराबाई के बिषय में राव-शूरथान द्वारा मारा गया। इस प्रकार तीनों भाई तीन ओर चल बसे।

२–पाठकगण! आइये अब आपको अपने चरित्र नायक राणा साँगा का वृत्तान्त सुनावें। एक दिन पृथ्वाराज और राना साँगा आँगन में बैठ २ अपने चचा सूर्यमल के साथ बातें कर रहे थे कि बीच में साँगा ने धीरे से उनके कान में कहा–"चाचा जी! न्याय से मैं ही मेवाड़ का राजा हूं। दस सहस्र नगरों का अधिकारी मैं ही हूं। पर न जाने आप लोग क्यों मेरा विरोध कर रहे हैं। इस झगड़े का निपटेरा केवल एक प्रकार से होसकता है। आप लोग नाहरा मुगरा की चारण देवी की सेविका के कहने पर विश्वास करें तो सब झगड़ा मिट कर, अन्तिम फैसला हो जाय, यदि आप ऐसा करने को तैय्यार हों तो सब लोग वहीं चलें, परन्तु यह बात पहिले ठीक कर लीजिये कि देवी जिसको पसन्द होकर राज्य का उत्तराधिकारी करेंगी उसीको राजा करना होगा।" साँगा की ऐसी बात सुनकर प्रथम तो सूर्यमल हँसे पर पीछे सबको बुला चारण देवी के मन्दिर की ओर चले। लड़कपन में पृथ्वीराज बड़े चंचल थे पर

साँगा बड़े धीर, वीर और गम्भीर थे। मार्ग में पृथ्वीराज जिधर चाहते उधर ही मृगया के पीछे हो लेते पर साँगा के सङ्ग में कोई बड़ा बूढ़ा होता तो उससे आज्ञा ले तब आखेट करते थे। जब देवी के मंदिर में ये सब लोग पहुँचे तब मन्दिर में पृथ्वीराज और जयमल एक छोटे आसन पर बैठ गये, पर साँगा, तुरन्त एक पड़ा हुआ व्याघ्रचर्म ले देवी को मना, एक कोने में बैठे। देवी से राज के विषय में पूछा गया कि-"वास्तव में राज्य का उत्तराधिकारी कौन है ?" देवी ने साँगा की ओर अँगुली उठाई। इसका यह मतलब लोगों ने निकाला कि राना साँगा ही राजा होंगे। देवी के इस विचार को जान पृथ्वीराज अपने ज्येष्ठ भाई साँगा के ऊपर लपके पर बीच में उनके चचा सूर्य्यमल ने आकर तलवार को रोक दिया।

३-पृथ्वीराज ने क्रोधित हो सूर्य्यमल से लड़ना आरम्भ किया। मन्दिर के भीतर ही घोर युद्ध होने लगा। दोनों ने खूब अपनी वीरता का परिचय दिया। लड़ाई में दोनों को इतने घाव लगे कि रक्त की धारा बहने लगी। जिस प्रकार पर्वतों के अनेक स्थानों से पानी झर झर कर एक जगह एकत्रित हो किसी गढ़े में चूने लगता है, उसी प्रकार

सूर्यमल और साँगा के भी शरीर के कई स्थानों से रक्त निकल कर एक जगह जमा होने लगा। अन्त में उनके शरीर से इतना रक्त निकला कि उनके अंग शिथिल हो गये । साँगा के शरीर में पाँच चार जगह तलवार के घाव लगे थे, और तीर से एक आँख भी उनकी नष्ट हो गई थी । अन्त में साँगा अपना बचाव न जान एक ओर भागे पर इस निस्सहाय अवस्था में भी एक ने उनका पीछा किया। छोटा भाई जयमल भी उनके विरुद्ध था इस कारण उसने अपना घोड़ा साँगा का प्राण लेने के लिए उनके पीछे दौड़ाया । राणा साँगा चतुर्भुजी देवी के मन्दिर की ओर से होते हुए शिवन्ती नगरी में पहुँचे । वहाँ बीदा नामक एक राजपूत से चिल्ला कर साँगा ने सहायता माँगी। साँगा की इस शोचनीय दशा पर उसको दया आई। उसने अपने घोड़े पर से ही साँगा के घावों को देखा। साँगा का हाल वह पूछना ही चाहता था कि साँगा ने अँगुली जयमल की ओर उठाई। देखते २ जयमल ने साँगा के ऊपर आकर वार किया। इस असहाय अवस्था में बीदा ने उनके लिए प्राण देना अपना परम कर्तव्य समझा।

इस शोचनीय दशा में नीच जयमल ने दो तीन साथियों के साथ साँगा पर आक्रमण किया। बीदा से यह न देखा गया, उसने भी म्यान से से तलवार निकाली; और जयमल पर झपटा। इस समय जयमल के साथी भी उस पर टूट पड़े इधर तो सब बीदा को मारने में लगे थे उधर साँगा अवसर पा फिर घोड़े पर सवार हो एक ओर निकल गये। इधर बिचारा बीदा जयमल से मारा गया। बीदा साँगा के लिए मर गया, और उसका अनित्य शरीर चिरकाल के लिए इस संसार से उठ गया पर उसने अपने अनुकरणीय कार्य से अपना नाम अजर अमर कर दिया है। ऐसे पुरुषों को ही वीर कहते हैं। यद्यपि बीदा राना साँगा से अपरिचित था तौभी उस समय राना साँगा की दशा देख कर उसने अपना प्राण देना ही परम कर्तव्य समझा।

४–राना साँगा, जयमल से तो किसी न किसी प्रकार बच गये पर वन वन में भटकते फिरे। संसार का विचित्र नियम है, आज जो पुरुष राजा है वही कल भिक्षुक हो सकता है। जो आज राजमुकुट मस्तक में धारण किये है कल वही कुत्तों और शृगालों के खेलने के लिए एक कौतु-

कमय पदार्थ हो जाता है। हाय! आज काल की कराल गति ने राणा साँगा पर भी आक्रमण किया है। जो राणा साँगा चितौड़ और मेवाड़ के राज्याधिकारी थे आज वही अभाग्य से वन वन एक भिक्षुक से भी गई बीती अवस्था में इधर उधर भटक रहे हैं। इधर पृथ्वीराज ने भी घाव से चंगे हो कर साँगा को ढुँढवाना आरम्भ किया। राना साँगा भय के मारे इधर उधर रात दिन गुफादिकों में पड़े रहते थे। यदि कभी अवसर मिलता तो वन में वृक्षों पर चढ़ पत्तियों तथा फल फूल खा कर अपना दिवस व्यतीत करते थे। काल तेरी महिमा अपार है, आज वही व्यक्ति वन में फल फलादि से उदर परिपूर्ण कर रहा है जिसके पिता ने किसी समय मणि माणिक से जड़ा हुआ राज्य-मुकुट धारण किया था। सत्य है, तेरी महिमा अपार क्यों न हो जब कि साक्षात् देव तुल्य महाराजा रामचन्द्रजी ने ही चौदह वर्ष तक वन में दुःख सहे तो मनुष्य को क्या कहना है। अन्त में कोई उपाय न देख कर राना साँगा ने एक चरवाहे के यहाँ नौकरी कर ली। आज साँगा की भी वही दशा हुई जो इंगलैण्ड के राजा अल्फ्रेड दी ग्रेट की हुई थी। विचारे साँगा, कहाँ राजा,

और कहाँ * अल्फ्रेड दी ग्रेट की तरह गड़ेरिये का काम ?

५-राना साँगा इसी प्रकार थोड़े दिन तक उसके पास रहे। अन्त में कुछ राजपूतों को इनकी वीरता और साहस पर दया आई; क्योंकि यद्यपि थे चरवाहे का काम करते थे तिस पर भी आखेट करने अवश्य जाते। दो चार महीने के बाद कुछ राजपूतों ने चन्दा कर एक घोड़ा खरीदा और दो चार तलवार दे, इस वीर पुरुष को अपना साथी बना लिया। जिन राज-

* डेन्स लोग प्रायः इंगलैण्ड पर हमला किया करते थे। १८७१ ईस्वी में अल्फ्रेड दी ग्रेट वहां का राजा हुआ। यह विचारा जब डेन्स लोगों से हार गया तब इसने एक चालाकी की कि स्वयं एक भेड़ बकरी वाले के यहां नौकरी करली। वह चरवाहा यह नहीं जानता था कि यही उसका राजा है। एक दिन चरवाहे ने रोटी बनाने को कहा। आज्ञानुसार अल्फ्रेड ने रोटी पकाना आरम्भ किया, रोटी आग पर रख दी और खुद हथियारों के विषय में सोचने लगा कि किस प्रकार डेन्स लोगों को हराना चाहिये, इतने में वह रोटी जल गई और चरवाहे की स्त्री ने आकर जली हुई रोटी देख अलफ्रेड को खूब बुरी भली सुनाई। उसने इस प्रकार कहा था- "you will be ready enough to eat them by and by, and yet you cannot bake them, you idle dog अर्थात् ओ कुत्ते! तू उनको धीरे २ गड़प करने के लिए तय्यार है पर उनको देखने के लिए तय्यार नहीं ?

पूतों ने राना साँगा को तलवार दी थी वे सब मिल कर उनको राव कर्मचन्द के पास ले गये, कर्मचन्द भी एक राजा की तरह थे। उनके पास भी बहुत से राजपूत थे। राना साँगा को कर्म्म-चन्द ने अपने दल में रख लिया और खाना पीना देने के अतिरिक्त कुछ मासिक वेतन भी देने लगे राना साँगा प्रायः कर्मचन्द के वीर सैनिक राज-पूतों के संग वन में आखेट खेलने जाया करते थे। एक दिन मृगया से थक कर राना साँगा एक वृक्ष के नीचे सो गये। उनके और साथी एक ओर अपना घोड़ा बाँध भोजन करने लगे। घोड़े भी प्रसन्न होकर घास चर रहे थे। सूर्य भगवान की तीव्र किरणें वृक्ष के पत्तों को भेद कर राना साँगा के ऊपर पड़ रही थीं। इतने में एक सर्प ने आ अपना फन काढ़ राना साँगा के ऊपर छाया की। देवी (खंजन) पक्षी आकर और फन के ऊपर बैठ चिल्लाने लगा। इस शकुन को एक शकुन विचारने वाले पुरुष ने देखा। उसने अपने मन में विचारा कि यह पुरुष अवश्य होनहार है। पक्षी के चिल्लाने से जब राना साँगा की नींद खुली तो सर्पराज भी एक ओर चल दिये। शकुनी ने इस विचार को साँगा से पहिले न कहा, और

जिस प्रकार बड़े२ सम्राटों को प्रणाम करना होता है उसी प्रकार इस शकुनी ने भी उन्हें जाकर किया। साँगा भी विचारशील पुरुष थे, वे ताड़ गये, पर बनावटी रंज से अथवा हँसी से उन्होंने उसको स्वीकार न किया। भोजनादिक के उपरान्त सब गृह की ओर चले। शकुनी का नाम मारू था, इसने सब हाल कर्मचन्द से जाकर कहा। कर्मचन्द ने इस घटना को सत्य जान अपनी लड़की का विवाह साँगा से कर दिया। राना साँगा अब सुख पूर्वक रहने लगे।

६–भाइयों के पारस्परिक लड़ाई का वृत्तान्त जब रायमल ने सुना तो वे अति क्रोधित हुए। पृथ्वीराज को साँगा के मारने के विषय में बहुत धिक्कारा और उसी समय राज्य से चले जाने के लिये कहा। वीर पृथ्वीराज धीरता से पाँच सवारों को सङ्ग ले अपने राज्य से निकले और बालियोह नामक नगर की ओर चले। मार्ग में अपने पास कुछ रुपया न होने से वे और भी दुःख में पड़े। अन्त में पृथ्वीराज ने भेष बदल कर ओझा नामी एक व्यापारी के यहाँ जाकर अपनी अँगूठी बेचनी चाही। ओझा ने उस अँगूठी को पहिचान लिया और उनका नाम पूछा।

पृथ्वीराज ने अपना सब वृत्तान्त कह सुनाया और उसे भी अपने दल में मिला लिया। ओझा दुष्ट मीनाओं के विषय में बहुत कुछ जानता था इसी कारण पृथ्वीराज को उनसे खूब सहायता मिली। मीना लोग अर्वली ही के समीप प्रायः लूट मार किया करते थे पृथ्वीराज ने इनको दबाना चाहा और समयानुसार उन पर आक्रमण कर उनको पराजित भी किया। पृथ्वीराज ने छोटेमोटे मीनाओं को पराजित तो किया पर एक मुखिया को न हरा सके। जिस समय की ये बातें हैं उस समय एक प्रतापी, और अति वलशाली मीना राजा, नदालय नगर में राज्य करता था। पृथ्वीराज ने इसको भी मारना चाहा। ओझा से राय लेकर सब राजपूतों ने जाकर उस राजा के यहाँ नौकरी की। सब राजपूत लोग राजा के यहाँ सैनिकों की भाँति रहने लगे। राजा के यहाँ एक बड़ा भारी त्योहार अहेरिया महोत्सव होता था। इसमें सब मीना लोग स्वच्छन्दता पूर्वक अपने भाई बहिनों और कुटुम्बों से मिलने जाते थे। पृथ्वीराज को यह अच्छा अवसर प्राप्त हुआ। अहेरिया महोत्सव में सभी मीना अपने घर वालों से मिलने गये। पृथ्वीराज अपने राजपूतों को सङ्ग ले नगर से बाहर

निकले और शीघ्र ही सब राजपूतों को एकत्रित किया और मीनाओं का सब अत्याचार उनसे कह सुनाया और उन पर आक्रमण करने के लिये कहा। सब लोग राज़ी हो गये। पृथ्वीराज की आज्ञा पाते ही सब राजपूत, मीनाओं के बचे खुचे सैनिकों पर टूट पड़े। मीना का राजा घोड़े पर चढ़ के भागा। नगर में घोर युद्ध होने लगा। सभी मीना भाग गये। पृथ्वीराज ने भागे हुए राजा का पीछा किया और उसे मार डाला। इस प्रकार मीनाओं को राज्य से बाहर कर उस प्रांत को अपने अधिकार में कर लिया। मीनाओं से रायमल प्रायः बड़े दुःखी रहा करते थे। इस कारण इस घटना से वे बड़े प्रसन्न हुए और पृथ्वीराज को पुनः बुला लिया। जयमल भी मर चुके थे। इस कारण राज पाने में उनको किसी प्रकार का विघ्न न पड़ा। साँगा तो वन ही वन घूम रहे थे। जयमल किस प्रकार मरे यह कथा बहुत ही बड़ी है अतएव उस का उल्लेखन यहाँ न कर मैं पुनः साँगा के विषय में लिखूँगा कि उन्होंने किस प्रकार राज्य पाया और पृथ्वीराज किस प्रकार मारे गये।

७—गोद्धार राज का उद्धार करने और दुष्ट मीनाओं को वश में करने से, पृथ्वीराज का यश

चारों ओर फैल गया। जिस तारा का विवाह जयमल से होने को था, वही तारा पृथ्वीराज के ऊपर मुग्ध हो गई। पर वह अपने प्रण से न टली। उसने पृथ्वीराज को भी कहला भेजा कि-"हमारे दुष्ट शत्रुओं को जो तोड़ातक से निकाल बाहर करेगा वही मेरा स्वामी होगा"। तारा की इस प्रतिज्ञा को सुन वे हर्षित हुए और वेदनोर की ओर चले। रावशूरथान ने उनका आदर स्वागत किया और अपने यहाँ भली भाँति टिकाया। सुन्दरी तारा ने पृथ्वीराज की ओर पृथ्वीराज ने तारा के सुन्दर मुख को भली भाँति देखा। पृथ्वीराज अति शूरवीर पुरुष थे। इस कारण उन्होंने राव शूरथान जी से कहा "आप किसी प्रकार की चिन्ता न करैं मैं अवश्य आपके शत्रुओं को मारूँगा।" इसके बाद पृथ्वीराज तारा से एकान्त में मिले। तारा से उन्हों ने कहा-"देखो सुन्दरी! मेरी आशा धूलि में मत मिलाना। केवल मैं तुम्हारा ही प्यासा हूं।" तारा ने उत्तर दिया-" वीर वर! राजपूत वीरता का परिचय दीजिये तब मुझको ग्रहण करिये। मैंने भी दृढ़ चट्टान के सदृश यही व्रत किया है कि जो उसको पूर्ण करेगा वही मुझको प्राप्त करेगा'। पृथ्वीराज अवसर की ताक में

बैठे थे। अवसर भी मिल गया। वीर नारी तारा भी पृथ्वीराज के संग धनुषबाण लेकर चली।

८—पृथ्वीराज वीर तारा के संग तोड़ातक नगर में पहुँचे। और ताज़िया निकालनेवालों पर टूट पड़े। दोनों ओर से वीरगण खनाखन् तलवारें चलाने लगे। ताजियावालों के संग ये लोग राज महल तक पहुँच गये थे। इस कारण इन्होंने सेनापति को भी तीर से घायल कर मार डाला। मारते काटते ये लोग दुर्ग के फाटक पर पहुँचे। पर उसके भीतर प्रवेश न कर सके। एक मस्त हाथी फाटक पर रास्ता रोके खड़ा था। वीर नारी ने एक तीर हाथी की सूँड में मारा। तीर लगते ही हाथी चिंघाड़ता हुआ भागा। मुसलमानों ने अन्तिम साहस से पुनः आक्रमण किया। पर राजपुतों द्वारा वे हटा दिये गये। अन्त में पृथ्वीराज विजयी होकर घर लौटे और अपनी वीरता के परिश्रम में तारा को पाया। इसके बाद पृथ्वीराज को अपने चचा सूर्यमल से भी युद्ध नहीं करना पड़ा क्योंकि अन्त में पृथ्वीराजही विजयी हुए थे। परन्तु इसके बाद दूसरा उपद्रव खड़ा हुआ जिससे उस विचारे के प्राण जाते रहे। पृथ्वीराज की बहिन सिरोही के महाराज के साथ

ब्याही हुई थी। महाराज का चरित्र ठीक न था। वे नशेबाज थे। कभी २ नशे में वे अपनी स्त्री को बहुत मारते थे। जिस से पृथ्वीराज बड़े अप्रसन्न रहते थे। कभी २ वे अपनी स्त्री को इतना मारते कि वह बेहोश हो जाती थी। अन्त में पृथ्वीराज की बहिन ने एक पत्र लिखा। पत्र पाते ही वे दौड़े आये। आते ही द्वार बन्द पाया, इस कारण सीढ़ी लगा, दीवार पार कर एक बारगी वे उनके शयन-गृह में चले गये। वहाँ पहुँच कर भाग्य वश उन्होंने अपनी बहिन की दशा अपनी आँखों देखी। वह भूमि पर पड़ी थीं दुःख के कारण अति दुर्बल हो गई थीं। भाई को देख वह रोने लगीं। पृथ्वीराज ने उन्हें धीरज धराया। उसी समय महाराज भी गृह में आये। पृथ्वीराज ने अवसर पा उनको धर दबाया और गला दबा कर उनपर चढ़ बैठे। अपने पति को इस दशा में देख, उनकी बहिन ने हाथ जोड़ कर कहा—"प्यारे भाई! मैंने राँड़ होने के लिये आपको नहीं बुलाया है, पति को जीवन-दान दीजिये।" महाराज भी जीवन-दान के लिये प्रार्थना करने लगे। पृथ्वीराज ने कहा "यदि आप मेरी बहिन को अब किसी प्रकार का कष्ट न दें तो मैं आपको छोड़ दूं, नहीं तो इसी जगह स्वर्ग को

पठाऊँगा।" महाराज ने उनका कहना स्वीकार किया। इसके बाद दोनों एक दूसरे के बड़े मित्र हो गये। पर हाय! इस मित्रता ने बड़ा अनर्थ किया। महाराज के नीच भाव को पृथ्वीराज न जान सके। उन्होंने उनके साथ विश्वास घात किया।

९—आनन्द प्रमोद में पृथ्वीराज अपने बहनोई से जुदा हुए, महाराज ने थोड़े से लड्डू जल पीने के लिये उन्हें भेजवा दिये। जिसे पृथ्वीराज ने सहर्ष ग्रहण किया। पृथ्वीराज को यह स्वप्न में भी अनुमान न था कि दुष्ट. नीच और पापी बहनोई ऐसा काम करेगा। शङ्का रहित पृथ्वीराज ने कमल मीर के पास पहुँच कर उनमें से कई एक लड्डू खाये। थोड़ी देर में उनका शिर घूमने लगा। शरीर में पीड़ा बढ़ती गई। अन्त में उनका समस्त शरीर शिथिल होगया आँखों के सामने अँधेरा छा गया। वे किसी प्रकार देवी माता के आँगन में पहुँचे। वहाँ से फिर वह उठ न सके। तारा को भी सूचना दी गई, पर तारा के आते ही आते वीरवर पृथ्वीराज का प्राण पखेरू उड़ गया। भारत का एक महान पुरुष चल बसा! विराट् सितारा चिरकाल के लिए अस्त हो गया! वीर की

वीरता पर प्रकृति ने भी दो बूँद आँसू गिराये। जब रायमल को पुत्र के मरने की ख़बर मिली तो शोक के मारे उनसे भी न रहा गया। सब राना के लिये चिल्ला कर सिरोही के महाराज को धिक्कारने लगे। अन्त में उनकी क्रिया कर्म कर, सरदारों ने राना साँगा को ढूँढ़ ढाँढ़ कर राजगद्दी पर बैठाया। जिसने अपने आचार, व्यवहार और जीवन से दिखला दिया कि वीरता शब्द का मान किस प्रकार करना चाहिये।

१०–राना साँगा का वास्तविक नाम संग्रामसिंह था पर वे "साँगा" कह के पुकारे जाते थे। गद्दी पर बैठते ही उन्होंने मेवाड़ की खूब उन्नति की। कई सामन्त, रावल और राजा लोग इनके अधिकार में आ गये। मारवाड़ और अजमेर के नृपति उनको कर देते थे और उस समय पर युद्ध के लिये अपने समस्त सैनिकों सहित आ पहुँचते थे। ग्वालियर, अजमेर, सीकरी, रायसिन कालपी, चन्देरी, बूँदी, गागरोन, रामपुर और आबू आदि के समस्त राज्य इनके अधिकार में सामन्तों के सदृश थे। राना साँगा सम्वत् १५६५ (सन् १५०६ ई०) में सिंहासन पर बैठे। कवियों ने इनकी बड़ी प्रसंशा की है इन लोगों ने राना

साँगा को मेवाड़ गौरव का कलस बताया है। उन्होंने गद्दी पर बैठते ही कर्मचंद को अजमेर का राज्य दिया। इन्होंने राज्य के भीतरी झगड़ों को भी ठीक कर लिया। वे युद्ध में अति निपुण और कुशल थे ही इस कारण तैमूर बंशीय राजाओं को अट्ठारह बार पृथक २ लड़ाइयों में पराजित किया। एक बार दिल्ली के बादशाह ने स्वयं साँगा का सामना किया पर उनको भी हार कर भागना पड़ा। घटोली की भयानक लड़ाई में राजपूतों ने, बहुत मुसलमान मारे और एक शाहज़ादे को भी क़ैद कर लिया। इस प्रकार सब शत्रुओं को परास्त कर के साँगाजी ने बयाने के पास पीलखाना नामी नाले को अपनी अन्तिम सीमा ठहराई।

११–राना साँगा ने अपने राज की सीमा इस प्रकार स्थिर की थी। उत्तर में बीना के पास बहने वाला पीलखाना नाला, पूर्व में सिन्धु नदी, दक्षिण में मालवा प्रान्त, और पश्चिम में मेवाड़ की दुर्गम पहाड़ियाँ। इस प्रकार सब ठीक ठाक कर राणा संग्रामसिंह गौरव की सर्वोच्च सीढ़ी पर पहुँच गये। इतने में बाबर ने पश्चिम ओर से भारत की पुण्य भूमि में पदार्पण किया। भारत

भूमि अनार्यों को अपने ऊपर पदार्पण करते हुए देख सहसा काँप उठी, इसकी उन्नति रुक गई। संवत् १५८३ में बाबर ने उजबक तातारियों और मुलतान के सूबेदार की सहायता से बारह सहस्र धनुर्धारी और एक तोपखाने के साथ भारत भूमि पर चढ़ाई की और पानीपत के निकट इब्राहीम लोदी की एक लाख सेना का मुक़ाबला किया। यद्यपि बाबर के पास सैनिक कम थे पर वे विजय की इच्छा रखते थे। इधर इब्राहीम लोदी की सेना रुपये और पेट के लालच से लड़ती थी। मोग़लों के घोर आक्रमण को पठान लोग न रोक सके। अन्त में विजय लक्ष्मी बाबर के हाथ आई। इब्राहीम लोदी अपने एक लाख सैनिकों के साथ रणस्थल में मारा गया। अन्त में दिल्ली बाबर के हस्तगत हुई। दिल्ली के सिंहासन पर बैठते ही उसने ईश्वर को धन्यवाद दे कहा—"ऐ खुदा वन्दे ताला! यह फ़तह मेरी नहीं है बल्के तेरी ही है। तेरी ही शफ़क्क़त की बदौलत यह नसीब हुई है।"

१२-दिल्ली पर विजय प्राप्त करने के उपरान्त बाबर ने समस्त भारत वर्ष को विजय की लालसा से बहुत से सैनिकों को एकत्रित करना आरम्भ

किया। बाबर को इस प्रकार बढ़ते देख साँगा ने उसको निकालने का विचार कर दिल्ली पर चढ़ाई की। उस समय प्रायः समस्त राजस्थान के राजा लोग राना साँगा की ओर थे। बाबर बड़ा साहसी था। इस बार सिंह सिंह का सामना हुआ। दोनों के पास एक से एक बढ़ कर शूर वीर लोग थे। यद्यपि बाबर के पास कट्टर तातारी लोग थे पर साँगा के राजपूत भी उनको नाकों चने चबवाने वाले थे। राणा साँगा के कट्टर राजपूतों को अवलोकन कर बाबर के सैनिक हतोत्साह होगये। उसके सैनिक, और स्वयं बाबर इतना डर गया था कि उसने दुःख के साथ अपने बिचारशील मंत्रियों से कहा—"इस मुसीबत के वक्त में क्या हिम्मत बँधाने वाली बातें कहने वाला एक भी शख्स साथ नहीं है ?"

१३--फ़तहपुर सीकरी के लम्बे चौड़े मैदान में बाबर के तातारियों और राजपूतों का सामना हुआ। जिस प्रकार भूखा बाज़ चिड़ियों के ऊपर जी छोड़ टूटता है, उसी तरह राजपूत तातारियों पर टूट पड़े। तलवारों की खनखनाहट और बरछों की चोट से लड़ने वाले भूमि पर गिरने लगे। दोनों पक्षों के चिल्लाने से एक विचित्र ध्वनि उत्पन्न

हो आकाश को कंपायमान करने लगी। एक दूसरे को भूखे चीतों के सदृश फाड़ने लगे। असि विद्या में राजपूतों का कोई क्या कर सकता है? केवल तलवार ही से हज़ारों तातारी टुकड़े २ हो गये। बाबर की तोपों से एक ही स्थान पर से कितने ही राजपूत मरने लगे। पर राजपूत मारते काटते तोपों तक भी पहुँच गये और उन्हों ने तोप चलाने वालों को मार डाला और उनकी तोपें भी छीन लीं। युद्ध के अंत में राना साँगा की जीत हुई। संवत् १५८४ (सन् १५२८) कार्तिक कृष्ण पञ्चमी को बाबर के १५०० तातारियों को साँगा ने बुरी तरह से हरा कर भगा दिया। तातारी प्रायः सभी मारे गये जो थोड़े से भाग कर बच गये; वे बाबर के पास पहुँचे और राजपूतों के युद्ध विद्या की बड़ी प्रशंसा करने लगे और आगे न लड़ने के लिये भी कहा। बाबर ने जब सुना कि उसके सब सैनिक मारे गये तो वह घबड़ाया और उसके बड़े २ वज़ीर आज़मों ने भी धीरता की पगड़ी उतार दी। सैनिक भी निरुत्साह हो हिम्मत हार बैठे। अतएव अपने बचाव के लिये बाबर ने शीघ्रही एक गहिरी खाई खुदवाई और तोपों का मुँह शत्रुओं की ओर फेर, वह सावधानी से चुपचाप वहाँ पर बैठ रहा।

बाबर ने फिर दो सहस्र मुग़लों को लड़ने के लिये भेजा जिसको साँगा के एक समूह ने काट कर साफ़ कर दिया। केवल थोड़े से लोग भाग कर बाबर के पास पहुँचे जिन्हों ने साँगा की सेना के और भी भयानक समाचार सुनाये जिस से बाबर के सब साथियों का साहस टूट गया। इस समय बाबर भी बहुत घबड़ाया पर पुनः धीरज धर सब काम करने लगा। धन्य है बाबर तेरे साहस को! और बलिहारी है तेरी दृढ़ता को! इस समय भी उपस्थित विपत्ति से छुटकारा पाने के लिये उसने धैर्य्य और गम्भीरता का अवलम्बन किया और तुरन्त शत्रुओं से बचने के लिये उचित उपाय सोच; खाई के चारो ओर गोलन्दाज़ों को प्रति क्षण तैयार रहने के लिये कहा और कुछ मुगलों को नंगी तलवार लेकर ख़बरदारी करने के लिये आज्ञा दी। अपने सब सैनिकों को निरुत्साह देखकर बाबर बड़ा घबड़ाया। उसको चारों तरफ सिवाय विपत्ति के और कुछ भी न दिखाई पड़ी। वह प्रतिक्षण राना साँगा की डरावनी सूरत देखने लगा। इसी घोर आपत्ति में एक तातारी ज्योतिषी ने भी बाबर के हार जाने के बिषय में कहा।

१४-ज्योतिषी के इस अपशकुन को सुनकर बाबर बड़ा चिंतित हुआ। वह जितना ही ज्योतिषी के वाक्यों पर विचार करता उतनाही अधिक चिन्तित होता। अपने सैनिकों को निरुत्साही देख कर वह और भी घबड़ाता। शोक करते २ बाबर को पंद्रह दिन बीत गये पर कोई उपाय दृष्टिगोचर न हुआ। अंत में बाबर ने सब उपायों से हार मान कर तुच्छ मनुष्य शक्ति का भरोसा छोड़, ईश्वर शक्ति से अपना काम निकालना चाहा; उसने अपने पापों से प्रायश्चित होने की घोर प्रतिज्ञा की कि "अब मैं शराब नहीं पीऊँगा।" बाबर के पास जितनी शराब थी वह सब उसने फिकवा दी। इस घटना को जब सैनिकों ने देखा तो वे और भी उत्साह रहित हो गये। अंत में सब सैनिकों को उत्साहित करने के लिये बाबर ने मुसलमानी धर्म की दुहाई देकर उनमें जोश भरने की चेष्टा की। उसने एक सभा की जिसमें सभी बड़े बड़े लोग आ उपस्थित हुए। बाबर ने सब को सुनाकर कहा—"मेरे भाइयो! क्या हम लोगों की मिहनत और मुसीबतें फ़ुजूल जायँगी। अफ़गानिस्तान के पहाड़ों पर जितना हम लोगों ने मुसीबत झेला है क्या वह तुम्हे याद नहीं! हिंदुस्तान

को फ़तह करने में जो २ तकलीफें उठाई हैं क्या वे सब योंही निकल जायँगी। हिंद फ़तह करने में कितने मुग़ल मारे गये थे, क्या यह सब भूल गये? अब जिस काम को उठाया है उसको तो पूरा ही करके छोड़ना चाहिये। साँगा से इस प्रकार कुत्तों की मौत मरना और सियारों की तरह मैदाने जङ्ग से भागना कितनी भारी बेइज्ज़ती है। सभी हँसेंगे कि सब काम पूरा कर कराके थोड़ी सी तकलीफ के लिये उसे छोड़ दिया। इसलिये आज मैं वादा करता हूं कि जब तक इन राजपूतों को न हरा लूँगा शराब न पीऊँगा।"

१५-तदुपरान्त उसने सब को आज्ञा दी कि वे अपना २ शराब पीनेवाला चाँदी का वर्तन ले आवें। वर्तन ले आने पर उसने उनको टुकड़े २ करवा डाला और तब सरदारों से कहा "ये सब गरीबों को बाँट दिये जाँय।" आज्ञा पाते ही सब ने ऐसा ही किया। इसी प्रकार अमीर उमरा सब मिला के केवल ३०० लोगों ने बाबर का अनुकरण किया। बाबर के पास जो बची खुची मदिरा थी वह भी एक जगह गिरा दी गई और उसका सिरका बना कर पिया गया। जिस स्थान पर मदिरा गिराई गई उस स्थान पर पत्थर का एक खोखला स्तम्भ

और ग़रीब खाना बनाने की आज्ञा दी। बाबर ने अपने साथियों से यह भी कहा कि " मैं मुसलमानों से राज-कर नहीं लूँगा।" इन उत्साह भरे वाक्यों से सेनापति लोग भी कुछ उत्साहित हुए। अपने सैनिकों और सेनापतियों के डर को कुछ कम हुआ जान बाबर ने हर एक के हाँथ में कुरान देकर कहा–"इस पाक किताब को छूकर क़स्में खाओ, और वादा करो कि या तो हम मैदाने जङ्ग में लड़कर बहादुरों की मौत मरेंगे या फ़तह हासिल करेंगे।" उसने अपने सब अनुयायी लोगों को बुलाकर कहा–"प्यारे बहादुरो! इस दुनिया में जो आया है उसे एक न एक दिन मौत के सामने अपना सिर झुकाना ही पड़ता है। जब हम लोग इस दुनिया से चले जायँगे तब फिर क्या होगा। यह दुनिया एक मुसाफिर खाना के समान है; भारी मुसाफिरत से निकल कर जो कोई यहाँ तक पहुँचता है उसे एक न एक दिन बिदा होना पड़ता है। पर क्या इससे यह समझना चाहिये कि आदमी की ज़िन्दगी का कुछ भी वसूल नहीं है? जानवरों की तरह हमेशा क़ाहिली में पड़े रहने ही के लिये क्या ख़ुदा ने आदमियों को इस दुनिया में भेजा है? ग़ौर करके देखो कि

ख़ौफ़ और बदनामी से दबे हुए सर को लेकर ज़िंदगी रखने के अलावा इज्ज़त के सँग सर पर ताज रक्खे हुए मरना अच्छा है। ओह! यह ज़िंदगी चली जाय कुछ परवाह नहीं, इसकी कुछ ज़रूरत नहीं; पर दुनिया में रहना तो शान से। खुदा ने जब हमको इस मुसीबत में डाला है तब ज़रूर हम लोग फ़तह पाकर इस मुसीबत से निकलेंगे। मैं वादा करता हूं कि मैं दुश्मनों को उनके कामों का वाजिब फल चखाऊँगा; अगर ऐसा न कर सका तो वहीं जान दे दूँगा। तो आवो, हम लोग ख़ुदा का नाम लेकर वादा करें कि—"चाहे कुछ हो लड़ाई में दुश्मनों को पीठ न दिखावेंगे, जब तक इस जिस्म में जान है तब तक कोशिश करने से कभी नहीं हटेंगे।" बाबर के इस उत्साहयुक्त वक्तृता को सुन सभी अमीर उमरों और सेनापतियों के रक्त में एक नवीन शक्ति का संचार हुआ। सब ने कुरान लेकर बाबर के कथनानुसार शपथ खाई। सैनिकों को इस प्रकार उत्साही देख कर बाबर ने तुरंत ही कूँच की आज्ञा दी।

१९—बाबर की सब सेना एक कोस तो बराबर बेरोक टोक चली गई, पर वह आगे एक पग भी न बढ़ सकी। दल के दल राजपूत नंगी तलवार

निकाले तातारियों पर टूट पड़े। इस बार भी बाबर के बहुत से सैनिक मारे गये। विवश हो बाबर को उसी जगह पड़ाव डालना पड़ा। उसने चारो तरफ फिर कुन्दों के ढेर और गढ़े खुदवाये और उसी स्थान में छिप कर बैठ रहा। राना साँगा ने अपने शत्रुओं को इस दुर्दशा में देखकर उस पर आक्रमण करना न चाहा। कष्ट में पड़े हुए शत्रु पर निस्सहाय अवस्था में आक्रमण करना नीति विरुद्ध समझा, परन्तु इस नीति के पालन करने में राना की एक बारगी हानि ही नहीं हुई, पर एक दम पासा पलट गया। शत्रु पक्ष के सामने देर तक घेरा डाले रहने का परिणाम यह हुआ कि साँगा के सलेदी और लैचा नामी दो भारी सरदार बाबर से जा मिले। चारण रामनाथ रत्नू ने अपने राजस्थान" इतिहास में लिखा है कि:—"केवल विलम्ब करने से ही सलेदी सरदार की बाबर से मिलावट हुई। जिस समय दोनों सेना आपस में भिड़ी उस समय थोड़ी ही देर में सलेदी अपनी समस्त तीस सहस्र सेना के साथ बाबर की ओर होकर राना साँगा की सेना पर टूट पड़ा। राना साँगा, कई राजा और सहस्रों मनुष्यों के मारे जाने पर यह सोच करके कि इस समय न जाने कौन २ मुझसे पलटे हुए हैं रणस्थल को

छोड़ भागे। डूंगरपुर के रावल उदयसिंहजी दो सौ भाई बेटों के साथ, सलूम्बर के रत्नसिंह जी तीन सौ चूण्डावतों के साथ, मारवाड़ के कुंवर रायमल्लजी, खेतसीजी और रत्नसीजी मेड़तियों के साथ, राव रामदासजी सोनगरा, ऊजो जी झाला, गोकुलदास जी पँवार और माणिकचन्दजी तथा चन्द्रभानजी चौहान ये साँगा के मुख्य २ सरदार काम आये। इनके अतिरिक्त हसनखां मेवाती और एक दिल्ली के लोदी घराने का शाहज़ादा व साँगा के दो मुसलमान सरदार भी इसी लड़ाई में काम आये। कर्नल टाडने भी इसके विरुद्ध लिखा है। टाड साहब लिखते हैं कि "साँगाजी ने जो लड़ाई करने में विलम्ब किया सो बड़ी भूल की क्योंकि शत्रुकी सेना के सम्मुख कई दिन सेना पड़ी रहने में प्रायः ऐसा हुआ कि राजपूत राजाओं का कोई न कोई सरदार वा कोई बड़ा अधिकारी दूसरे पक्षवालों से जा ही मिला" साहब का लिखना यह बहुत ही ठीक है। राना साँगा को भी इस दुःख में पड़कर तीन तेरह होना पड़ा यहाँ तक कि इस अणुमात्र भूल के कारण क्षत्रियों का गौरव दिवाकर डूब गया।

३–शिवाजी का दुर्ग विजय ।

कपटाचारी औरंगजेब ने कितनाही चाहा कि शिवाजी को अपने चंगुल में लावें परन्तु वह न ला सका। अंत में उसने वीर श्रेष्ठ महाराज जयसिंह को भेजा, पर शिवाजी राजपूत वीरगणों से नहीं लड़े; क्योंकि देवी ने उनसे कहा था कि तुम हिन्दुओं के विरुद्ध, कृपाण मत उठाना । जयसिंह ने संधि स्थापन के विषय में शिवाजी को बहुत समझाया, पर शिवाजी संधि के विषय में अपनी सम्मति कुछ भी नहीं देते थे, पश्चात् जयसिंह के आग्रह से शिवाजी अश्रुपूर्ण लोचन हो बोले "धर्म्मात्मन् ! आपका ही कहना सार्थक हो मैंने आत्मसमर्पण किया, अब आप से युद्ध नहीं करूँगा, वीर श्रेष्ठ ! जो कभी स्वाधीनता प्राप्त होगी तो फिर एक बार आप से मिलूँगा और एक दिन आपके चरणों के समीप बैठ कर उपदेश ग्रहण करूँगा ।"

२–शीघ्रही सन्धि स्थापन होगई । शिवाजी ने मुग़लों से जितने दुर्ग छीने थे, वे सब लौटा दिये। जो देश उन्होंने मुग़ल सम्राट् को दिया, उसके बदले में बीजापुर राज्य के कई एक देश सम्राट् ने शिवाजी को दे दिये और शिवाजी का आठ वर्ष का बालक, राजकुमार शंभाजी पाँच हज़ार का मनसबदार नियत हुआ । शिवाजी से युद्ध समाप्त होने पर राजा जयसिंह ने चाहा कि बीजापुर के राज्य को तहँस नहस करके उसको दिल्लीश्वर के राज्य में मिला लें। शिवाजी के पिता ने जो शिवाजी और बीजापुर के राजा के बीच में संधि स्थापन करादी थी शिवाजी ने उसका उलंघन नहीं किया, परन्तु शिवाजी के विपत्काल में बीजापुर के सुलतान ने सन्धि का उलंघन कर शिवाजी के ऊपर चढ़ाई करने में कुछ भी कोर कसर नहीं की। इस कारण अब शिवाजी ने जयसिंह का पक्ष अवलम्बन कर बीजापुर के सुलतान अली आदिलशाह से युद्ध किया और अपनी मामूली सेना के बल से उसके बहुत से दुर्ग अपने अधिकार में कर लिये।

३–थोड़ेही काल में बीजापुर के बहुत दुर्गों पर अधिकार कर शिवाजी ने पीछे से एक अति-

शय दुर्गम दुर्ग लेने का संकल्प किया । शिवाजी में यह एक बड़ा विचित्र गुण था, कि वह अपने किसी सेनापति को इस बात से सूचित ही नहीं करते थे कि किस दुर्ग पर आज धावा करेंगे। जिस दुर्ग पर धावा कर अपने अधिकार में लाने के लिये शिवाजी ने संकल्प किया था उस दुर्ग से क़रीब पाँच या छः कोस की दूरी पर राजा जयसिंह और शिवाजी के डेरे थे। शिवाजी ने सायंकाल में एक सहस्र मावली सेना को तैयार होने के लिये आज्ञा दी। एक प्रहर रात्रि गये, गंभीर अन्धकार में आज्ञा हुई कि आज रुद्र मंडल नामी दुर्ग पर चढ़ाई होगी। चुपचाप रात्रि ही रात्रि में शिवाजी की सेना दुर्ग की ओर चली।

४– अन्धियारी रात्रि में वह सेना दुर्ग के नीचे पहुँच गई। पर्वत के शिखर पर रुद्र-मंडल दुर्ग बना हुआ है। पर्वत भी बड़ा भयङ्कर है। दुर्ग तक जाने के लिये केवल एकही रास्ता है सो भी युद्ध काल में बन्द हो गया, और कहीं कोई मार्गादि नहीं, शिवाजी ने उसी दुर्गम स्थान से अपनी सेना को पर्वत पर चढ़ने की आज्ञा दी। उनकी मामूली सेना पर्वती बिलाव की नाईं पेड़ से पहाड़, और एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ पर छलाँगे

मारती हुई चढ़ने लगी। कहीं खड़े होकर, कहीं बैठ कर, कहीं वृक्षों की डालियाँ पकड़ के लटक कर, कहीं छलाँग मार कर यह सेना आगे बढ़ने लगी, हम नहीं कह सकते कि महाराष्ट्र-सेना की नाईं और भी कोई सेना ऐसे दुर्गम पर्वतों पर चढ़ सकती है। सहस्रों सिपाही इस प्रकार पर्वत पर चढ़ते जाते थे, पर चलने से तनिक भी शब्द नहीं सुनाई देता था, परन्तु इस सूनसान रात्रि में केवल पवन कभी २ उन पहाड़ी वृक्षों के मध्य से सनसनाती हुई सुनाई देती थी।

५- शिवाजी उस दुर्गम पहाड़ को तय करते जाते थे कि सहसा उनको एक उज्ज्वल प्रकाश दिखाई दिया। अब तो चिन्ता ग्रस्त हो वहीं खड़े हो गये, "क्या शत्रुओं ने आने का वृतांत जान लिया? नहीं तो किले के भीतर ऐसा प्रकाश क्यों है?" क्षण काल चिन्ता करते हुए उस प्रकाश को देखते रहे, फिर अपनी मावली सेना को और भी सावधानता से वृक्ष और पर्वतों पर चढ़ने को कहा। चुपचाप महाराष्ट्र सेना उस पर्वत पर चढ़ने लगी। ये लोग बड़ी २ झाड़ी और शिलाओं के मध्य में से होके चले। परन्तु शब्द तो नाम मात्र का भी नहीं, अन्धियारी रात्रि

में शिवाजी अपनी मावली सेना के सहित पर्वत पर चढ़ने लगे।

६- शिवाजी की मावली सेना अब एक साफ़ सुथरे स्थान पर पहुँच गई, जहाँ कि यह प्रकाश भली भाँति दिखाई पड़ता था, वहाँ जाती हुई सेना ऊपर से भली भाँति देखी जा सकती थी। शिवाजी फिर रुके, और वृक्षों की ओट में हो इधर उधर देखने लगे। शिवाजी ने इधर उधर भली भाँति देखा परन्तु कोई मार्ग नहीं मिला, अब लौट जाना भी ठीक नहीं, क्योंकि दुर्ग तक पहुँचते ही पहुँचते प्रभात हो जायगा। शिवाजी कुछ समय तक मौन रहे, बाल्यावस्था के सुहृद विश्वासी योद्धा तानाजी मालसुरे को बुलाकर वृक्ष की आड़ में खड़े होकर धीरे २ कुछ कहने लगे। इधर उनकी मावली सेना आज्ञा के लिए बाट जोह रहा थी।

७- तानाजी ने भली भाँति जाकर दुर्ग की परीक्षा की कि इस समय क्या करना चाहिये। थोड़ी देर के पीछे तानाजी ने कहा कि इस समय चढ़ाई करना ही अच्छा होगा। शिवाजी भी इस पर राजी हो गये और अपने सेनापतियों को आगे बढ़ने की आज्ञा दी। पानी बरसने से एक

स्थान पर पत्थर टूट कर नाली सी बनगई थी। उसके दोनों किनारे ऊंचे थे, बीच में गहरी नाली थी, बरसात में यह गंभीर नाली पानी से भर जाती थी, अब भी इसमें जल रहता है उस जल मार्ग में जाते और दोनों किनारों के ऊंचे होने से कदाचित् शत्रु न देख सकें, यह बात तय हुई, और अब सब सेना धीरे २ उसी नाले के मध्य में हो कर पर्वत पर चढ़ने लगी। सैकड़ों छोटी २ शिलाओं के ऊपर गिर कर तमोमय रात्रि में अनंत शब्द युक्त जो पहाड़ी जल उतर रहा था उन्हीं शिलाखंडों के ऊपर उस पानी को फाड़ कर सेना चुपचाप पहाड़ पर चढ़ने लगी। वह बहुत शीघ्र ऊपर के पेड़ों में पहुँच गई, यह देख शिवाजी ने गद्गद् हो कर भवानी को धन्यवाद दिया।

८--शिवाजी इस भाँति अपनी सेना को साहस युक्त हो चढ़ाते जाते थे कि सहसा एक सिपाही तीर से घायल हो गिरा। एक तीर के बाद दूसरा तीर फिर आया, शत्रुगण जाग रहे थे, जब शिवाजी की सेना उस नाली में हो कर पर्वत पर चढ़ने लगी तब उनको संदेह हुआ और उन्होंने उसी ओर तीर छोड़ा। शिवाजी की सब सेना वृक्षों की आड़ में खड़ी हो गई, तीर

का आना भी बंद हो गया, शिवाजी ने समझा कि शत्रु ने केवल सन्देह किया है, कुछ भली भाँति सेना नहीं देखी है। इस से उन्होंने क़िले की ओर फिरकर देखा तो एक प्रकाश के स्थान में दो तीन प्रकाश हो रहे हैं, कभी २ पहरेदार भी इधर उधर आते जाते हैं, अब तक यह दुर्ग की परीक्षा से केवल तीन सौ हाथ दूर थे। शिवाजी ने जाना कि सेना सावधान हो गई, आज दुर्ग बिना भयंकर युद्ध किये हाथ नहीं आ सकता।

१०– तानाजी मालसुरे भी इस वृतान्त को देख रहे थे, अब उन्होंने धीरे से शिवाजी से कहा, "राजन् ! अब तक तो नीचे जाने का अवसर है, आज दुर्ग का लेना असंभव है, क्योंकि शत्रुगण जाग रहे हैं और इसमें हमी लोगों की सेना की हानि है। "बिपद् में शिवाजी का साहस और उत्साह बहुत बढ़ जाता था। उन्होंने कहा " जयसिंह से जो कह आया हूं वह करूँगा आज या तो इस रुद्र मंडल को लेही लेंगे, अथवा इस युद्ध में प्राण त्याग करेंगे।" शिवाजी की आखों से आग बरसने लगी। यह देख तानाजी और उपदेश देना वृथा समझ

कर बोले; "विपद में आप के संग बिना, मुझे और स्थान नहीं है आप आगे चलें"।

१०–शिवा जी उन वृक्षों की पाँति के मध्य में से हो कर आगे बढ़े। उन्होंने शत्रु को धोखा देने के अर्थ एक सौ वीरों को दुर्ग के दूसरी ओर जाने और कोलाहल करने की आज्ञा दी। एक घड़ी में किले के दूसरी ओर कोलाहल सुन, "उसी ओर से शिवाजी दुर्ग पर चढ़ाई करते हैं" यह जान कर दुर्ग के प्रहरी और समस्त सेना उसी ओर दौड़ी, इधर जो दो तीन जगह प्रकाश हो रहे थे, वह निर्वाण हो गये। तब शिवाजी बोले—"महाराष्ट्रगण! सैकड़ों युद्धों में तुम ने अपनी वीरता का परिचय दिया है, मेरा नाम रक्खा है, आज एक बार फिर परिचय देना उचित है। तानाजी आज बाल्य काल की मित्रता निबाहो।" फिर अपने एक विश्वासी नौकर रघुनाथ को भी देख कर बोले "हवालदार! एक दिन हमारे प्राण बचाये थे, आज मान बचाओ। शिवाजी के बचनों से सब के हृदय साहस से परिपूर्ण हो गये, उस गम्भीर अंधकार में चुप चाप सब आगे बढ़े और थोड़ेही देर में दुर्ग के प्राचीर के निकट पहुँच गये।

११–आधी रात हो गई थी, आकाश में प्रकाश नहीं था, केवल तारा गण चमक रहे थे, रुद्रमंडल क़िले से शिवाजी अभी पचास हाथ दूर हैं इतने में वह देखते क्या हैं की प्राचीर के ऊपर एक प्रहरी खड़ा है, वृक्ष के नीचे से शब्द सुन कर प्रहरी वहाँ आया। एक सिपाही ने चुप चाप तीर छोड़ा, बस हत भाग्य पहरेदार का मृतक शरीर कोट की भीत से नीचे गिर पड़ा। उसे सब देख कर और एक, दो, दश, शत इसी प्रकार क्रम क्रम से तीन सौ सिपाही दीवाल के ऊपर नीचे इकट्ठे हो गये, शिवाजी रोष वश हो हाथ मलने लगे और छिपे रहने का अवसर न जान कर उन्हों ने सेना को आगे बढ़ने की आज्ञा दी।

१२–देखते ही देखते महाराष्ट्रगण का "हर हर महादेव" शब्द भंयकर होकर दिग् दिगान्त में व्याप्त हो गया, एक दल प्राचीर लाँघने के अर्थ दौड़ गया और एक दल वृक्षों के नीचे रह कर अति शीघ्रता से भीत पर चढ़े हुए मुसलमानों से तीर द्वारा युद्ध करने लगा। यवन गण शत्रु के आगमन से लेशमात्र भय न कर "अल्लाहो अकबर" कह कर पृथ्वी आकाश को कम्पित करने लगे। कोई कोई भीत के ऊपर से ही तीर वर्छा चलाने लगे।

किसी ने उत्साह से परिपूर्ण हो प्राचीर से छलाँग मार वृक्षों के मध्य में आकर महाराष्ट्रों पर आघात किया।

१३—शीघ्रही उस प्राचीर के नीचे और वृक्षों के मध्य में भयंकर समर होने लगा, प्राचीर पर खड़े हुए यवन, बर्छा चला कर शत्रुओं को मारने लगे, ढेर के ढेर मृतकशरीरों से कोट की खाई परिपूरित हो गई, वीर लोग इन्हीं मृतक शरीरों के ऊपर खड़े हो कर खड्ग और बर्छा चलाने लगे, चढ़ाई करने वालों का रक्त से शरीर रंगीला हो गया। सैकड़ों मुसलमान वृक्षों के भीतर तक आ गये थे, शिवाजी के महाराष्ट्र गण सिंह के सदृश तड़प कर उनपर दौड़े प्रबल प्रतापशाली अफगान लोग भी युद्ध में अनाड़ी नहीं थे। पर्वत पर रुधिर बह निकला, वृक्षों की ओट से, कंकड़ों के ऊपर से, शिला खंडों के निकट बहुत से महाराष्ट्र खड़े होकर अव्यर्थ तीर बर्छा चलाने लगे। वृक्षपत्र और वृक्षशाखाओं के भीतर से वे तीर यवनों की संख्या घटाने लगे, चढ़ाई करने वाले महाराष्ट्र और अफ़गानों के सिंहनाद से रात के समय; आकाश मण्डल कंपित हो गया।

१४—सहसा दुर्ग की दीवार पर से "महाराज

शिवाजी की जय" ऐसा शब्द सुनाई पड़ा, एक मुहूर्त तक सब उसी ओर देखते रहे, क्या देखते हैं कि रुधिर से भींगे हुए बरछे का सहारा देकर एक महाराष्ट्र वीर छलाँग मार कर दुर्गमण्डल की भीत पर चढ़ गया है। उसने पठानों की पताका को लात मार कर गिरा दिया और पताका धारी को खड्ग से मार गिराया। यह वही वीर प्राचीर के ऊपर खड़ा हो बज्रनाद से "महाराज शिवाजी की जय" पुकार रहा है। पाठको! यह आपके पूर्व परिचित वीर रघुनाथ हवालदार हैं। जाति सेवा के सामने उन्होंने निज प्राण का कुछ भी परवाह न की।

१५-अनेक पठान रघुनाथ हवालदार को मारने के लिये दौड़े पर शिवाजी के अनेक वीर गण वहाँ पर पहुच गये थे। वीर का लोहे से बना हुआ टोप अति शोभायमान हो रहा था, हाथ पैर लोहू से भरे हुए थे; विशाल छाती में दो एक तीरों के घाव लगे हुए थे; दीर्घ भुजा में रुधिर से भीगा हुआ दीर्घ बर्छा शोभायमान था, शत्रु भी नाव के सम्मुख तरंगों के सदृश, इस वीर के दोनों ओर होकर चले गये, उस काल समान बर्छाधारी पुरुष के सामने जाने का किसी को साहस न हुआ।

कुछ काल तक सब चुप रहे, फिर पठान लोग शत्रु को प्राचीर पर चढ़ा जान, चारों ओर से सवेग दौड़े। श्याम बादलों के सदृश आकर यवन शत्रुओं ने घेर लिया। यद्यपि रघुनाथ खड्ग और बर्छे के चलाने में अद्वितीय थे परन्तु असंख्य वीरों से युद्ध करना असंभव था अतएव रघुनाथ के जीवन में संशय पड़ गया।

१६–पाठकगण! महाराष्ट्र सेना को तो जानते ही होंगे। शिवाजी का बल, इन्हीं सेनाओं के ऊपर निर्भर था, महाराष्ट्र सेना रघुनाथ के विक्रम को देख और भी साहस युक्त हो सिंह के समान छलाँगे मारती हुई चारों ओर से रघुनाथ की रक्षा के निमित्त दौड़ी। एक, दो, पचास, सौ दो सौ सेना इसी प्रकार प्राचीर के ऊपर व दोनों तरफ से आकर इकट्ठी हो गई। छुरी और तलवार से पठानों को तितर बितर कर, मार्ग को कंटक रहित बना कर सिंहनाद द्वारा दुर्ग परिपूरित किया। सहस्रों महाराष्ट्रों से दो तीन सौ पठान युद्ध नहीं कर सके; वे महाराष्ट्रों की गति को नहीं रोक सके। परन्तु तौ भी सिंह समान पराक्रम प्रकाश करके उनकी गति रोकने की चेष्टा करते ही रहे, परन्तु पीछे से पठान लोग हार कर भाग गए और बहुत

से मारे गये। शिवाजी और तानाजी प्राचीर से कूद कर दुर्ग के भीतर पहुँचे। महाराष्ट्र सेना भीतर दौड़ी, पठान लोग घायल होने के कारण महाराष्ट्र सेना का पीछा न कर सके।

१७—शिवाजी अति शीघ्रता से दुर्ग के भीतर पहुँचे यह गृह अति कठिन और रक्षित था। महाराष्ट्रों के प्रबल वेग से द्वार काँप तो गया परन्तु टूटा नहीं। शिवाजी की आज्ञा से महाराष्ट्रों ने उस प्रासाद को घेर कर बाहर के समस्त प्रहरियों को मार डाला। अब शिवाजी दुर्ग-रक्षक की ओर झुके और गंभीर स्वर से कहने लगे—"गृह खोल दो नहीं तो महल में अग्नि लगाकर समस्त वस्तुओं को ध्वंस कर डालेंगे।" निडर पठान ने उत्तर दिया "खौफ़नाक आग से जलकर हम लोग राख हो जायेंगे, पर तुम काफिरों के सामने सदरी का दरवाज़ा हरगिज़ नहीं खोलेंगे।" उसी समय सौ सिपाही मशाल लेकर जनाना द्वार पर अग्नि लगाने लगे। ऊपर दुर्ग-रक्षक और उसके साथी तीर और भाले चला कर अग्नि बुझाने की चेष्टा करने लगे। सैकड़ों महाराष्ट्र मसाल हाथ मे लिये गिरे, परन्तु अग्नि दहक उठी।

१८—प्रथम द्वार और गवाक्ष तथा जालियाँ फिर

वह बड़ा भारी महल समस्त ही अग्नि से जल उठा। वह प्रचण्ड प्रकाश भीषण नाद करता हुआ आकाश को उठा, और अन्धकारमय रात्रि को प्रकाशमय कर दिया। दुर्ग के ऊपर, नीचे सब स्थानों में अग्नि ने अपना प्रकाण्ड रूप फैला दिया। जब दुर्ग में अग्नि भली भाँति लग गई तब रहमत खां ने अपने कई साथियों के साथ दुर्ग से नीचे कूद कर शस्त्र चलाने की आज्ञा दी, उनके शस्त्रों से अनेक महाराष्ट्र मारे गए परन्तु अंत में वह शत्रुओं से घिर गया और उसको आत्म-समर्पण करना पड़ा।

१६—रहमत खां मारे जाने को ही था कि शिवाजी ने चिल्लाकर कहा "दुर्ग-रक्षक को कैद करलो, जान से मत मारो।" घायल अफ़गान के हाथ से तलवार छीन ली गई। महाराष्ट्र प्रासाद की अग्नि बुझा रहे थे, इतने में शिवाजी ने देखा कि दुर्ग के एक ओर से काले बादलों के समान प्रायः छः सौ से अधिक सेना उमड़ी चली आती है। शिवाजी ने दुर्ग पर चढ़ाई करने के पूर्व ही सौ सिपाहियों को दुर्ग के दूसरी ओर भेज दिया था, उनका अधिक कोलाहल श्रवण कर दुर्ग की अधिकांश सेना इस ओर गई थी, धूर्त महाराष्ट्र कुछ देर

तक पेड़ों के मध्य से युद्ध कर फिर भागने लगे, तब मुसलमानों ने उत्साहित होकर पर्वत के नीचे उन सौ महाराष्ट्रों का पीछा किया दूसरी ओर से शिवाजी ने चढ़ाई कर दुर्ग जीत लिया यह बात उस यवन सेना को कुछ भी विदित न थी।

२०-परन्तु जब महल के उजियाले से खेत, ग्राम, पर्वतादि सब प्रकाशित हो गए तब अधिकांश यवनगण अपना भ्रम जान फिर दुर्ग पर आक्रमण कर शत्रु के नाश करने में तत्पर हुए। शिवाजी ने थोड़ी सी सेना को पराजित करके दुर्ग जय किया था, अब दूसरी ओर से पाँच सौ अथवा छः सौ सेना आती हुई देखकर शिवाजी का मुख गंभीर हुआ। उन्हों ने तीव्र दृष्टि से देखा कि दुर्ग के बीच में दुर्ग-रक्षक का महल ही सब से अधिक दुर्गम स्थान है, चारों ओर खाई खुदी हुई है, उसके पीछे पत्थर की दीवाल बनी है, अग्नि से उस दीवाल को कुछ भी हानि नहीं पहुँची है। उसके बीच में महल है, उस महल का द्वार और खिड़कियाँ जल गई हैं, कहीं कोई गृह गिर कर पत्थरों का ढेर हो गया है। बुद्धिमान शिवाजी ने देख लिया कि अधिक सेना के विरुद्ध लड़ने का समय इससे और अधिक अच्छा नहीं हो सकता।

२१–उन्हों ने पल भर में सब प्रबंध ठीक ठाक कर लिया और स्वयं आप और तानाजी ने दो सौ सेना के सहित इस राजमहल में प्रवेश किया। दीवालों के बगलों में तीरन्दाज रक्खे, छत के ऊपर भाला मारने वाले वीरों को इकट्ठा किया, कहीं सब पत्थरों को साफ कर दिया, कहीं बहुत से पत्थरों को एकत्रित किया। यह सब जब ठीक हो गया तब तानाजी से हँस कर महाराज शिवा जी बोले, "हमारा यह अन्तिम उपाय है ऐसा मालूम पड़ता है, कि हम शत्रु को यहाँ आने से पहिले ही परास्त कर सकते हैं। यदि अंधकार में एक बारगी उन पर चढ़ जाँय तो वे छिन्न भिन्न हो कर भागेंगे। तानाजी तुम दो सौ सिपाही लेकर यहाँ रहो।

२२–जब शिवाजी इधर सब प्रबंध ठीक कर चुके तब अपने हवलदारों की ओर झुके और बोले "मेरे प्रिय हवलदारों! आज का युद्ध तुम्हीं लोगों पर निर्भर है, आज या तो इस दुर्ग को यवनों के हाथ से लेकर मेरा मान रक्खो अथवा अपने २ जीवन को देश हित के लिए विसर्जन करो। शिवाजी बारी बारी सब को देख, फिर रघुनाथ को देखकर बोले " हवालदार! यद्यपि

तुम इन सभों से छोटे हो, परन्तु भुजाओं में बड़ा बल रखते हो, आज मैं तुम्हारा विक्रम देखकर प्रसन्न हुआ हूं, रघुनाथ तुमने ही आज दुर्ग विजय करना प्रारम्भ किया है और तुम्हीं इसको शेष करो।

२३-रघुनाथ चुपचाप भूमि की ओर शिर नवा कर तीन सौ सिपाहियों को साथ ले तड़ित् वेग के साथ बाहर निकले। शिवाजी तानाजी को देख कर बोले, "यह हवालदार राजपूत है, इस का शरीर और आचरण देख कर बोध होता है कि, इसने किसी उच्च कुल में जन्म लिया है, परन्तु इसने अभी तक अपने वंश का कुछ भी पता नहीं दिया है, केवल युद्ध काल में, विपद काल में, साहस और विक्रम के कामों में दृढ़ रहा है। एक दिन पूना में मेरे प्राण बचाये, आज भी दुर्ग विजय में रघुनाथ ही आगे है; मैंने इसे अभी तक कोई पुरस्कार नहीं दिया, कल राज-भवन में राजा जयसिंह के सामने रघुनाथ अपने साहस का उचित पुरस्कार पावेगा।"

२४-रघुनाथ ने शीघ्र ही तीन सौ वीरों के सहित बरछा हाथ में ले बड़े वेग से मुसलमानों पर आक्रमण किया। तीस हाथ दूर से सब ने अमोघ

बरछे फेंके। फिर "हरहर महादेव" कह सिंह के समान महानाद करके महाराष्ट्र लोग मुसलमानों पर कूद पड़े। उनका वेग अति भयंकर होने के कारण रोकने के योग्य था। पल भर में महाबलशाली अफ़ग़ानों के मोरचे छार और तितर बितर हो गये, रणमत्त महाराष्ट्रों की तेज़ी से चलाई हुई छुरियों के लगने से अफ़ग़ान लोग गिरने लगे। परन्तु अफ़ग़ान लोग भी युद्ध करने में कम बुद्धिमान नहीं थे; मोरचे हटकर भी वे नहीं हटे, फिर ऊंचे स्वर से गर्ज कर उन्हों ने महाराष्ट्रों को घेर लिया, पल भर में जो दृश्य देखा गया उसका वर्णन करना सामर्थ्य से बाहर है। महा अंधकार में शत्रु मित्र नहीं दृष्टि पड़ा, बहुत क्या अपने हाथ का खड्ग भी नहीं दिखाई पड़ता था। लाशों से वह स्थान परिपूर्ण हो गया, रुधिर सोते के समान बहने लगा, युद्धनाद से पृथ्वी आकाश काँप उठा जान पड़ता था कि वह मनुष्यों का युद्ध नहीं, वरन सैकड़ों रक्त के प्यासे भूखे सिंह एक दूसरे को नख द्वारा विदीर्ण कर रहे हैं। इसी भाँति दोनों ओर की सेनाओं में युद्ध होता रहा।

२५-अफ़ग़ान लोग उन तीन सौ योद्धाओं से बरा-

बर लड़ते रहे परन्तु वह अपूर्ब वीर श्रेणी अपनी जगह से भी नहीं हिली । समुन्द्र के समान भयङ्कर गर्जन करके यवनगण उन वीरों से बड़ी वीरता के साथ युद्ध कर रहे थे परन्तु वह पर्वत तुल्य वीरों की दिवार अनायास उन चोटों को विह्वल करती रही। मृतकों के शरीरों से चारों ओर भीत सी बन गई थी । महाराष्ट्रगण क्रमशः कम होते जाते थे परंतु तौ भी वह मोरचा न टूटा । देखतेही देखते गढ़ पर थोड़ी देर में अकस्मात् "शिवाजी की जय" ऐसा शब्द सुनाई पड़ा । सब ने आश्चर्य से चकित होकर देखा कि दुर्ग में से तीन चार जगह बड़ी २ अटारियाँ अग्नि से धूँ धूँ करके जल रही हैं । जो एक सौ महाराष्ट्र धूर्तता से अफ़ग़ानों की सेना को कोट से बाहर ले गये थे, वे अफ़ग़ानों के दुर्ग में लौट आने पर सब से पीछे दूसरी ओर से आये, और कई घरों में आग लगा कर मुसलमानों पर टूट पड़े । अफ़गानों का दुर्ग शत्रुओं ने ले लिया महल जलाये गये ; और अटारियां जल रही हैं, सामने बैरी पीछे बैरी, जितना साध्य था उतना उन्होंने किया, अब वे महाराष्ट्रों की मार न सह सके, और एक बारगी अति शीघ्रता से भागे, महाराष्ट्रों ने पीछा करके सैकड़ों शत्रुओं

का नाश किया। तब रघुनाथ ने पुकार कर आज्ञा दी "महाराज शिवाजी की आज्ञा है कि भागे हुए को मत मारो क़ैद कर लो।"

२६—भागे हुए अफ़ग़ानों ने हथियार डाल दिये और जीवनदान माँगा, उनकी प्राण रक्षा की गई। तब रघुनाथ ने दुर्ग की आग बुझवाकर दुर्ग के स्थान स्थान में पहरेदार रक्खे, गोला, बारूद, और अस्त्र शस्त्रों के गृहों में अपने पहरे बैठा दिये; एक घर में बन्दियों को बाँधकर रक्खा; कोट के सब घर सब स्थान अपने अधिकार में कर सुरक्षा की आज्ञा दे शिवाजी के निकट जा कर सब समाचार निवेदन किया। शिवाजी इस हवालदार से बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने बहुत कुछ उसको पारितोषिक देकर अपना मुख्य रक्षक नियत किया। इसी में रात्रि बीत गई, अरुणोदय के कारण प्रभात की ललाई पूर्व दिशा में दिखाई पड़ी, प्रभात कालीन सुमन्द शीतल पवन धीरे २ चलने लगा। समस्त दुर्ग शब्द शून्य और निस्तब्ध है। मानों इस सुन्दर शान्त वृक्ष शोभित पर्वत के शिखर पर किसी ऋषि मुनि का आश्रम है। अब तो शान्ति से ऐसा भाष होने लगा कि मानो युद्ध का पैशाचिक कोलाहल यहाँ कभी हुआ ही नहीं।

२७—शिवाजी जब कि दुर्ग को विजय करके अपने दुर्ग की ओर आने ही को थे कि सहसा हस्तगत-दुर्ग के एक ओर रोने का शब्द कर्णगोचर हुआ। शिवाजी अब फिरे और देखा कि महाराष्ट्र सेना में हाहाकार मच रहा है। शिवाजी अब विस्मित हुए और घबड़ाये; उन्हों ने विस्मित-स्वर से पूछा कि "कोलाहल का क्या कारण है?" एक महाराष्ट्र ने उत्तर दिया कि—"महाराज! आप का एक वीर सेना नायक मृत्यु के निकट है। वह अन्त समय में अब केवल आप के दर्शन का अभिलाषी है"। शिवाजी उसके पास घबड़ाये हुए गए। दुर्ग के कोने के एक गृह में वह वीर सेना-नायक गोविन्दराव शय्या पर पड़ा २ अपने स्वामी के दर्शन की अभिलाषा से थोड़ा २ कराह रहा है। शिवाजी अपने वीर सेना नायक को ऐसी दशा में देख अति दुःखित हुए और अन्त में उससे पूछा—"हे वीर! तू किस तरह से घायल हुआ? क्या तू अपने को शत्रुओं के आक्रमण से न बचा सका? किसने तुमको इस प्रकार घायल किया है, यदि तुम उसका नाम बता दो तो उस दुष्टको अभी उसकी वीरता का फल चखा दूं। अच्छा अब हम तेरी वीरता से प्रसन्न

हैं तुम्हें कौन सी वस्तु पारितोषिक चाहिए ? तुमने कई एक युद्धों में अपनी वीरता का परिचय दिया है उसके लिए मैं तुम से कदापि उऋण नहीं हो सकता। अन्त में तूने यहाँ तक साहस किया कि देश सेवा के निमित्त अपने प्राण भी न्योछावर कर दिये।" शिवाजी यह कह ही रहे थे कि उसके पैर ठंडे होने लगे अन्त में उसने मरते समय कहा,—" स्वामी ! भला मुझ से भी भाग्यवान कोई हो सकता है कि मैंने अपना प्राण देश सेवा के लिए अर्पण कर, अपना जीवन सफल किया, शरीर को क्या यह तो नाशमान ही है। इस असार संसार में सभी आकर मरते हैं परन्तु एक का मरना किसी अन्य पुरुष के लिये होता है और एक,वह जो वृथा ही सांसारिक नियमों के अनुसार काल का ग्रास हो, इस असार संसार से विवश होकर चल बसता है। मैंने अपना जीवन आज सफल जाना"। शिवाजी ने फिर पूछा कि "यह घाव तुम्हें कैसे लगा" ? उसने कातर स्वर से उत्तर दिया,—"स्वामी ! जब कि रघुनाथ हावलदार किशोरसिंह की नाईं यवन-दल में घुसा तब मैं भी उसको सङ्कट में जान अपने दल बल के साथ उसी यवन-दल में घुस पड़ा। यवनों ने मुझे चारों

ओर से घेर लिया, मैंने उनमें से पचासों को मार गिराया, अन्त में मैं अपने ही सेनापति के भूल से घायल हुआ । चन्द्रराव जुमलेदार के तलवार से मैं घायल हो रण-क्षेत्र में गिर पड़ा। उसी समय कुछ महाराष्ट्रों ने मुझे उठा लिया और दुर्ग के एक रक्षित स्थान में भली भाँति रख दिया। स्वामी ! आप से मेरी एक अन्तिम बिनती यह है कि उस सेनापति को कुछ भी दंड न दीजियेगा, क्योंकि उसने जान बूझकर नहीं मारा है, पर सहसा मुझे भारी दल में युद्ध करते समय घाव लग गया । महाराज ! बस यही आप से मैं पारितोषिक चाहता हूं। राजन् ! यदि आप कह दीजिये कि मैंने उसे क्षमा किया तो मैं सहर्ष अपने प्राण को त्यागूं ।" शिवाजी ने वीर सेना नायक को मृत्यु समय में अति दुःखित जान कहा,—"अच्छा तुमने अपने मित्र,देश और परोपकार के लिये प्राण दिये हैं इस लिये मैं तुम्हारी इच्छानुसार तुम्हारे अभीष्ट को पूर्ण करूँगा, और शपथ खा कर कहता हूं कि मैं चन्द्रराव को किसी भाँति व किसी प्रकार की हानि नहीं पहुँचाऊँगा ।" शिवाजी के ऐसे बचन को सुन कर, उसने अपने प्राण त्याग दिये ।

४-गड़ा हुआ अमोघ धन।

एक समय मरू भूमि से दिल्ली को आते हुए जब कि पृथ्वीराज का डेरा खट्टू बन में पड़ा हुआ था, पृथ्वीराज ने अंतरङ्ग सभा में बैठे हुए अपने बुद्धिमान मन्त्री कैमास की बुद्धि की बहुत ही प्रशंसा करके उससे पूछा कि "हे मंत्रिवर! इस बन में सुन्दर जल से सुशोभित एक सरोवर के किनारे एक पाषाण मूर्त्ति है जिसके शीस पर लिखा है कि-"सिर कट्टै धन संग्रहै सिर सज्जे धन जाय" इसका तात्पर्य जानने के लिए बड़े बड़े बुद्धिमान चकित चित्त हो रहे हैं। अबतक इसका मूल भेद कोई भी न जान सका, इस हेतु अब मैं तुम से पूछता हूं तुम बतलावो कि उक्त लेख का क्या अर्थ है? पृथ्वीराज के ऐसे बचन सुनकर कैमास ने उत्तर दिया कि—"सुना जाता है कि गत समय में वीर बाहन नामक कोई बड़ा प्रतापी राजा था। वह महान इन्द्रिय लोलुप और प्रजा पीड़क था।

उसने प्रजा को कष्ट देकर यह अगनित द्रव्य का भंडार इकट्ठा किया। किन्तु प्रजा ने अत्यन्त दुखी हो और एक चित्त होकर उसे शाप दिया कि वह निःसन्तान मृत्यु को प्राप्त होवे। निदान प्रजा की प्रार्थना स्वीकार हुई और काल पाय ऐसा ही हुआ। सो हे महाराज! यह सब धन उसी का संचय किया हुआ है। इसका निकालना भी बहुत ही सरल है।

२—यदि आप इस धन को निकालना चाहते हैं तो चित्तौराधिपति रावल समरसिंहजी को बुला लीजिये और तब इस कार्य में हाथ डालिये; क्योंकि जयचन्द, शहाबुद्दीन, भीमदेव इत्यादि आपके शत्रु निरंतर आपकी ताक में रहते हैं, इसलिये उत्तम यही होगा कि सब प्रकार से अपना पक्का प्रबन्ध करके तब धन निकाला जाय। कैमास से ऐसे नीति भरे बचन सुन कर राजा ने उसे अपने पास बुलाकर बड़े आदर से बैठक दी; और सिरोपाव भी दिया फिर कहा कि 'हे मंत्रिवर! मैं तेरी सलाह से परम प्रसन्न हुआ हूं; और उसी समय चन्द पुंडीर को बुलाकर एक पत्र देकर उसे रावल समरसिंहजी के पास चित्तौर भेजा।

३–चन्दपुँडीर अपने साथ में रावलजी को भेंट के देने के लिये पृथ्वीराज के दिये हुए बहुत से हाथी, घोड़े, पट, वस्त्रादि लेकर चित्तौर पहुँचा और सादर रावलजी को नज़र करके उक्त धन सम्बन्धी समाचारपत्र रावलजी को नज़र करके धन सम्बन्धी वृत्तान्त आद्योपान्त सुनाने लगा। इसे सुन कर और पत्र को पढ़कर योगिराज रावल समरसिंह जी ने हँस कर उत्तर दिया कि "हे चन्द पुंडीर इस संसार चक्र की गति विलक्षण ही है। एक माँस के लोथड़े को एक गिद्ध लड़कर उससे वह लोथड़ा छीना चाहता है; और इस धर पकड़ में वह लोथड़ा किसी और के ही हाथ लगता है"। रावल जी के ऐसे बचन सुनकर चन्द पुंडीर फिर बोला कि "हे रावलजी ! आपका वचन तो सर्वथा सत्य ही है परन्तु पृथ्वीराज को एक मात्र आप ही का बल भरोसा है, वह आपही के भरोसे पर अपने बड़े २ शत्रुओं को कुछ भी नहीं समझते। इस हेतु मैं यही प्रार्थना करता हूँ कि आप पृथ्वीराज के उत्साह को भंग न करके कृपापूर्वक दिल्ली पधारिये और धन निकालने में उनकी सहायता कीजिये।

४--चन्दपुंडीर के ऐसे बचन सुन कर रावलजी एक बड़ी भारी सेना लेकर नागौर की ओर चल पड़े। पड़ाव पर पड़ाव करते हुए जब रावलजी नागौर में आए तब धर्म्मायन ने सब समाचार शहाबुद्दीन को लिख भेजा। जब रावलजी दिल्ली से दस कोस की दूरी पर रह गए तब दूत ने दिल्ली में जाकर पृथ्वीराज के दरबार में समाचार दिया जिसे सुन कर पृथ्वीराज अपने सब शूर सामंतों और सेना सहित रावलजी की अगवानी के लिये दिल्ली से आध कोस आगे बढ़ आये और सादर समरसिंह जी को दिल्ली लिवा ले गए। वहाँ पर अनंगपालजी के रहाइस भवन में रावलजी को डेरा दिया गया और सब भाँति से उनकी सेवा सुश्रुषा होने लगी। दो दिवस योंही व्यतीत हुए। तीसरे दिन पृथ्वीराज ने रावलजी और सब सामन्तों सहित एक अतरंग सभा की जिस में धन निकालने के विषय में उचित युक्ति विचारने का प्रस्ताव किया गया। निदान फिर भी बुद्धिमान कैमास के विचार से यही निश्चय हुआ कि शहाबुद्दीन का मुहासरा पृथ्वीराज स्वयं रोकें, और भीमदेव का पथ रावलजी रोकें और तब इधर धन निकालने का यत्न किया जाय।

५-निदान इस प्रकार परामर्श पक्का हो जाने पर पृथ्वीराज और रावल समरसिंह जी समस्त सूर सामन्त और अपनी सेना समेत नागौर को चले। वहाँ पहुँच कर रावलजी के मतानुसार दो दो कोस के अंतर पर शहाबुद्दीन के मुहासिरे पर पृथ्वीराज और भोलाराय के मुहासिरे पर रावलजी ने डेरा डाला। उधर इस बात की खबर शहाबुद्दीन के पास भी जा पहुँची। ज्योंहीं शाह ने सुना कि दिल्लीपति नागौर में धन निकालने के लिये आगए हैं, त्योंही वह भी चुनिन्दा मुसलमान वीरों की बड़ी भारी सेना सजकर नागौर की तरफ चल पड़ा। उसने रास्ते में चलते २ भी सेना को चक्रव्यूहाकार रक्खा और अबकी बार पृथ्वीराज को अवश्य ही बंदी बना लूँगा ऐसा विचारता हुआ बड़ी धूमधाम से वह नागौर के निकट आन पड़ा। इस प्रकार शाह का आना जानकर रावलजी ने बहुत प्रकार से समझा बुझाकर मंत्री कैमास को तो धन रक्षा पर नियत किया, और आप शाह पर आक्रमण करने के लिये प्रस्तुत हुए। प्रातःकाल होते ही रावलजी शाह की ओर बढ़े। रावलजी की असीम सेना के चलने से धूल उड़ती हुई देखकर शहाबुद्दीन भी

ताड़ गया और इसलिये आप भी आने बाने से दुरुस्त होकर रावल समरसी जी से समर करने के लिये सामने हुआ। इधर से वीर राजपूत उधर से मुसलमान योद्धा लोग अपने २ अस्त्र शस्त्र चमकाते, हृदय में इष्ट देवों का स्मरण करते और मुख से अपने अपने मालिकों की जयजयकार की पुकार करते हुए भूखे सिंह की भाँति एक दूसरे पर टूट पड़े। हाथी से हाथी, घोड़े से घोड़े; पदाती पदाती से भिड़ पड़े। रणक्षेत्र में दोनों सेनावों की मुठ भेड़ होते ही दोनों दलों के मुखिया सरदार भी एक दूसरे को पछार पछार कर वार करने लगे। प्रबल प्रहार ने रुस्तम खाँ के भाई सूरखाँ को मार गिराया। इधर से रुस्तम ने पहाड़राय को भरपूर हाथ मारा। इसी प्रकार दोनों ओर के शूरवीर रणमदोन्मत्त हो लड़ने लगे। रणक्षेत्र में रक्त की धारा बह निकली, जिसमें पड़े हुए रुंड मुंड हाथी पहाड़ से, और श्रेणीवद्ध शस्त्रधारी शूरवीरों की कतार, नदी की कगार सी नज़र आती थी। सारे दिन खूब लोहा झरा। हिन्दू और मुसलमान दोनों जान छोड़ कर लड़े अंत में आधी घड़ी दिन रहते वीर राजपूतों ने मीर पीरजादों को पीछे पिछेल दिया।

६–ज्योंही सूर्य भगवान अपने प्रकाश को संकुचित करते हुए अस्ताचलगामी हुए, कायर कमल संकोच से सिर नीचा करने लगे, कुमोदिनीगण प्रसन्न चित्त चन्द्रमा की ओर चित्त दे चहकने लगीं, विहंग गण कोमल २ पत्तों की आड़ में किवाड़ देकर अपने २ घोसलों में चुहचुहा कर चुप होने लगे, उधर समस्त दिन के समर श्रम से श्रांत दोनों सेना के शूरवीर गण अपने २ स्वामियों की आज्ञा से अपने २ शिविर समूह की ओर लौट पड़े और सब जमादार सिपाही इत्यादि अपने २ स्थान पर जमकर जगत के जंजाल को तिलांजुली देकर निर्मूल हो निद्रादेवी की गोद में पैर पसार सोने में मस्त हुए। इधर रावल समरसिंह जी और पृथ्वीराज उधर शहाबुद्दीन अपने प्रसस्त शिविरों में सोते थे और उनके संगे विश्वास पात्र सरदार लोग सावधानी से पहरों पर सनद्ध थे। चामुँडराय, निढ्ढुरराय, अत्ताताई और जैतराव, रैन प्रमार और कन्ह के भतीजे पृथ्वीराज के पहरे पर थे। और रुस्तमखाँ और तातारखाँ, नूरीखाँ, हुजाबखाँ, महमद असाकेली खाँ और खोखरखाँ आदि मुसलमान सरदार शहाबुद्दीन की चौकी पर थे। रात्रि इसी प्रकार व्यतीत

हुई। दूसरे दिवस पूर्व दिशा में सूक्ष्म सफेदी नज़र आते ही कुक्कुट ने ज्योंही कड़कदार आवाज लगाई कि उसी समय दोनों सेनाओं में खरभर पड़ गई, सब सूर सिपाही लोग अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित होकर रणभूमि में शत्रुओं के रक्त की पिपासा से आकुलित हो नायकों की आज्ञा की प्रतिच्छा करने लगे। एक घड़ी दिन चढ़ते २ वीर पृथ्वीराज भी शूर वीरों के छत्तीसों बाने और जिरह बख्तर धारण कर मतवाले मैगल पर सवार होकर। अपनी सेना के मध्य में आकर सुशोभित हुआ और उसने शत्रु सेना पर आक्रमण करने की आज्ञा दी। पृथ्वीराज की आज्ञा पाते ही युद्ध रंगराते मदमाते वीर राजपूत उस असंख्य यवन सेना पर ऐसे टूटे जैसे भेड़ी के समूह पर भेड़िया दौड़े। दाहने रुख से पृथ्वीराज और बायें रुख से समरसिंहजी ने आक्रमण किया। तब मुसलमान सेना भी अल्लाह बिसमिल्लाह करती हुई हृदय में अपने स्वामी के जय की अभिलाषा करती हुई युद्ध में प्रवृत्त हुई। पूर्व दिशा में उदयाचल स्थित बाल सूर्य की कोमल लालिमा में दोनों सेनाओं के उज्ज्वल शस्त्रों की चमचमाहट से चकाचौंध सी छा जाती थी। उस समय रणवाद्यों की घड़घड़ाहट, प्रबल

वायु वेग से उड़ने के कारण उतंग और प्रशस्त निशानों की फड़फड़ाहट्, अग्नि-अस्त्रों की धड़-धड़ाहट् बान की बौछार, और गोलियों की सनसनाहट् को सुनकर शूरवीरों को तो सुख होता था परन्तु कायर कपूतों के तो प्राण पखेरू ही पयान किये जाते थे। शाह के तरफ से अरबखाँ सेनापति था और उमरखाँ सहायक सेनानायक का कार्य्य सम्पादन करता था। उसने अपने वीरत्व पराक्रम और बुद्धिमता से राजपूत सेना से ११ दिन तक सामना किया अंत में बारहवें दिन ५ घड़ी दिन चढ़ने पर मुसलमान सेना के पैर उखड़ही पड़े। ऐसा समाचार पाकर पीठि सेनानायक खुम्मान खाँ ने बहुत ज़ोर मारा और मुसलमान सेना को हिम्मत देनी चाही जिससे वास्तव में मुसलमान सेना ठहर गई और यवन लोग जी तोड़ कर युद्ध करने लगे। इसी प्रकार जब मध्यान्ह हो गया। और २००० गक्खर काम आ चुके तब मुसलमान सेना ने राजपूतों पर घोर आक्रमण किया। इसी प्रकार चोटें होते होते जब आधी घड़ी दिन शेष रह गया तब निसुरत खाँ, याकूब खाँ, और तत्तारखाँ ने सेना की तीन अनी करके राजपूतों

पर तीन ओर से प्रबल आक्रमण किया, और ऐसी बुद्धिमानी और वीरता दिखाई कि राजपूतों के पैर उखड़ पड़े। यह देखकर रावल समर सिंहजी और पृथ्वीराज हाथी से उतर घोड़ों पर सवार होकर प्राणों का मोह छोड़, शस्त्र ले सेना में घुस पड़े और अपनी उज्ज्वल असि द्वारा वे बड़े बड़े यवन योद्धाओं को खंड २ करके धराशायी करने लगे। उनके पीछे २ अन्यान्य राजपूत वीर भी अपने २ भाई के सपूत पूत होने का परिचय देने में तत्पर हुए और पावस के बद्दल की भाँति संघटित यवन सेना को राजपूत लोग प्रबल वायु स्वरूप बनकर काई सा फाड़ने लगे उधर मुसलमान भी पाँव पीछे देना जहन्नुम में जाने से भी बुरा जानते थे। इसी लिये दोनों सेना में खूब लोहा झरा किन्तु आखिर मुसलमान लोग रावलजी की तेज़ तलवार की धार के सम्मुख ठहरने में असमर्थ हो उठे। उधर पृथ्वीराज ने अपने हाथी को शहाबुद्दीन के सम्मुख झुकाया तब शाह पृथ्वीराज पर सघन बाणों की बर्षा करता हुआ अपनी सेना से बोला कि "ऐ बहादुरो! खाने और सोने में तो सब इन्सान बराबर हैं मगर सच्चा बहादुर वही है जो दुश्मन

के सामने सीना खोल कर अड़े । गोकि मुझे यह पूरा यक़ीन है कि आप लोग अपने मान पर और मेरे काम पर अपनी जान और जहान कुछ भी चीज़ नहीं समझते मगर तब भी कहता हूं कि जिसका जी चाहे यहाँ से बिलाशक चला जाय और अपने बच्चों से जा मिले । लेकिन बहादुरों मेरा तो यही क़स्द है की या तो इसी मैदान जंग में मरूँगा या जिस ख्वाहिश से ग़ज़नी से चला हूं उसे पूरा करके छोड़ूंगा, मैं यह भी जानता हूँ कि बिला मतलब कोई सींक नहीं हिलाता, क्या देव क्या जिन्नत क्या इन्सान सब मतलब के यार हैं । इन्सान दौलत और आराम चाहता है तो शहीद देव जिन्न परिसतिश के ख्वास्तगार हैं, मगर सच्चा नौकर वही है जो वक्त मुशकिल मालिक के काम आवे, सच्चा दोस्त वही है जो दोस्त के दिल का हाल जानता हुआ उसे हमेशा खुश करने की कोशिश करे और कोई चीज़ उससे छिपावे भी न, और जो सच्चे दिल से मुहब्बत करता है वही दोस्त ।"

७-सुलतान की ऐसी बातें सुनकर सब मुसलमान सरदार शाह के सद विचार की प्रशंसा करते हुए जी खोल कर लड़ने लगे । इधर कन्ह

ने खुरासन खाँ के भाई का सामना किया और उसे एक ही वार में मार गिराया। इस से मुसलमानी सेना और भी घबड़ा उठी। उधर पृथ्वीराज ने अपनी सेना को उत्तेजित करते हुए, म्यान से खड्ग खींच लिया और शहाबुद्दीन पर आक्रमण किया। इनके साथ ही चामुंडराय, बलभद्र, पीप पड़िहार और निढ्ढुर राय, ये चार सामन्त भी धरो पकड़ो की ध्वनि मचाते हुए शाह के चारो ओर झुक पड़े। अपने स्वामी की रक्षा करने के लिये शाह के पाँच सरदारों ने जो कि खवास खाने की जगह पर तैनात थे, बड़ा पराक्रम दिखाया किन्तु अन्त में वे मारे गये और शहाबुद्दीन भी पकड़ लिया गया। तब तो मुसलमानी सेना निपट निराश होकर भाग उठी और सब शाही रखत वखत जहाँ का तहाँ पड़ा रह गया जो कि विजयी राजपूत सेना ने राई रत्ती करके लूट लिया। शहाबुद्दीन के बंदी होते ही समस्त सेना में जय जय कार शब्द होने लगा। जहाँ तहाँ वीर राजपूत सैनिक आनन्द ध्वनि करते हुए स्वामी के उत्साह को द्विगुण उत्तेजित करते थे। इस युद्ध में पृथ्वीराज ने चतुर्दशी रविवार को विजय प्राप्त की।

८-इस प्रकार गज़नी के बादशाह शहाबुद्दीन पर विजय पाने के पश्चात आनन्दसूचक अंतरंग सभा में गुरुराम ने पृथ्वीराज से कहा कि-"महाराज ! अब आप दिल्ली को चलिये और वहाँ पर इस विजय का उत्सव मना कर तब पुनः शुभ मुहूर्त साधकर धन निकालने को आइये तो अच्छा होगा।" गुरुराम के ऐसे बचन सुन कर राजा ने काका कन्ह और दाहिम्म राय कैमास की तरफ देखा तो उन्हों ने भी गुरुराम के बचनों का अनुमोदन किया। तब राजा पृथ्वीराज रावल समर सिंह जी कैमास तथा सब सेना को षट्ट बन में छोड़ और आप जामदेव, पज्जूनराय, बलभद्र, जैत प्रमार, काका कन्हराय आदिसिंह आदि छः सामन्तों और थोड़ी सी सेना को लेकर फाल्गुन सुदी १३ को दिल्ली की तरफ पधारे, और दस दिन में पंथ पूरा करके दिल्ली जा पहुँचे। शत्रु पर विजय प्राप्त करके पृथ्वीराज का शुभागमन सुनकर राजकुमार सब सेना और शहरवालों की भीड़भाड़ सहित दिल्ली के बाहर आध कोस पर्य्यन्त पिता की अगवानी करने के लिये पैदल पधारे। राजा ने कुमार से सादर मिलाप करके उन्हें अश्व पर सवार होने की आज्ञा दी,

और तब आप सब सेना सहित आगे बढ़े। चैत बदी ७ को पृथ्वीराज दिल्ली में पहुँचे। वहाँ उन्होंने सानन्द सब से मिलाप करके सुख से भोजन किया और नाना प्रकार के भोग बिलास से सुखी होकर शहाबुद्दीन को अपने सामने बुला कर सेवकों को आज्ञा दी कि उसे सुख से सन्मान सहित रक्खो। शहाबुद्दीन के पकड़ जाने का समाचार जब ग़ज़नी में पहुँचा तो वहाँ के राज्य उपमंत्री तत्तारखाँ ने एक चतुर खत्री को सब प्रकार समझा बुझाकर और एक पत्र देकर दिल्ली की ओर भेजा। यह लोरक नामक खत्री ५०० सवारों सहित बारह २ कोस का पड़ाव करता हुआ दिल्ली के नगर द्वार पर आ पहुँचा। वहाँ उसने सब दिन विश्राम करके दो घड़ी रहने पर दिल्ली नगर में प्रवेश किया और राजद्वार पर जाकर दरबार में इतला करवाई कि ग़ज़नी से तत्तार खाँ का भेजा हुआ राजदूत श्रीमान के दर्शनों की अभिलाषा से द्वार पर उपस्थित है। यह समाचार पाकर राजा ने उसे सम्मुख बुलाया। तब लोरकराय ने दरबार में पहुँच कर राजा को सादर प्रणाम किया और राजा की आज्ञा पाकर वह एक ओर अदब से

बैठ गया। कुछ देर में राजा का रुख देखकर वह चतुर दूत फिर उठा और राजा को तीन बार झुककर प्रणाम करके उसने तत्तारखाँ का दिया हुआ पत्र राजा के पेशकार मधुशाह के सामने सादर पेश किया। राजा की आज्ञा पाकर मधुशाह ने उस पत्र में लिखी हुई शहाबुद्दीन को मुक्त किये जाने के विषय में तत्तारखाँ की अर्ज़ी पढ़ सुनाई, जिसे सुन कर राजा ने हँस दिया। बुद्धिमान मधुशाह ने राजा की दृष्टि में उनके आंतरिक अभिप्राय को ताड़ लिया, और इसलिये उसने लोरकराय को युक्तिपूर्वक दरबार से बिदा कर दिया। दूसरे दिन लोरकराय पुनः दरबार में उपस्थित हुआ और उसने पृथ्वीराज की वीरता धीरता और सहनशीलता की बहुत कुछ प्रशंसा करके पुनः बादशाह के मुक्त होने की बात चलाई। पृथ्वीराज ने उसकी बातों का कुछ भी उत्तर न देकर उससे प्रश्न किया कि शहाबुद्दीन का, गोरी नाम क्यों पड़ा।

९–राजा के ऐसे बचन सुन, लोरकराय बोला कि–"महाराज ! ग़ज़नी में जलालुद्दीन नामक एक क्रूर बादशाह राज्य करता था। वह ऐसा विषयासक्त था कि उसके महल में ५१०

हरमें (रानियाँ) थीं, किन्तु साथ ही इसके वह निठुर और निस्नेह भी बड़ा था। वह जिस हरम के गर्भवती होने की खबर पाता उसका सर अपने हाथ से काट लेता था और वह केवल इसी भय से कि गर्भ से जन्मा हुआ पुत्र कहीं मुझे मारकर आप राज्य का अधिकारी न बन बैठे, किन्तु न जाने क्या सोचकर निज़ामशाह नाम के एक फकीर की सेवा वह बहुत किया करता था। उसकी सेवा से प्रसन्न होकर फ़क़ीर ने आशिर्बाद दिया कि तुझको एक प्रतापी पुत्र उत्पन्न होगा। फकीर का आशिर्बाद सुनकर शाह के मानो सिर पर बज्रपात हुआ; यह घबड़ाता हुआ घर आया तो सुनता क्या है कि एक बेगम गर्भवती है, परन्तु जब तक शाह उसके मारने का विचार करे कि वह भयभीत बेगम महल से निकल कर भाग गई, इसके पाँच वर्ष पश्चात् शाह जलालुद्दीन भी जहन्नुम रसीद हुआ। तब राज्य कर्मचारीगण बड़े सोच बिचार में पड़े कि अब इस अराजक प्रजा का पालन किस भाँति होना संभव है। तब तक एक शेख ने आकर कहा कि एक अद्वितीय तेजस्वी बालक नगर के बाहरी प्रान्त में ग़ोर अर्थात् कब्रिस्तान में रहता है, तुम उसे

ही अपना बादशाह बनाओ। चलो मैं तुम्हें उस बालक को दिखा दूँ। जब सब लोग उसके साथ हो लिये तो वहाँ जाकर देखते क्या हैं कि एक ५ वर्ष का परम प्रतापी बालक बैठा हुआ बाल क्रीड़ा कर रहा है।

१०–सब लोग उसका तेजस्वी स्वरूप और होनहार पुरुषों की आकृति देखकर उसे सादर राज्य महल में लाये और नजूमियों को उसके जन्म फल कहने की आज्ञा दी तो उन लोगों ने कहा कि यह बड़ा बादशाह होगा। यह भारतबर्ष में भी मुसलमानी शासन की नींव डालेगा और जिससे यह बार बार बंदी किया जायगा, उसे ही यह नाश करने वाला होगा। इस प्रकार जब लोरकराय शहाबुद्दीन की पूर्व कथा वर्णन कर चुका, तब पृथ्वीराज बोले कि शाह के पास शृंगारहार नामक एक सिंहलद्वीपी परम सुन्दर प्रशस्तकाय हाथी है। वह और उसके साथ ३० हजार घोड़े हमको दंड में दिये जाँय तो हम तुम्हारे बादशाह को छोड़ देवें। इस पर लोरकराय ने उतर दिया कि श्रीमान् की जैसी मर्ज़ी होगी वही किया जायगा परन्तु हमारी प्रार्थना यही है कि शाह छोड़ दिया जाय। इस प्रकार प्रतिज्ञा करके लोरकराय ने

ग़ज़नी को एक पत्र लिख कर वहाँ से उक्त हाथी और घोड़े मँगा कर पृथ्वीराज को समर्पण किये, और तब शाह को छुड़ा लिया। शहाबुद्दीन क़ैद से छुटकर ग़ज़नी जा पहुँचा और वहाँ उस के शूर सामन्त और साथी लोग नाना भाँति से आनन्द मनाने और अपने परवरदिगार को धन्यवाद देने लगे।

११–इधर पृथ्वीराज उस दीर्घकाय शृंगारहार को निरंतर अपनी आँख के सामने रखता था, वह हाथी सात हाथ लम्बा और दस हाथ मोटा था जिस समय पृथ्वीराज गिरिपुत्र ऐसे गयंद पर सोने चाँदी का साज सज कर सवार होता था उस समय ऐसा सुशोभित होता था मानो पृथ्वी को तारण-तरण करने के लिये इन्द्र के अंश का आविर्भाव हुआ हो। एक दिन पृथ्वीराज उस हाथी पर चढ़ कर शिकार करने के लिये पधारे तब तक नरनाह कन्ह भी साथ में हो लिये, दोनों नरसिंह वीर उस सघन वन में बिचरते फिर रहे थे कि बनरखे ने आकर खबर दी कि महाराज पास ही एक बडा भारी सूअर है। तब राजा ने उसको रोकने की आज्ञा दी और वह आप स्वयं उसकी ओर बढ़ा, चारों ओर से

घिर जाने पर उस सुअर ने हुंकार शब्द करते हुए जो बढ़ना चाहा कि राजा ने उसे बाण से मार कर धराशायी किया, तब तक एक शेर का समाचार मिला जिसे सुनकर राजा ने प्रसन्नता प्रगट करते हुए कहा कि मैं तो अब इसका शिकार किए बिना न रहूँगा और तत्क्षण ही वह पारधी के कहे हुए संकेत-स्थल की ओर मुड़ पड़े। थोड़ी दूर चलने पर देखा गया कि नदी के किनारे एक बिकराल सिंह एक भूषक के मृतक शरीर को भक्षण कर रहा है। ऐसा देख कर राजा ने उसके हाँके जाने की आज्ञा दी, इधर से महावत ने भी शृंगारहार को उसी ओर झुकाया यह सब कोलाहल सुन कर वह सिंह बड़े ही वेग से राजा की तरफ झपटा और राजा ने भी तीर चलाया पर चूक गया। तब खवास खाने में बैठे हुए कूरंभराय ने खड्ग से सिंह को टूक टूक करके गिरा दिया। इस वीरता से सब सेना तथा राजा ने कूरंभराय की बड़ी प्रशंसा की। इस प्रकार शिकार करके राजा जब दिल्ली लौट आये तब कविचंद ने शेर के शिकार सम्बन्धी उक्त समाचार को सुनकर राजा पर पुष्प वर्षा करके आशिर्वाद दिया।

१२–दूसरे दिन राजा ने पुरोहित गुरुराम से धन निकालने के लिये खट्टूबन को चलने के लिये शुभ मुहूर्त्त पूछा। अतएव गुरुराम ने वैशाख सुदि ३ को प्रस्थान निश्चय किया। तदनुसार ही महाराज ने यात्रा की। रास्ते में नाना प्रकार के मांगलीक वस्तुओं का दर्शन करते हुए,जब पृथ्वीराज खट्टू-वन में पहुँचे तब रावलजी ने आगे बढ़कर सादर मिलाप किया, इधर पृथ्वीराज ने भी योगिराज रावल को शाह के छोड़े जाने और शिकार इत्यादि का समाचार सुना सुना कर प्रसन्न किया। इस प्रकार उस दिन का परिश्रम निवारण करने के पश्चात् राज्य मन्त्री कैमास से राजा ने धन निकालने के विषय में पूछा। तब कैमास ने वहाँ का भेद वर्णन किया और राजा, रावलजी तथा मुख्य मुख्य सामन्त और कुछ सेना को लेकर उपरोक्त पाषाण लिपि के पास पहुँचे। कैमास ने उस बीजक को पढ़ा तो उसमें ये वाक्य लिखे थे-

॥ दोहा ॥

ऊरध अंगुल सठ त्रिसठ, तीर कहत चवसिट्ठि।
तहाँ अच्छर न्रिग्गो सु इय, सर में द्रव्य अनिट्ठि॥
भरि प्रसंक अंगुल भरि, गतिय अंगुल सत अंक।
अंगुल अंगुल अंक में, एकादसो प्रसंक॥ २॥

फिर कैमास ने बीजक के तात्पर्य को भली भाँति समझ कर और तनुसार ही अपने हाँथ से स्थान को नापकर वहाँ पर खोदने की आज्ञा दी। रावलजी ने वहाँ पर अनिष्ठों के नष्ट होने के अभिप्राय से प्रथम पूजनार्चन किया और तब खुदवाना आरंभ किया।

१३–कुछ ही गहरा खुदने के अनन्तर एक पाषाण पूतरी पाई गई जिसके माथे पर कुछ अंक खुदे हुए थे। निदान उसे भी कैमास ने पढ़ा तो उसमें लिखा था कि "सब सामन्त लोग मुझे देखकर न हँसे तो पाषाण को देखैं। निदान शुभ मुहूर्त का बेध होते ही कमान की मठ के बीच की ताली निकालने के लिये ज्योंही उसे तोड़ा गया कि एक बड़ा भारी सर्प फनफना कर निकला जिसको देख कर और तो सब लोग भागे परन्तु चन्द ने मंत्र द्वारा कील कर उस सर्प को पकड़ लिया और तब सब लोग अति आश्चर्य से उस अमोघ धन को देखने लगे। चंद की बात मान कर (संबत ११३८) महाराज पृथ्वीराज स्वयं धन निकालने के लिये वहाँ आए और आज्ञा दी कि इस शिला का सिर काट कर धन निकाला जाय। राजा की इस आज्ञा के देते ही वह भूमि

काँपने लगी और एक हुंकार शब्द भी हुआ। शस्त्र की नोक से एक पत्थर हटाया गया जोकि तीस अंगुल मोटा था जिस में से बारह अंगुल मोटे हंडे का मुँह दबा था। इस प्रकार खजाने का मुँह खुल गया, तब उसमें से अमोघ धन निकाला गया।

१४—दूसरे दिवस सब धन सम्मुख रक्खा गया। राजा पृथ्वीराज और रावल समरसिंहजी दोनों धीर पुरुष प्रेम पूर्वक एक ही सिंहासन पर बैठ कर उक्त धन का निरीक्षण करने लगे। उसी समय पृथ्वीराज ने रावल जी को आधा धन बाँट देने की इच्छा प्रगट की, परन्तु रावल जी का रुख न देखकर चुप हो रहे। और उनके अनुचरों को यथायोग्य द्रव्य प्रदान करके उन्हें प्रसन्न किया। तदुपरान्त रावल जी ने भी आग्रह पूर्वक बिदा माँग कर चित्तौर चलने की तय्यारी की, तब पृथ्वीराज ने ५ हाथी और १०० घोड़े देकर बिदा किया। चंद कवि और कैमास कुछ दूर पर्य्यन्त पहुँचाने गये। जब कैमास रावलजी को पहुँचा कर लौटे तब राजा के आज्ञानुसार वह सब धन हाथियों पर लदवाकर ससैन्य दिल्ली की ओर यात्रा की गई। निदान जेष्ठ सुदी

तेरह रविवार को राजा पृथ्वीराज दिल्ली में दाखिल हुए । इनका आगमन सुन कर राजकुमार ने सब राजसी ठाट बाट सहित नगर के बाहर आकर अगवानी की । उस दिन दिल्ली नगर भी अपनी सज धज और प्रतिभा से इन्द्रपुरी को परास्त करने का अभिमानी था, अटा अटारी गोख और झरोखों में मंगलामुखी स्त्रियाँ कलकण्ठ से गान करती थीं । राज द्वार पर नौबत झड़ती, बंदीजन बिरदावली पढ़ते और ब्राह्मण लोग स्वास्तिबाचन कर रहे थे । राजा ने महलों में जाकर सब रानियों को प्रसन्न किया । दूसरे दिन राजा ने दरबार में बैठ कर उस सम्पत्ति का आधा भाग यथायोग्य सब सामंतों में बाँट दिया । शेष को राज्य कोष में जमा किये जाने की आज्ञा दी ।

——०——

५– वीरनारी ताराबाई ।

"दुष्ट नराधम कुलाङ्गार ! हमारी ही शरण और हमीं से दुष्टता ! महाराज ! इस नीच के वश में किसी को जीवित न रहने देना चाहिये"

"बहुत ठीक, वीरसिंह ! तुमने बहुत ठीक कहा । जिस पत्तल में खांना उसी में छेद करना ! देखो यहाँ से निकल कर अब किस की शरण जायगा ।"

"नहीं, नहीं । कपटी को कपटाचरण का फल अवश्य मिलना चाहिये था, मेरा पुत्र हो अथवा कोई हो मुझे इस से कुछ प्रयोजन नहीं । जिसने कपट करना चाहा उसको उचित दंड मिल गया । एक विपात्ति में पड़े हुए शूरवीर के संग और उस पर शरणागत से अनुचित व्यवहार करना भला इस से भी बढ़कर कोई निन्दित कार्य्य हो सकता है राव शूरथान ! तुमने बहुत अच्छा किया । मन्त्री ! राव शूरथान के पास परवाना लिख भेजो कि

हम तुम्हारे साथ अनुचित व्यवहार करने से तुम्हारे हाथ से अपने पुत्र की मृत्यु सुनकर बहुत सन्तुष्ट हुए और तुम्हारे इस स्वाभिमान से प्रसन्न होकर बदनौर का राज्य तुम्हें अर्पण करते हैं। महाराणा रायमल के यह वाक्य सुनकर समस्त सभा में सन्नाटा छा गया। यह बड़ें पराक्रमी और न्यायशील राजा थे। इनके न्याय का परिचय इसी से मिल सकता है कि इन्हों ने एक अनुचित कार्य्य करने पर अपने उत्तराधिकारी पुत्र के मारनेवाले को केवल क्षमा ही नहीं कर दिया वरन् उसके इस वीरोचित कार्य्य से प्रसन्न होकर उसको एक राज्य भी प्रदान कर दिया।

चित्तौर के प्रसिद्ध महाराणा रायमल के तीन पुत्र थे—इतिहास प्रसिद्ध राणा साँगा, समर विजयी पृथ्वीराज और सब से छोटे जयमल। यह तीनों बड़े कलही और युद्धप्रिय थे। एक बेर आपस में झगड़ा उठा कि गद्दी का उत्तराधिकारी कौन होगा। इस पर वीरवर साँगा ने प्रस्ताव किया कि इस झगड़े का निपटारा भवानी के मन्दिर में हो जाय। जिसको वहाँ की योगिनी उत्तराधिकारी ठहरावें उसी को सब मस्तक झुकावें। इस पर सब सहमत होगये और देवी के मन्दिर की ओर

चले। वहाँ पहुँच कर एक बाघाम्बर पर जो मंदिर में पड़ा था वीरवर साँगा बैठ गये। इन के चाचा सूर्यमल भी साथ थे और उनका भी एक जंघा उसी बाघाम्बर पर था, पास ही एक मृगचर्म पड़ा था कुँवर पृथ्वीराज और जयमल उस पर बैठे। योगिनी से आने का प्रयोजन कहा गया। उसने बाघाम्बर की ओर अंगुली उठाकर कहा—"जो वीर बाघाम्बर पर विराजमान हैं उन्हीं के शिर पर राज मुकुट शोभा देगा। इतना सुनते ही पृथ्वीराज अपनी तलवार खींच कर साँगा पर झपटे। सूर्य-मल ने उनका आक्रमण रोका। चारों जन आपस में युद्ध करने लगे। साँगा घायल होकर वहाँ से भाग गये। पृथ्वीराज और जयमल मूर्च्छित हुए और सूर्यमल भी बहुत घायल हो गये।

(२)

पृथ्वीराज महावीर योद्धा थे। इनके चरित से अन्तिम भारतीय सम्राट् महाराज पृथ्वी-राज का चरित बहुत मिलता है। वे उन्हीं के समान बिकट अस्त्राधारी, पराक्रमी और धीर वीर थे। साँगा उनको भली भाँति जानते थे और एक बार उनको अपना शत्रु देख अपने प्राण बचाने का उन्हें केवल एक उपाय था कि वे अज्ञातवास लें और सो ही उन्हों ने किया।

अहा संसार में दुख सुख भी क्या वस्तु है। जो राणा संग्रामसिंह मेवाड़ राज के दस सहस्र नगरों के उचित उत्तराधिकारी हैं आज उनको चरवाहों के यहाँ पेट पालने के लिये दासत्व करना पड़ा। पहिले यह गाय भैंस चराने के कार्य्य पर नियुक्त किये गये, परन्तु वह सन्ध्या के समय जब लौटते तब एक आध पशु अवश्य छोड़ आया करते तिस पर वे चरवाहे इन्हें बहुत कुछ भला बुरा कहते, तब महा कठिनाई से यह विचारे फिर ढूँढ़ ढाँढ़ कर सब पशुओं को पूरा करते। जब इन से चरवाही का काम नहीं हो सका तब उन सभों ने इनको रोटी बनाने पर रक्खा, परन्तु यह रोटी भी कच्ची पक्की बना कर रख देते। इस पर वे सब इनका तिरस्कार करके कहते "खा तो जाता है ढाई सेर, काम रत्ती भर भी नहीं करता" इसी दशा में यह बहुत दिन तक रहे।

एक दिन कुछ राजपूतों ने इनको पहचाना और इनको एक घोड़ा और कुछ अस्त्र देकर श्रीनगर के प्रसिद्ध डाकू कर्मचन्द्र के यहाँ ले गये। तब से वह श्रीनगर के डाकुवों में सम्मिलित हो गये। एक दिन जब यह डाका मार कर आ रहे थे एक वृक्ष के नीचे लेट कर सो गये। इनके

और साथी वहीं भोजन बना रहे थे। सूर्य की किरणें इनके मुख पर पड़ने लगीं। एक भुजंग भी पास ही बैठा था इनके मुख पर घाम पड़ते देख उसने अपने फण से छाया कर दी। एक पक्षी बड़े ज़ोर से चीत्कार करने लगा। कर्मचन्द का एक और डाकू उसी ओर से जा रहा था उसने यह सब घटना देखी। संग्रामसिंह की भी आँख खुली और वह उठकर बैठ गये। पक्षी उड़ गया। इधर उस डाकू ने बड़े आदर से मस्तक झुकाकर इन को प्रणाम किया। यह उसका अभिप्राय समझ गये; परन्तु इन्हों ने कुछ उत्तर न दिया। उस ने यह समाचार कर्मचन्द को सुनाया और उन्हों ने भविष्यत् की आशा से अपनी बेटी का व्याह इन से कर दिया।

(३)

जब राणा रायमल को अपने पुत्रों के कलह का समाचार मिला तो उन्हों ने सदा के लड़ाके पृथ्वीराज को ही इसका मूल कारण समझ कर उनको देश से निकल जाने का हुक्म दिया। वीर-वर पृथ्वीराज अपने बाहुबल पर बहुत भरोसा रखते थे। वे प्रायः कहा करते थे कि 'मेरे जीते जी चित्तौर की गद्दी पर कोई और बैठे तो मैं

देखूँ' अपने पिता की आज्ञा सुनकर वे तुरन्त अपने पाँच परम मित्रों के सँग देश से निकल गये। गुरुद्वार का देश मेवाड़ के आधीन था, परन्तु किसी कारण से मेवाड़ के सभी प्रदेशों की भाँति वह भी नाममात्र ही हिन्दू पति का आधिपत्य मानने लगा था। अरावली के मीना वंशियों ने उस पर अपना अधिकार जमा लिया। पृथ्वीराज उसी ओर चले और वहाँ की राजधानी में प्रवेश कर एक जौहरी के यहाँ अपनी अँगूठी बेचने लगे। किसी समय में उसी जौहरी से उन्हों ने यह अँगूठी मोल ली थी। इस से वह इन को पहिचान गया और इनको सहायता पहुंचाने का बचन दिया। इन्हों ने उसको भी अपने सँग ले लिया और उसके कथनानुसार मीना वंशियों के यहाँ नौकरी कर ली। मीनाओं के यहाँ एक त्यौहार 'अहेरिया महोत्सव' (Hunter's festival) हुआ करता था उस में सब सेवकों को छुट्टी दी जाती थी कि वे अपनी इच्छानुसार जहाँ चाहें जाँय। पृथ्वीराज और इनके सङ्गियों को भी छुट्टी मिली। इन्हों ने इसे अपने कार्य्य सिद्ध करने अर्थात् गुरुद्वार को फिर मेवाड़ राज्य में मिलाने का बहुत अच्छा अवसर समझा।

जिस समय मीना वंश के 'राव' राजा अपनी राजधानी नदालय नगरी में उत्सव मना रहे थे पृथ्वीराज ने अपने राजपूतों को उन पर आक्रमण करने की आज्ञा दे दी, और स्वयं फाटक पर खड़े हो गये। राजपूतों ने मीनओं को मारना काटना आरम्भ कर दिया, कुछ देर तक युद्ध हुआ, अन्त में मीना लोग परास्त होकर भागे मीनाओं का राजा भी अपना प्राण बचाने को नगर के बाहर भागा। पृथ्वीराज वहीं फाटक पर खड़े थे, भाला से उठा कर उसे एक पेड़ पर फेंक दिया, फिर समस्त गुरुद्वार को मीनाओं से खाली करके एक राजपूत को वहाँ का राजा बनाया और मेवाड़ राज्य को एक प्रार्थनापत्र लिख भिजवाया कि यह राज्य उससे लौटा न लिया जाय। इस प्रकार अपना कार्य सिद्ध करके पृथ्वीराज मारवाड़ राज्य में चले गये और वहीं रहने लगे, अब राणा जी के केवल एक पुत्र जयमल रह गया और वही राज्य का उत्तराधिकारी था।

(४)

दिल्लीपती अलाउद्दीन ने जिस समय अणहलवाड़ा पाटन के राज्य को नष्ट भ्रष्ट कर डाला था

तब वहाँ के चालुक्य वंशीय राजपूत तक्षशिला अथवा तोड़ातङ्क में बस कर वहीं का राज्य करने लगे थे परन्तु उनके बहुत दिन वहाँ भी सुख से न बीते। राव शूरथान को एक अफगान सरदार लैला ने वहाँ से निकाल दिया, तब इन्हों ने मेवाड़ राज्य में आकर शरण ली और बेद्नोर स्थान में रहने लगे। इनके एक कन्या ताराबाई थी। इसके सौन्दर्य्य की प्रशंसा समस्त राजस्थान में फैल गई थी। बाल्यावस्था में शूरथान उसको आर्य्य पुत्र व पुत्रियों की अद्भुत वीरता साहस और ज्ञान की कथाएँ सुनाया करते थे। ताराबाई उनको बहुत ध्यान से सुनती थी और जब २ समय मिलता तब २ अपने पिता के पास जाकर नवीन २ वृत्तान्त सुनकर उन चरित्रों पर एकान्त में बैठ कर विचार किया करती थी। जब शूरथान तोड़ा-तङ्क से निकाले गये थे उस समय ताराबाई बहुत छोटी थी, परन्तु अपने पिता का मुख मलीन देखकर उस अवस्था में भी उसे बड़ी चिन्ता हुआ करती थी। वह बहुधा सोचा करती कि यदि मैं लड़का होती तो अपने पिता के सब दुख क्षणमात्र में दूर कर देती। हा दैव ने! मुझे स्त्री का शरीर काहे को दिया। ताराबाई यथाशक्ति

अपने पिता को प्रसन्न रखने की चेष्टा करती थी, परन्तु जिसकी स्वाधीनता, जिसका राज्य शत्रुओं के आधीन हो और जो स्वयं दूसरे की शरणागत हो उसको स्वप्न में भी सुख कहाँ। यद्यपि राणा रायमल सब प्रकार से अपने शरणागत के सुख के सामान का प्रयत्न करते रहते थे परन्तु वह एक स्वाधीन राजा के, जो, अपनी स्वतन्त्रता खो बैठा हो, दुःख का कैसे उद्धार कर सकते थे। राव शूरथान के सरदारगण जो एक बार स्वतन्त्रता की वायु में विचर चुके थे अब पराधीन होकर मन ही मन में कुढ़ते थे। कई बार उन्होंने अफगानों पर चढ़ाई की परन्तु अभाग्यवश परास्त ही होते रहे। ताराबाई को सब से अधिक दुःख था। वह सदा चिन्ता में रहा करती थी। एक बार एकान्त में सोचते २ इसके मन में विचार आया "हैं मैं अभी तक किस भँवर में पड़ी हूं केवल यह समझ कर कि मैं पुरुष नहीं स्त्री हूं हाथ पर हाथ धरे बैठी हूं। भला, अभी तक मेरी मति कहाँ थी। प्राचीन आर्य्य बालाओं ने कैसे २ साहस और पराक्रम के काम किये हैं। पुरुषों से बढ़ २ कर वीरता, देशभक्ति और उदारता दिखाई है युद्धों में जा २ कर सेना को उत्साहित किया

है। विजय प्राप्त की है। अपना यश फैलाया है। शास्त्रार्थों में बड़े २ पण्डितों को परास्त किया है। जितने बड़े २ काम हैं सभी को उन्हों ने कैसी सुन्दरता से किया है। क्या अब मैं वही काम नहीं कर सक्ती—मैं भी कैसी मूर्ख हूँ। क्या मेर शरीर में जीव नहीं ? फिर मैं किस बात में किसी पुरुष से न्यून हूं। मैं बडी पापिनी हूं, जो इतना समय व्यर्थ नष्ट किया। इतने समय में कुछ काम किये होती तो अब तक क्या न कर डाले होती ! आज मेरी आँखों से अज्ञान का परदा उठा। आज मुझे ज्ञात हुआ कि मुझ में भी पुरुषों की नाईं जीव है। मैं भी परमेश्वर के हाथ से रची गई हूँ। जो कुछ संसार में पुरुष कर सकता है मैं भी अवश्य कर सकती हूँ" वह जोश में खड़ी हो गई और ज़ोर से कहने लगी "मैं कर सकती हूँ ! मैं करुंगी !! और अवश्य करुंगी !!! तोड़ातङ्क के सिंहासन को मैं पिता के चरणों से फिर स्वयं सुशोभित कराऊँगी" उसका तेज और भी बढ़ा और बाँया पाँव आगे बढ़ाकर बोली "मैं सुवीरा व्रत कर तोड़ातङ्क की रक्षा करूँगी। संसार को कम्पायमान कर दूँगी, देखूँ, अब मेरे आगे कौन ठहरता है। पृथ्वी सुने है, आकाश

सुने है, त्रिभुवन सुने है, मैं बारम्बार पुकार पुकार कर कहती हूँ कि मैं अपने चरित्र से सारे संसार को दिखा दूँगी कि भारतवर्ष की स्त्रियों ने क्या २ किया है, क्या २ कर सकती हैं और क्या २ करती हैं। मैं प्रतिज्ञा करती हूँ कि जब तक पिता को तोड़ातङ्क के सिंहासन पर आरूढ़ न कर लूँगी संसार की सुख दायक सामग्रियों से सदा विमुख रहूँगी—देव लोक सुने है, नरलोक सुने है, नाग लोक सुने है, सूर्य्य भगवान्! तुम मेरे साक्षी हो, आज तुम्हारे सम्मुख यह प्रतिज्ञा करती हूं कि जब तक तोड़ातङ्क पर मेरी जातीय पताका न फहरायगी मैं अपना बिवाह न करूँगी, और बिवाह करूँगी तो उसी से करूँगी जो मुसल्मानों से देश का उद्धार कर मेरे पिता को फिर सिंहासनारूढ़ करेगा। बस अब चलूँ, जो प्रतिज्ञा की है उसके पूर्ण करने का उद्योग करूं"

(५)

ताराबाई ने उसी दिन से शस्त्र विद्या सीखना प्रारम्भ कर दिया। घोड़ की सवारी में वह बहुत ही निपुण हो गई कुछ ही समय के उपरान्त उसके सरदारों में से कोई उस की बराबरी नहीं कर

सकता था। सचमुच ताराबाई ने अपने समय के भारत ललनाओं का मुख उज्ज्वल करने ही को जन्म लिया था। राजपूती विद्या में निपुण होकर उसने अपने पिता से फिर यवनों पर आक्रमण करने की प्रार्थना की। चढ़ाई की गई। परन्तु ताराबाई का अभिप्राय सिद्ध न हुआ। फिर उसने चढ़ाइयाँ की परन्तु बराबर विफल मनोर्थ ही होती रही। भला, प्रबल मुसलमानी सेना के सम्मुख मुट्ठी भर बहादुर राजपूत क्या करते। कहाँ तक शत्रुओं की विशाल सेना से युद्ध करते। उनको बार बार परास्त होना पड़ता था। परन्तु इससे ताराबाई कभी निराश नहीं होती थी। वह ज्यों २ हारती जाती थी त्यों २ उसका संकल्प और भी दृढ़ होता जाता था। उसने ठान लिया था कि अपनी छोटी सेना के होते हुए भी शत्रुओं को सुख से सोने न दूँगी और सचमुच उसने अफगान सरदार लैला को सुख की नींद न सोने दिया।

(६)

ताराबाई के सौन्दर्य और वीरता की कथायें सारे भारतवर्ष में गाई जाने लगी थीं, और

नित्य उसके गुण गान में वृद्धि ही होती जाती थी। सब राजे महाराजे उसके पाने के अभिलाषी थे, परन्तु उसकी प्रतिज्ञा सुनकर हाथ मल कर रह जाते थे। युवराज जयमल ने ताराबाई के व्रत को पूरा किया और राव शूरथान ने बड़े आदर से उनको अपने पास बुलाया। वे उनको ताराबाई के पास ले गये। ताराबाई ने प्रश्न किया "युवराजजी! क्या आप मेरी प्रतिज्ञा में मेरी सहायता करेंगे" जयमल बोले "हां अवश्य करूँगा।" इस समय ताराबाई की मोहनी मूर्त्ति को देखकर वे आपे में न रहे और कुछ क्षत्रिय व्यवहार के विरुद्ध वचन मुख से निकल गये। राव शूरथान पास ही खड़े थे तुरन्त ही उनका हाथ तलवार की मूठ पर पड़ा। क्षण भर में वह महाकाल की जिह्वा की नाईं लपलपाती हुई जयमल की गर्दन पर जा गिरी युवराज का शिर गेंद के समान भूमि पर जा पड़ा। सब में हाहाकार मच गया। मेवाड़ राज्य के एकमात्र उत्तराधिकारी को शूरथान ने बध किया है भला महाराणा जी क्या न कर डालेंगे। जिन २ रजवाड़ों में समाचार पहुँचा वहाँ यही चर्चा होती थी परन्तु धन्य राजपूत हृदय; जिस समय सभा में

बैठे हुए महाराणा जी को यह समाचार मिला और सब सरदार अपनी २ तलवारें खींच कर खड़े हो गये और शूरथान के समस्त वंश को निर्मूल करने के लिये राणा जी को उत्तेजित करने लगे उन्होंने कैसी सावधानी से उनको समझा कर ठण्डा किया। अहा! धन्य राजपूत हृदय! यह तो अपूर्व काम था केवल अपने एक ही बचे खुचे पुत्र को मारनेवाले को उन्होंने क्षमा ही नहीं कर दिया वरन् वेदनौर का जिस स्थान पर वह इस समय टिका हुआ था राज्य उसी को दे दिया। जिस राणा ने कि दिल्लीश्वर को विकट युद्धों में ऐसा परास्त किया था कि वह उनके नाम से घबराता था, जिस राणा के आगे समस्त भारतवर्ष के राजे महाराजे अपना मस्तक झुकाते थे, जिस राणा के तेज से आर्य्य नाम अब भी शोभा पाता था, उसी राणा ने आज 'सत्य' जो पुत्र से अधिक मान कर अपने मन में 'हिन्दूपति' नाम यथार्थ कर दिखाया! पुत्र शोक किसको नहीं होता है, परन्तु क्या आर्य्यवीर सांसारिक मोहों में पड़ कर 'सत्य' का कभी त्याग कर सकते हैं? क्या सत्य के पालन के सम्मुख वह जीवनादि किसी को कुछ

समझ सकते हैं ? फिर क्या ऐसे सत्यप्रेमी जो न कर डालें सो ही थोड़ा है।

(७)

वीरवर पृथ्वीराज का यश दिन २ फैलता जाता था। नित्य नया कौतुक दिखाकर वह यश लाभ कर रहे थे। ताराबाई मन ही मन में उन को अपना पति बना चुकी थी वह समझती थीं कि यदि कोई मेरा कार्य्य सिद्ध कर सक्ता है तो वह केवल महावीर पृथ्वीराज है और यदि परमात्मा ने किसी को मेरे योग्य बनाया है तो वह भी पृथ्वीराज ही है। यदि मैं करूँगी तो ऐसे वीर के अतिरिक्त किसी और के गले में जयमाला न डालूँगी। उसके मन में बहुधा यह चिन्ता उठा करती था "क्या मैं ऐसे वीर की पत्नी होने का सौभाग्य प्राप्त कर सकूँगी ? क्या पृथ्वीराज मेरे लिये कष्ट सहेंगे। क्या वे मेरी सहायता करेंगे।" उधर पृथ्वीराज ने भी ताराबाई की प्रशंसा बहुत सुनी थी। उसमें रूप और गुण विधाता ने दोनों ही एकत्रित कर दिये थे। ताराबाई भारतवर्ष की एकमात्र तारा थी। परन्तु पृथ्वीराज भी सच्चे क्षात्रिय थे। उनके लिये सर्व्वाङ्ग सुन्दरी ताराबाई की 'मूर्त्ति'—जिसकी

प्राप्ति के लिये और नरेशों का चित्त व्याकुल हो रहा था कुछ भी नहीं थी। ताराबाई में जो सब से प्रिय 'लक्षण' उन्हें जान पड़ते थे वह उसकी अद्भुत वीरता, निपुण रणशिक्षा, ज्ञान-शीलता और महान उद्देश्य थे और प्रायः वह उसकी योग्यता को सराहा करते थे। राणा जी भी अपने वीरपुत्र के पराक्रम की कथायें सुन २ कर उनसे प्रसन्न हो गये थे और जयमल के मारे जाने पर उनको देश में बुलवा लिया था। जिन पृथ्वीराज को रायमल ने देश से निकाल दिया था आज उनको फिर पाकर वे जी खोल कर मिले। अपने पुत्र के गौरव को अपना गौरव माना और उनके वीर मुख को वार २ निहार कर अपने नयनों को तृप्त किया। कुछ समय के उपरान्त पृथ्वीराज जी का ध्यान ताराबाई के स्वयम्बर की कठिन प्रतिज्ञा पर गया। जब से वे देश को लौट आये थे तब से उनको लड़ने का अवसर नहीं मिलता था। इन को तलवार म्यान में धरना महा कठिन जान पड़ता था। कहीं उस में जँग न लग जावे, इस बिचारे से निकाल २ कर उसे फिर धर लेते थे। इन्हों ने सोचा, चलो, ताराबाई के ही बहाने लड़ने का अवसर मिलेगा

और अपने समय की सब से रूपवती और गुणवती स्त्री भी हाथ आवेगी ।

(८)

यह सोच विचार कर उन्हों ने वेदनौर की ओर प्रस्थान किया। उनके आने का समाचार सुनकर तारा के आनन्द की सीमा न रही। जिस वीरवर की मूर्त्ति की उपासना उसने इतने दिनों से अपने हृदय में की थी आज क्या वही वीरवर आ रहे हैं। तारा को अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण होने की और भी आशा हुई, पृथ्वीराज शूरथान से मिले। उचित आदर सत्कार के उपरान्त शूरथान ने पूछा "क्या आप यवनों को मेरे देश से निकाल देंगे।" पृथ्वीराज जी वाक-पटुता में निपुण नहीं थे। उन्हों ने तीन शब्दों में उत्तर दे दिया "एक सप्ताह में।" उसके उपरान्त ताराबाई के पास गये। उसका कंठ गद्गद हो गया। उधर पृथ्वीराज भी उसकी मोहनी मूर्त्ति देखकर गद्गद हो गये। अहा! क्या इसी कोमल तथा सुन्दर शरीर में विद्या, साहस, बल और ज्ञान भी भरा है तब तो अच्छा पारितोषिक मिला। तारा ने कहा "महाराज, क्या आप मेरे देश का उद्धार करेंगे" पृथ्वीराज बोले "देश का

उद्धार तो मैं अवश्य करूँगा पर आप अपनी प्रतिज्ञा भी स्मरण रक्खें जिसमें मेरा भी ऊद्धार हो जावे।" ताराबाई तो पहिले ही से पृथ्वीराज को अपना पति मान चुकी थी, अब उसका प्रेम और भी अधिक हो गया। उसने इन से प्रार्थना की "महाराज! मैं भी आपके संग चलूँगी" यह और भी प्रसन्न हो गये। मुहर्रम का दिन इन्होंने अपना कार्य्य सिद्ध करने को नियत किया और ५०० सैनिक लिये हुए उस दिन तोड़ातङ्क में जा पहुँचे। सवारों को बाहर छोड़ा। आप ताराबाई और एक सेनापति तीन जने नगर के भीतर घुसे। ताजिये महल के सामने लाये जा रहे थे। अपनी रीति के अनुसार राज्य भर के सब मुसल्मान उस दिन वहाँ एकत्रित थे और अपनी २ छाती धुन रहे थे। "हाय हसन, हाय हुसन" की ध्वनि से चारों ओर शोर मच रहा था। अफ़ग़ान सरदार महल के बरामदे में कपड़े पहिन रहा था 'यह तीन नये शख्स कौन हैं' 'कहाँ हुजूर' 'वह' हां 'वह' ही शब्द निकला था कि एक तीर उसको आकर लगी। अभी सम्हलने भी न पाया था कि पृथ्वीराज के भाले ने तारा के तीर का कार्य्य सिद्ध कर दिया। सरदार भूमि पर गिर पड़ा

उसके गिरते ही हाहाकार मच गया । ताजिये फेंक २ कर लोग इधर उधर भागने लगे 'हाय-हुसेन' के बदले' हाय मरे, अब मरे' की ध्वनि होने लगी किसी का चित्त सावधान न था, नहीं तो हजारों लाखों की भोड़ में तीन जनों का पीस डालना कौन सी बात थी। पृथ्वीराज की तलवार बहुत आराम कर चुकी थी । आज उनको मन भर चलाने का अवसर मिला। ताराबाई पृथ्वीराज के कौतुक देख २ कर मन में मग्न होती जाती थी और पृथ्वीराज ताराबाई को अपने से किसी बात में न्यून न पाकर उन पर अपने प्राण निछावर करने को प्रस्तुत थे। ताराबाई की प्रशंसा बहुत सुनी थी पर उन्होंने स्वप्न में भी न समझा था कि तारा ऐसे गुणों से सुशोभित है ।

अन्त में जब मुसल्मानों को तीन ही जने दिखाई दिये और उनकी बुद्धि कुछ ठिकाने आई तो इन पर अस्त्र शस्त्र लेकर चारो ओर से टूटने लगे, परन्तु तारा और पृथ्वीराज एक २ हाथ में कितनों का वारा न्यारा करते थे। कोई पास न पहुँचने पाता था। लड़ते भिड़ते यह तीनों द्वार तक पहुँचे। वहाँ देखा तो एक दिग्गज रास्ता रोके

खड़ा है। इस समय इनको मुसलमानों ने बुरी तरह दबा रक्खा था और घोर युद्ध हो रहा था, 'हाथी की सूंड काट दो'। जब पृथ्वीराज ने चिल्ला कर यह आवाज़ दी तारा की तलवार हाथी के सूँड के पार थी। वह चिल्लाता हुआ भागा और उस भीड़ में सैकड़ों मुसलमानों को अपने पावों से कुचल डाला। यह तीनों नगर के बाहर पहुँचे। पृथ्वीराज ने तुरन्त अपने सवारों को धावा मारने की आज्ञा दी 'हर हर महादेव' की ध्वनि से पृथ्वी को कम्पायमान करते हुए वे नगर के भीतर दौड़े। नगर के सब द्वार बन्द कर दिये और उसी नगर में दौड़ा २ कर संहार कर डाला। एक को भी जीवित न छोड़ा। फिर नगर की सफाई करा के तारा ने अपने पिता के लिवा लाने को कुछ सवार भेजे। जब वे नगर के निकट आये तब स्वयं अगवानी के लिये गई और बड़े आदर से नगर के भीतर लाई। शूरथान की प्रजा ने सहृदय उनका स्वागत किया और राव शूरथान पहिले की भाँति और अधिक सावधानी से अपने देश पर राज्य करने लगे। स्वाधीनता का सुख वही जान सकता है जो कभी स्वाधीन रहा हो और फिर शूरथान ने तो केवल स्वाधीनता ही नहीं

वरन् अपना राज्य फिर से पाया था। तारा के आनन्द को वही पुरुष समझ सकते हैं जो दृढ़व्रत धारण करते हैं वा जो महाशय कोई उद्देश्य रखते हैं और फिर उसमें सफलता प्राप्त करते हैं। तिस पर तारा तो अपने सदा के प्रिय पृथ्वीराज की पत्नी हुई; और अब तो वह उनको 'आर्य्य पुत्र' कहने की अधिकारिणी बनी। उसके आनन्द का क्या ठिकाना। सोई दशा पृथ्वीराज की थी। आज जी भर के उन्हों ने तलवार पाई थी और जिस वीर बाला के गुण को देख कर वे उस पर निछावर हो चुके थे वह आज उन्हीं की हो गई। ताराबाई को लाकर उन्होंने एक नया गढ़ बनवाया और उसी में रहने लगे।

(६)

जयमलके मारे जाने पर सूर्य्यमल को आशा हुई थी कि देवी की योगिनी का वाक्य सत्य होगा। मेरा भी अंश मेवाड़ के राज्य में है, पर पृथ्वीराज के आने पर वह आशा दुराशा मात्र हो गई, इस पर भी उन्होंने अपनी शक्ति भर प्रयत्न करने की ठानी। क्या वे मेवाड़ के दस सहस्र नगरों को वैसेही छोड़ देते? मालवा के बादशाह मुजफ़्फ़र से सहायता लेकर उन्होंने चित्तौर पर चढ़ाई की।

घोर युद्ध हो रहा था इतने में पृथ्वीराज एक सहस्र सवार लिये आ पहुँचा। राणा रायमल स्वयं लड़ रहे थे उनके २३ घाव लग चुके थे। पृथ्वीराज उनको युद्ध से अलग करके स्वयं सूर्यमल पर टूट पड़े और ऐसी शस्त्रवर्षा की कि सूर्यमल को आक्रमण करना तो दूर रहा अपनी ही रक्षा करना दुस्तर हो गया। उनकी देह भर से लोहू बहता था। सन्ध्या हुई, युद्ध बन्द हुआ। कुछ समय आराम करके पृथ्वीराज सूर्यमल के डेरों में गये। सूर्यमल एक साधारण खाट पर पड़े थे। एक नाई उनके घाव को धोता, सीता और मरहम पट्टी करता था। पृथ्वीराज को आते देख वे हर्ष से उठ खड़े हुए। जोर पड़ने से टाँके टूट गये। घावों से लोहू निकला। पृथ्वीराज के मन पर चोट लगी पर सूर्य के मुख पर दर्द के कुछ भी चिन्ह न थे। पृथ्वीराज ने बढ़ कर प्रणाम किया। सूर्य ने स्नेह से उन्हें हृदय से लगा लिया "काका! अब आप का शरीर कैसा है?" 'बेटा! तुम्हें देख कर सब दुःख दूर हो गये" "काका! मैं अभी दीवानजी (महाराणा उदयपूर महादेवजी के दीवान कहलाते हैं—लेखक!) (राणाजी) से नहीं मिला। सीधा आप को देखने चला आया यदि कुछ

खाने को हो तो मँगाइये, बड़ी भूख लगी है। आज कुछ नहीं खाया है" "अच्छा बेटा।" भोजन की सामग्री लाई गई। दोनों ने स्नेह से एक संग बैठ कर भोजन किया, फिर पान आया। पृथ्वीराज ने उसे भी प्रसन्नता से ग्रहण किया। फिर कुछ बातें होती रहीं। चलते समय पृथ्वीराज बोले "काका! तो कल हमारा आप का युद्ध समाप्त होगा" "हां, बेटा तनिक जल्दी आना" "अच्छा काका! प्रणाम" "चिरञ्जीव रहो, बेटा" अहा भारत! अब तेरा वह सत्यपालन कहाँ गया। अब तेरा धर्म किधर गया! अब तेरी मर्यादा क्या हो गई? आर्यों! भला इन प्यारे नामों पर कभी २ दो २ आँसू तो डाल दिया करो। अपने पूर्वजों के चरित्रों को ऐसा न भुला दो; कभी तो स्मरण किया करो। किस महान वंश में तुम्हारा जन्म हुआ है? किन किन ऋषियों ने तुम्हारी भूमि को पवित्र किया है? कैसे २ वीरों को तुम्हारी माता ने अपनी गोद में पाला है। कैसी २ बालाओं ने इस देश को सुशोभित किया है? क्या कभी तुम्हारे चित्त में विचार आता है कि तुम उन्हीं की सन्तान हो, तुम उन्हीं के वंशधर हो, उन्हीं के प्रतिनिधि हो?

कई एक युद्धों के उपरान्त पृथ्वीराज ने सूर्य-मल को परास्त करके निकाल दिया और उन्होंने जाकर एक नये राज्य, प्रतापगढ़ देवल की नींव डाल दी और वहीं बस गये। तारा बहुधा पृथ्वीराज के सँग युद्धों में जाया करती थी और सब कामों में उनकी सहायता करती। पृथ्वीराज और तारा दोनों समान प्रसिद्ध थे, वरन् तारा की ज्ञान और रूप के कारण अधिक प्रशंसा होती थी। वह यथार्थ में सब गुणों से पूर्ण थी।

(१०)

एक दिन पृथ्वीराज की भगिनी का पुत्र उनके पास आया। उसका बिवाह सिरोही के महाराज प्रभोसिंह के यहाँ हुआ था। परन्तु इनके आचरण शुद्ध न थे। यह नशा खाते थे और उस नशे में बहुधा महाराणी को कटु वाक्य कहते, मारने को प्रस्तुत हो जाते और उनको वैसे ही भूमि पर लुटाते थे। उस बिचारी ने बहुतेरे यत्न किये परन्तु यह किसी भाँति सीधे न हुए। उनका नशा दिन २ बढ़ता ही गया। किसी प्रकार अपना निस्तारा न होते देख महाराणी ने सब समाचार अपने भाई को लिख भेजा। पृथ्वीराज को पत्र मिलना था कि यह चल खड़े हुए। जब सिरोही

में पहुँचे उस समय रात हो गई थी। कोट का द्वार बन्द था। और दीवार पर चढ़ कर भीतर कूद पड़े और राजभवन में पहुँच गये। वहाँ पहुँच कर स्वयं उन्हों ने अपनी भागिनी की दुर्दशा देखी। वह भूमि पर पड़ी थी नयनों से आँसू बहते थे, मुख मलीन हो रहा था, केश बिखरे हुए थे और पति के भय से काँप रही थी। भाई को देख कर उसका शोक और भी उमड़ आया और जोर २ से रोने लगी। पृथ्वीराज का मुख लाल हो गया, उनकी आँखों से चिङ्गारियाँ बरसने लगीं, उन्होंने झपट कर प्रभोसिंह के गले पर तलवार रख दी। वे उस समय क्रोध से काँप रहे थे और यदि उनकी भगिनी दौड़ कर हाथ न पकड़ लेती तो क्या जाने क्या न कर डालते? "भैय्या! मैंने विधवा होने के लिये तुम्हें नहीं बुलवाया है, वरन् अपना दुःख दूर करने को कष्ट दिया है।" पृथ्वीराज की सूरत को देख कर और फिर उनकी प्रसिद्ध तलवार को अपने गले पर पाकर प्रभोसिंह का नशा कभी का उत्तर चुका था। वे हाथ जोड़ कर गिड़गिड़ाने लगे। पृथ्वीराज क्रोध के मारे अधिक कुछ बोल न सके। प्रभोसिंह के लिये तो मानो वह काल की मूर्त्ति

थे "अच्छा अपनी पत्नी के पैर को छू"। विचारे प्रभोसिंह ने पैर छूये "उसका जूता सिर पर रख" सो भी किया। मार के आगे भूत भागे। अब प्रभोसिंह की बुद्धि ठीक हो गई। पृथ्वीराज को उन्होंने बड़े भारी प्रिय के समान पाँच दिन तक अपने यहाँ रक्खा और विदा होते समय सिरोही की बहुत सी प्रसिद्ध मिठाइयाँ भी भेंट में दी। पृथ्वीराज ने उनको बहुत कुछ उपदेश दिया और प्रभोसिंह उनके बहुत अनुगृहीत थे। रास्ते में पृथ्वीराजजी ने उस मिठाई में से कुछ खाया। यह क्या! सिर घूमता है। क्या इस में विष है?" पृथ्वीराज! सब मनुष्य एक से नहीं होते। कपटी ने तुम्हें धोखा दिया "महाराणी को बुलाओ 'शीघ्र, शीघ्र, शीघ्र," दूत दौड़ा गया। सामने देवी का मन्दिर था पृथ्वीराज बस वहीं तक पहुँच सके और लड़खड़ाने लगे। वहीं लेट गये तारा समाचार पाते ही अपने सब से तेज़ घोड़े पर बड़ी शीघ्रता से आई, परन्तु मृत्यु उनसे भी तेजी से आ चुकी थी। तारा अपने पति को जीवित न देख सकी। "चिता बनाओ मैं सती होऊंगी"। बहादुर राजपूत जिन्होंने सैकड़ों युद्धों में तारा और पृथ्वी के सङ्ग विजय पाई थी आज

किन आखों से उन को इस संसार से उठते हुए देखें। रोते २ सब ने चिता बनाई हाय अब थोड़ी ही देर में उनकी सब आशा नष्ट हो जायगी। अब वे किसका मुख देख कर जियेंगे। अब कौन उनको प्यारे और मधुर बचनों से उत्तेजित करेगा! उनके लिये सारे संसार में अंधकार छा गया हा! अब उनका पृथ्वी पर कोई नहीं रहा। चिता धधकने लगी। अपने पति का मृत शरीर अपनी गोद में लिये तारा हँसते २ भारत ललनाओं का मुख उज्ज्वल करते पतिलोक में अपने स्वामी से जा मिली।

पृथ्वीराज के बाद सगरसिंह फिर मेवाड़ में लौट कर आये और सम्बत् १५६५ (सन् १५०६) में चित्तौर के सिंहासन पर आरूढ़ हुए। यह वही राणा साँगा हैं, जो बाबर के आने से पहिले भारतवर्ष में सब से प्रबल राजा थे, जिन्होंने इब्राहीम लोदी को परास्त किया था, जिन्हें भारत के सब राजे शिरोमणि मानते थे और जिनके कपट और भीतरी फूट से लाभ उठा सांकरी गाँव के निकट परास्त करके बाबर ने फतहपुर सीकरी बसाया था। यदि दूरदर्शी राणा साँगा के संग पृथ्वीराज भी होते, यदि उनके सङ्ग तारा भी

उस समय होती तो कौन जानता है कि संसार के इतिहास में क्या २ परिवर्तन हो गया होता ! इस समय पवित्र आर्य्य वंश की ही विजय पताका चित्तौर के ऊंचे शिखर, इन्द्रप्रस्थ की पवित्र भूमि और महाराजाधिराज श्री १०८ वीरवर पृथ्वीराज के सिर पर उड़ती हुई दिखाई देती, परन्तु जो भाग्य में होता है वही होता है। पृथ्वीराज तो गये ही, साथ ही वीरनारी ताराबाई भी चलबसी। हा रे भारत माता तेरी ही कोख में कैसे २ वीर नर नारी खेले हैं जिनके कृत्य से आज कल भी तू आदर के योग्य है।

——:०:——

६—वीर बल्लूजी चम्पावत।

पूर्वकाल में राजा लोग अपनी प्रजा को प्रसन्न करने के लिये, अपना तन, मन, धन, सब अर्पण कर देते थे। महाराजा रामचन्द्र ने प्रजा को प्रसन्न करने के लिये अपनी प्राणप्रिया सीता को बन-वास दे दिया। जिसके लिये रामचन्द्रजी वनमें इस प्रकार विलाप करते थे। "हा! गुणखानि जानकी सीता, रूपशील व्रतनेम पुनीता। हे खग! मृग हे! मधुकर श्रेणी! तुम देखी सीता मृग नैनी" प्राचीन-काल में भारतवर्ष के राजा स्वयं भेष बदल कर प्रजा की दशा देखने को निकला करते थे। राज-पूताना जो आदर्श कार्यों से परिपूर्ण है; इसी लिये कीर्त्तिमान् है कि वहाँ के राजा ठीक बात के लिये अपने लड़के, बाले, तन, मन, धन, राज, पाट सभी त्याग देते थे, प्रजाकी रक्षा के लिये, प्रजा को ईति भीति से बचाने के लिये सब कुछ करते थे। अहा! जिस भूमि में चिरस्मरणीय,

महाराना साँगा प्रतापसिंह, झाला, कृष्णसिंह चूंड़ावत ऐसे २ वीरों ने जन्म लिया था, उसी वीर-भूमि में एक और भी वीर सरदार उत्पन्न हुआ, जिसने प्रजा को प्रसन्न करने के लिये अपने प्यारे पुत्र को देश से निकाल दिया। धन्य है! जिस राजपूताने में महाराना साँगा और प्रतापसिंह के समान वीर पुत्र उत्पन्न हो गये हैं, वहाँ उन्हीं के वंशधर और भूमि के राजा ऐसे क्यों न हो।

२—संवत् १६६० के लगभग जोधपुर में, महाराजा गजसिंह राज करते थे, उनके अमरसिंह नामक एक ही पुत्र था। अमरसिंह वास्तविक में बड़ा धीर वीर और न्यायी था, नगर के बदचलन और दुष्टों पर खूब आँख रखता था। वह प्रायः उन लोगों पर खूब डाँट डपट रखता था, जो देश-द्रोही और डाकू थे। यद्यपि अमरसिंह वीर धीर था पर वह कुछ हठी और घमण्डी भी था। वह पिता, पुत्र, माता, भाई, बन्धु आदि कुटुम्ब, प्रजा तथा अन्य राजपूत सरदारों के साथ जो उचित बर्त्ताव होता वही करता—किसी की लल्लो चप्पो में कदापि नहीं आता इसी कारण उस से राजकर्मचारीगण प्रायः अप्रसन्न रहा करते थे। यद्यपि महान् सरदारों और बड़े बूढ़ों ने साफ २

कह दिया कि "तुम बड़े बूढ़ों के सामने अपने को ज्ञानवान तथा बुद्धिमान न साबित किया करो" पर अमरसिंह इन परामर्शों का कुछ भी विचार न करता। वह जो बात ठीक होती उसी पर चट्टान के सदृश दृढ़ होकर तर्क वितर्क किया करता।

३—एक दिन सरदारों ने अवसर पाकर कुमार अमरसिंह के विरुद्ध राजा के खूब कान भरे और यह भी कह दिया कि प्रजा इन से अति अप्रसन्न है। महाराजा गजसिंह भी इस चकमें में आगये, उन्हों ने प्रजा को अप्रसन्न जान अमरसिंह को तुरत एक दिन सभा में बुलाया और सब सरदारों के सम्मुख ही सभा में कहने लगे—"मेरे प्राणों के प्यारे पुत्र, देखो! प्रजा तुम से अप्रसन्न है, इस कारण राज छोड़कर तुम और कहीं चले जाओ। यद्यपि मेरा हृदय इस आज्ञा के सुनाने में टूक टूक हो रहा है, पर इस के लिये मैं क्या करूँ। पुत्र! प्रजा ही हमारी सब कुछ है। मेरे राजत्वकाल में यदि प्रजाही न प्रसन्न रही तो मैं राजा काहे का? इस कारण हे पुत्र! तुम मेरे निहोरे देश त्याग, प्रजा को प्रसन्न करो। आओ पुत्र तुम्हें एक बार छाती से लगालूँ और मुख चूमलूँ।" यह कह राजा ने गद् गद् हो

अपने पुत्र अमरसिंह के मुख को चूम, छाती से लगा लिया । पिता की आँखों से अश्रुधारा बह चली । राजा ने फिर भरे स्वर से कहा—"पुत्र जाओ; हृदय को वज्र कर तुम्हें बिदा देता हूं, इस कठोर आज्ञा पर यह न विचार करना कि मैं तुम्हें किसी लोभ से राजच्युत करता हूं, पुत्र तेरे लिये यदि साक्षात् यमराज भी आवें तो मैं सामना करने के लिये तैय्यार हूं, मैं अपना सब कुछ तेरे लिये नाश कर सकता हूं, पर प्रजा को तेरे कारण अप्रसन्न करने के लिये तैय्यार नहीं हूं, बेटा ! देखना, स्मरण रखना यदि प्रजा फिर बुलावे तभी तू मुझको मुँह दिखाना नहीं तो मेरे राज्य में अपना पैर न रखना । जाओ बेटा जाओ ।" यह कह राजा भूमि पर मारे प्रेम के व्याकुल हो गिर पड़े । वीर अमरसिंह ने पिता को एक बार अच्छी तरह देखा ; और फिर राजसभा से बाहर निकल, एक श्याम वर्ण घोड़े पर सवार हो, राजनगर के पूर्वी द्वार से चला गया।

४—अमरसिंह जब काला कपड़ा पहिन, और काले घोड़े पर सवार हो नगर द्वार के बाहर निकला उस समय की छटा कुछ और थी घोड़े और काले वस्त्र में तलवार की चमचमाहट की

विचित्र शोभा है। बर्छी भी कभी कभीं धूप से चमकने लगता है। अमरसिंह के नेत्र इस समय क्रोधाग्नि से परिपूर्ण हैं, पर बीच बीच में कुछ विचित्र ही रूप धारण करते हैं। इस समय अमरसिंह किसी गूढ़ विषय में मग्न हो, कुछ सोचता बिचारता चला जा रहा है। दहिने बायें का कुछ भी विचार नहीं है। घोड़े की लगाम उठाये, बड़ी फुर्ती से एक ओर बढ़ा चला जा रहा है। अमरसिंह के राज्यच्युत होते ही कुछ स्वाभिभक्त सरदारों ने एक सभा की, सभा में यह मन्तव्य ठीक हुआ कि दुःख में अमरसिंह का साथी होना चाहिये। वे आपस में कहने लगे कि "हाय। राजत्वकाल के अच्छे दिनों में सुख के सब साथी रहे पर दुःख में सभी ने मुख मोड़ लिया। भाग्य कैसा बलशाली है, ओफ! यह कैसे दुर्भाग्य की बात है कि कुमार के अच्छे दिनों में उसके कितने मित्र थे पर विपत्तिकाल में उनका साथी कोई भी नहीं दीख पड़ता।" बल्लूजी चम्पावत कहीं इन बातों को छिप कर सुनता था। उसके हृदय में उपयुक्त वक्तृता ने बड़ा काम किया। उसने अमरसिंह के लिये सब कुछ करना अपना परम कर्तव्य समझा यद्यपि वह

वास्तविक में उदासीन था पर इस समय उसके बिचार कुछ और ही हो गये। उसने मन में ठान लिया कि "क्षत्रियों का परम धर्म है कि दुःखी जनों के सहायक हों। मैं अपना तन, मन, धन सभी कुमार के अर्पण करूँगा। एक समय जो राज दरबार में सर्वोतकृष्ट था, आज नहीं यदि काल की कराल गति से गिर पड़े तो क्या उसको उठाना हमारा धर्म नहीं है। मैं इन अपमानों का सहन नहीं कर सकता। इन विचारों पर मनन करते हुए वह निज गृह की ओर गया और घुड़साल में से एक अति द्रुतगामी अश्व ले, उसी ओर बाग मोड़ी जिस ओर अमरसिंह गया था।

६—बल्लूजी ने अपना घोड़ा बड़ी फुर्ती से दौड़ाया, और घंटे ही भर के भीतर २ अमरसिंह को पकड़ लिया। अमरसिंह को देखते ही उसने नियमानुसार प्रणाम कर कहा-"कुमारजी! प्रणाम है, दास की एक प्रार्थना स्वीकार हो।" कुमार ने लाल नेत्रों से बल्लूजी की ओर देखा और अति शीघ्रता से बिजली की तरह तड़प कर पूछा-"तुम यहाँ क्यों आये?" बल्लूजी ने नम्रता से उत्तर दिया "कुमार! तुम अकेले कहाँ जा रहे हो, मैं भी तुम्हारे दुःख सुख का भागी होने के लिये आया

हूँ । मुझ को अकेले अच्छा नहीं मालूम होता । मेरी इच्छा है कि मैं भी आपके साथ चलूँ, यही मेरी एक बिन्ती है ।" कुमार ने कहा "हमारे साथी होने की क्या आवश्यकता है, उस अधम पुरुष को अकेले ही जाना चाहिये, जिसको माता, पिता, भाई, बन्धु, मित्र और मातृभूमि ने त्याग दिया है ।" बल्लूजी ने उत्तर दिया—"कुमारजी ! ऐसे अधीर क्यों होते हैं । क्या अब राजपूत भारत में नहीं हैं, क्या राजपूत धर्म्म राजपूतों के रक्त से जाता रहा । दुःख सुख में समान साथी होना ही हम लोगों का मूलमन्त्र है । स्वामी ! अधीर मत होइये । मैं तन मन धन से, धूप छाँह के समान आपका साथी रहूँगा" । अमरसिंह ने बल्लूजी को बहुत समझाया मगर बल्लूजी ने संग छोड़ना न चाहा । अन्त में बहुत आग्रह करने से अमरसिंह ने बल्लूजी को अपने साथ ले लिया । दोनों वीर राजपूत दिल्ली की ओर चले । वार्त्तालाप करते करते अमरसिंह ने कहा—"बल्लूजी ! इस निस्सहाय अवस्था में हम लोग कहाँ जाँय । पास में इतनी सेना नहीं कि कोई देश विजय कर सकूँ और न पास में एक कौड़ी है । हाय ! घोड़े और तलवार के अतिरिक्त इस समय मेरे पास और कुछ

नहीं है।" बल्लूजी ने उत्तर दिया "स्वामी! आप उदास न होइये, राजपूतों के दोही तो साथी हैं, एक ढाल दूसरी तलवार। केवल साहस की आवश्यकता है, साहस से पुरुष क्या नहीं कर सक्ता, धीरज धरिये दुःख में अधीर होना कायरों का काम है"। बल्लूजी के इस सान्त्वना और उत्साह से परिपूर्ण उत्तर को सुनकर अमरसिंह अति प्रसन्न हुए। अन्त में दिल्लीश्वर के अधीन जाना ही उन्होंने निश्चय किया। अमरसिंह के इस विचार पर वीर बल्लूजी ने कहा-"राज्य में भिखारी की तरह कोई उच्च पदवी पाना राजपूत वीरता के विरुद्ध है यदि शाहजहाँ स्वयं बुलावे तो दूसरी बात है।" अमरसिंह ने भी इसे ठीक समझा, पर दोनों आदमी दिल्ली में शाहजहाँ से मिलने के बहाने से आये,। शाहजहाँ ने दोनों को बड़े आदर सत्कार से रक्खा। प्राचीन काल में वीर राजपूतों का मुसल्मान लोग बड़ा आदर सत्कार करते थे, वे राजपूतों से मुसल्मानों की अपेक्षा अधिक डरते थे। राजपूतों का यहाँ तक मान था कि बादशाह लोग स्वयं अपने हाथों से तलवार देते थे।

७—अमरसिंह के रहन, सहन, को देख कर शाहजहाँ इतना प्रसन्न हुआ कि उसने उनको

राजसेना में राव की पदवी दी । फिर राजनगर के निकट छः सौ ग्रामों का अधिकारी बना दिया और बहुत से मुसलमान और राजपूत सैनिकों को उसके आधीन कर दिया । बल्लूजी अमरसिंह के दुःख सुख का साथी था, इस कारण ऐसे समय में अमरसिंह ने उस को भी कुछ जागीर दी और अपने शरीर रक्षकों का सरदार बनाया। धन पाते ही अमरसिंह ने पुनः पहिले की तरह रहना आरम्भ कर दिया । उसका स्वभाव बड़ा ही मृगया-प्रिय था , मृगया के लिये उसने न जाने कितनेही भेड़, बकरी, शेर, चीते, भेड़िये और व्याघ्रादिक पाल रक्खे थे, पर भेड़ियों की संख्या अधिक होजाने से उसकी कई भेड़ें गायब हो गईं, इस कारण उन्होंने कोई बनरक्षक रखना उचित समझा और बल्लूजी को यह सँदेसा कहला भेजा । बल्लूजी ने आज्ञा तो सहर्ष ग्रहण की पर मनहीं मन जलकर राख होगया और कहने लगा कि—"मैं सूर्यबंशी हो कर क्या गड़ेरिये का काम करूँगा, मैं रणस्थल में सहर्ष जाने के लिये तैय्यार हूं पर यह नीच कार्य्य कदापि नहीं कर सकता ।" अपने इन्हीं विचारों को बल्लूजी ने दूत से भी कह अमरसिंह

के पास कहला दिया । इस समाचार के सुनते ही अमरसिंह ने बल्लूजी को बुला भेजा । बल्लूजी के आने पर अमरसिंह ने कहा—"देखो दिल्लीश्वर से सन्धि होने के कारण अभी कोई युद्ध नहीं है, इस कारण अभी तुम मेरी आज्ञा मान वनरक्षक बनो । अवसर आने पर तुम्हें अच्छी जगह दूँगा।"

९-बल्लूजी युवा अवस्था ही से बड़ा निर्भीक था, उसने अमरसिंह से साफ साफ कह दिया—"दुःख में साथी होना मेरा कर्त्तव्य था मैंने अपना कर्त्तव्य निबाहा, अब आप धनी हो गये और जागीरें भी मिल गई, इस कारण मुझे छुट्टी दीजिये । मेरे रहने की अब कोई अवश्यक्ता नहीं है । मैं अब जाता हूं, प्रणाम ।" यह कह, बल्लूजी ने प्रणाम किया, और तुरत ही दिल्ली की ओर चल दिया । वह दिल्ली से बीकानेर के राजा कर्णसिंह के यहाँ गया । कर्णसिंह ने उसे सहर्ष रख लिया और कुछ जागीर भी दे दी । बीकानेर के राजदरबारी लोग बल्लूजी की इस प्रतिष्ठा से जलने लगे । "राजा इस से क्यों प्रसन्न हैं इसमें कौन ऐसा गुण है" इत्यादि बातें सरदारों में होने लगीं । किसी न किसी प्रकार बल्लूजी को सब सरदारों ने निकालना चाहा, अस्तु उपाय भी

मिल गया। एक दिन राजा ने बड़े प्रेम से एक बढ़िया सुन्दर फल बल्लूजी के पास भेजा। एक बनावटी सरदार ने बल्लूजी से आकर कहा कि "यह चिन्ह क्रोध का है। इस फल के भेजने से यह तात्पर्य्य है कि जब कोई राजा किसी को राज्य से बाहर करना चाहता है तो ऐसा ही फल भेज देता है क्योंकि किसी राजपूत को अपमानितकर राज्य से बाहर करना राजपूत शिष्टाचार के विरुद्ध है। इस कारण बल्लूजी मैं तुम्हारी भलाई के लिये कहता हूँ कि यदि तुम अपना कुशल चाहते हो तो मान पूर्वक यहाँ से खिसक जाओ। राजा ने साफ साफ कहना अनुचित जान कर यह फल भेजा है।"

१०—वीर बल्लूजी भी इस बहकावे में आ गया और यह जान, कि राजा वास्तव में अप्रसन्न हैं एक रात चुप के से प्रस्थान कर दिया। बल्लूजी के आकस्मिक प्रस्थान से राजा अति दुःखित हुए पर वे कर ही क्या सकते थे। बल्लूजी उदयपुर में गया और वहाँ रानाजी ने भी उस को बड़े आदर सत्कार से रख लिया, पर हाय! कुटिल द्वेष ने यहाँ भी पीछा न छोड़ा। यहाँ के सरदारों ने भी इसे निकलवाना चाहा।

अवसर भी शीघ्र ही प्राप्त हुआ। एक दिन जब राना आखेट खेल रहे थे उस समय सरदारों ने बल्लूजी की निन्दा कर कहा—"बल्लूजी को इस बात का बड़ा घमण्ड है कि वह युद्ध में बड़ी वीरता से लड़ सकता है और कभी कभी यह भी कहता है कि मैं सिंह से ढाल के बिना केवल तलवार द्वारा युद्ध कर सकता हूं, रानाजी डींग हाँकने की परीक्षा होनी चाहिये।" राना ने उत्तर दिया-"क्या ऐसा? हाँ यदि ऐसा हो भी तो इसमें आश्चर्य ही क्या, यह तो राजपूतों का पराक्रम ही है। अच्छा मैं किसी दिन इसकी परीक्षा करूँगा।" रानाजी के इन विचारों को सुन, सरदारगण हर्षित हुए और अवसर पा तुरन्त ही बल्लूजी के पास कहला भेजा कि—"रानाजी तुम्हारा सिंहयुद्ध देखना चाहते हैं।" वीर बल्लूजी ने दर्प के साथ उत्तर दिया-"अच्छा ठहरो मैं अभी चलता हूँ, राजपूत सिंहयुद्ध से नहीं डरते।" यह कह बल्लूजी ने खूँटी से तलवार उतार ली और उसी दूत के साथ साथ राना के यहाँ चला। जङ्गल में पहुँच कर बल्लूजी ने पूछा-"सिंह कहाँ है।" यह सुन सरदारगण तो वृक्ष पर चढ़ गये और बल्लूजी को अकेला ही वृक्ष के नीचे छोड़

बनरखों को सिंह लाने की आज्ञा दी। बल्लूजी अकेले ही खड़ा २ सिंह की ताक में याही कि एक ओर से बनरखों ने बाजा बजा कर एक सिंह को हाँका। बल्लूजी ने सिंह को सामने देखा और तुरन्तही तलवार निकाल, ललकार कर कहा—"आ! आ! तू जङ्गल का राजा है और मैं एक क्षात्रिय का बालक हूँ। आ यदि तेरे में शक्ति हो तो आक्रमण कर।" सिंह बिजली की तरह बल्लूजी पर टूटा। बल्लू जी ने फुरती से एक ओर हट, ऐसा वार किया कि सिंहराम दो टुकड़ों में विभाजित होगये। सिंह का धड़ पृथ्वी पर गिर पड़ा। बल्लूजी एक ओर खड़ा होगया। इस असाधारण वीरता को देख रानाजी भी अति विस्मित हुए और उस की वीरता पर मुग्ध हो कर कहा-"बल्लूजी तुम धन्य हो तुम ने आज अपनी रणविद्या दिखादी, जाओ आज से तुम्हें एक जागीर देता हूं" अब सब सरदार बड़े चक्कर में पड़े। बल्लूजी सरदारों के चेहरे से ताड़ गया कि यह सब चाल इन्हीं लोगों की थी। अब उसके क्रोध की सीमा न रही उस ने राना से कहा-"रानाजी! भला आप भी इनके जाल में फँस

गये, इस वीरता और साहस से क्या काम, यदि मैं इस युद्ध में चूक जाता तो मरने के अतिरिक्त और मुझे क्या प्राप्त होता, भला इससे आप को क्या लाभ हुआ? यह खेल जङ्गली राजाओं का है जो एक राजपूत का जीवन एक साधारण मुर्गी के बराबर समझते हैं। परन्तु आप आर्य्यपुत्र हैं आपको हमारे जीवन का अधिक ध्यान रखना चाहता था। हम राजपूतों का जीवन आपकी स्वाधीनता के लिये, आर्य-धर्म के लिये, आपके राज्य के लिये और जन्म-भूमि के लिये है।"

११-रानाजी बल्लू की बातों को ठीक न समझ सके। उन्हों ने समझा कि बल्लूजी अपनी आत्म-श्लाघा कर रहा है, इस कारण वे चुप रहे और कुछ उत्तर न दिया। रानाजी को इस भूल और उत्तर के न देने से बल्लूजी को बड़ा दुख हुआ। उसने यह समझा कि रानाजी क्रुद्ध हैं; इसलिये दूसरे दिन दिल्ली की ओर चल दिया। दिल्लीश्वर ने बल्लूजी को फिर अपने यहाँ रख लिया और पाँच सौ अश्वरोहों का सरदार बना दिया। इस प्रकार बल्लूजी फिर दिल्ली में रहने लगा। यद्यपि बल्लूजी को आते समय राना ने कुछ न कहा था पर पीछे से

उसके लिये अति दुःखित हुए। एक दिन राना के घर पर एक घोड़ा बेचने वाला आया, जो अति सुंदर और सुडौल था इस कारण राना ने उसे मोल ले लिया। राना ने अपने सरदारों से पूछा "यह घोड़ा किसके उपयुक्त है।" सरदारों में से किसी ने कहा कि अमुक सरदार इस पर चढ़ने योग्य है, दूसरे ने कहा नहीं अमुक पुरुष इस पर चढ़ने योग्य है। सब ने अपनी अपनी सम्मति एक एक करके दी पर राना ने अन्त में कहा—"नहीं इस पर बल्लूजी चम्पावत के अतिरिक्त और कोई नहीं चढ़ सकता। वही वीर सरदार इसके योग्य है।" यह कह राना ने उस घोड़े को दूत द्वारा वीर बल्लूजी के पास भिजवा दिया।

१२—इधर आगरे में कुछ और ही फूल खिला। बीकानेर के महाराजा और अमरसिंह में कुछ राज्य छोर के लिये झगड़ा उठा। दोनों ने दिल्लीश्वर के पास चिट्ठी भेजी कि "राजछोर के विषय में जो झगड़ा उठा है उसका निपटारा होजाय" इस झगड़े के फैसले के लिये शाहजहाँ ने सलाबतखाँ को न्यायाधीश बनाया। सलाबतखाँ ने बीकानेर के पक्ष में न्याय किया और अमरसिंह के ऊपर कुछ जुरमाना किया। एक दिन सलाबतखाँ

ने दरबार में अमरसिंह को स्मरण दिलाया कि—"जुरमाना अभी तक नहीं दिया गया है।" इस अपमान से अमरसिंह मारे क्रोध के जलकर राख हो गया और शाहजहाँ के सम्मुख ही दरबार में उसने क्रोध पूर्वक कहा—"मैं ढाल और तलवार से ही जुरमाना अदा करूँगा।" इस उत्तर से सलाबत-खाँ भी क्रुद्ध हुआ और अमरसिंह से कहा-"राजा साहब, इतना गुस्सा न कीजिये जुरमाना देनाही पड़ेगा।" अब अमरसिंह से न रहा गया उसने तलवार निकाल ली और बाज की तरह सलाबत-खाँ पर टूट पड़ा। सलाबतखाँ अमरसिंह की तलवार को न रोक सका और अन्तमें मारा गया।

१३—सलाबतखाँ को इस प्रकार मरते देख शाहजहाँ को बड़ा क्रोध आया। शाहजहाँ ने अमरसिंह को बहुत धिक्कारा। अमरसिंह ने शाहजहाँ पर भी वार किया। भाग्यवश शाह-जहाँ बच गया उसके शरीर रक्षक अमरसिंह के ऊपर टूट पड़े। उनको अपने ऊपर भूखे चीतों के समान टूटते देख अमरसिंह ज़रा भी नहीं घब-ड़ाया, वरन् साहस के साथ सब की तलवारों का उत्तर देता रहा। अमरसिंह आठ दस शरीर रक्षकों को मारता काटता और अपने शरीर को

बचाता हुआ दुर्ग के फाटक पर पहुँचा वहाँ उसने अपने शरीर रक्षकों को देखा। हाय! यहाँ भी अभागे अमरसिंह को द्वेष ने न छोड़ा। उसी का साला अर्जुनगोड़ शाहजहाँ को प्रसन्न करने के लिये, उसका प्राणघातक हुआ। ज्योंहीं खिड़की में से अमरसिंह ने अपने शरीररक्षकों को बुलाया त्योंही इस नीच ने उसपर चोट कर दो टूक कर डाला। हायरे लोभ! तू आदमी को पिशाच बना देता है। जिसको तू अपने वश में करता है उसको अपने, पराये, स्वदेश, विदेश आदि का कुछ ज्ञान नहीं रहता। अर्जुन ने इसी लोभ में पड़कर अपने बहनोई को मार डाला। शाहजहाँ ने अर्जुनगोड़ का बड़ा आदर किया और बहुत कुछ पारितोषिक दिया। अपने पाँच अच्छे अच्छे शरीर रक्षकों के मरने से शाहजहाँ अति क्रुद्ध था इस कारण उसने यह आज्ञा दी कि—"अमरसिंह का मृतक शरीर दुर्ग के बीच में छोड़ दिया जाय। कोई उसके शरीर को न जलाने पावे। गिद्ध और चीलों को उसका शरीर खाकर तृप्त होने दिया जाय। जो कोई राजाज्ञा तोड़ेगा उसको प्राण दण्ड होगा।"

१४—जब यह समाचार अमरसिंह की रानी

हाँडी के पास पहुँचा, तो उसने मुख्य सरदार भानजी कम्पावत को कहला भेजा कि-" वीर भानजी ! मेरे पति को शाहजहाँ ने मार कर दुर्ग में फेंकवा दिया है, और यह भी आज्ञा दे दी है, कि कोई उनके शव को न जलावे । जो जलावेगा उसको प्राण दण्ड की आज्ञा होगी । उनके शव को, चील, गिद्ध खा रहे हैं । यदि आप किसी प्रकार मेरे प्राण प्यारे पति के शव को मेरे पास ला दें तो मैं आपकी बड़ी अनुगृहीत हूँगी; केवल अब सती होने की अभिलाषा है ।" इस सूचना को पाते ही भानजी का रक्त एक बार नीचे से ऊपर तक खौल गया, मारे क्रोध के नेत्र रक्तवर्ण होगये । शीघ्र ही उसने पाँच सौ चुने राजपूतों को ले अमरसिंह के शव को लाने के लिये प्रस्थान किया । भानजी यह जानता था कि आगरे का दुर्ग, दुर्गम और दृढ़ है, उसका लेना कोई आसान बात नहीं है । यह सोच भानजी ने बल्लूजी चंपावत को भी अपनी सहायता के लिये बुला भेजा दूत शीघ्र ही पत्र ले विदा हुआ । उस पत्र में भानजी ने जो लिखा था, उसको मिसेस बिसेन्ट ने अपने सेन्ट्रल हिन्दू कालेज मेगज़ीन में इस प्रकार दिया था,-" कहो वीर राजपूत ! जब ईश्वर

ने हमको और तुमको इस पृथ्वी पर जीवित रक्खा है तो क्या यह हम लोगों के लिये भारी कलङ्क नहीं है, कि अमरसिंह का मृतक शरीर बादशाह की कठोर आज्ञा से अग्नि संस्कार से रहित हो, गिद्धों के लिये छोड़ दिया जाय जिसने सत्य बात के लिये अपने प्राणों को तृणवत् समझा था। हम लोगों की रानी प्रतापशालिनी हाँडीजी अपने पति से स्वर्ग में मिलने के लिये आशा जोह रही हैं। मैं अकेला हूं, इस कारण क्षमा करना यदि मैं तुम्हारी सहायता चाहूं ?"

१५—दूत एक द्रुतगामी घोड़े पर चढ़कर बल्लूजी के पास पहुँचा। पत्र पढ़ते ही बलूल्जी ने अपने सेनापतियों को शीघ्र सजने की आज्ञा दी। आज्ञा पाते ही सब रणबाँकुरे रण के लिये तैय्यार हो गये। थोड़ी ही देर में सब सेनापति अपने अपने सैनिकों को ले मैदान में आजुटे। बल्लूजी ने भी इष्टदेव को प्रणाम कर मस्तक में दही और चावल लगा ढाल तलवार उठाई, और मैदान में आ खड़ा हुआ। बल्लूजी ने कूच की आज्ञा देदी। फिर क्या था आज्ञा पाते ही अश्वारोहीगण तलवार चमकाते घोड़ों पर सवार होगये। ज्योंही बल्लूजी ने कूच किया त्योंही कर्ण-

सिंह का दूत, घोड़ा लिये आ पहुँचा । दूत ने कहा—"बल्लूजी राजपूतों में वीर शिरोमणि रघुकुल राजा कर्ण ने यह घोड़ा तुम्हारे लिये भेजा है।" यह कह उस ने राना का एक पत्र भी दिया । बल्लूजी ने सादर पत्र पढ़ा । प्रथम तो पत्र पढ़ते ही चुप रहा लेकिन फिर राना के घोड़े की लगाम पकड़, उस पर सवार हो गया । सवार हो कर उस ने दूतसे कहा-"देखते हो अभी मैं युद्ध में जा रहा हूं इसलिये मैं भेंट के लिए इस समय कुछ धन्यवाद नहीं लिख सकता हूं, पर राजाजी से जाकर यह कह देना कि मैंने सहर्ष इस उपहार को ग्रहण किया है और यदि बुरे दिनों में मुसल्मानों ने और फिर कुछ चूँ चाँ किया तो मैं इसी तलवार से शपथ खाकर कहता हूं कि मैं उनकी सहायता करूँगा । मैं जिस दिन उन के लिये रणक्षेत्र में मरूँगा उसी दिन इस कृतज्ञता से उऋण हूंगा"। यह कह उसने राना के दूत को बिदा किया और इधर सैनिकों को ललकार कर कहा—"वीर राजपूतों ? आज हम लोग यम की गुफा में पदार्पण कर रहे हैं, यद्यपि शाहजहाँ की विशाल सेना को पराजित करना असम्भव है, पर राजा के मृतक शरीर को लाना

हमारी तलवारों की शक्ति के बाहर नहीं है। आओ! हम सब अपने कर्तव्य को परम गौरव के साथ निबाहें। अबलाओं के सतीत्व को बचाने ही के लियेही हम क्षत्रियों का इस भारत वर्ष में जन्म हुआ है। यद्यापि यह हम लोग जानते हैं कि अमरसिंह के शव लाने में शाहजहाँ की विशाल सेना से युद्ध कर मरना पड़ेगा पर कर्तव्य के करने में मरना स्वाभाविक मत्यु से सहस्रगुण श्रेष्ठ है। आओ! हम सब तलवारों से शपथ खाँय, कि जब तक राजा अमरसिंह का शव न जला सकें तब तक रणस्थल से मुख न मोड़ेंगे।"

१६-बल्लूजी इस प्रकार राजपूत सैनिकों को उत्साहित कर स्वयं भानजी के तम्बू में गया। भानजी ने बल्लूजी का नियमानुसार आदर सत्कार किया। भानजी ने कहा-"बल्लूजी! इस समय दो कामों का होना आवश्यक है, प्रथम तो अमरसिंह का मृतक शरीर आगरे से किसी प्रकार लाना चाहिये और दूसरे चिता भी तैय्यार रखना चाहिये।" इस प्रकार बल्लूजी और भानजी में थोड़े समय तक वार्तालाप होता रहा। फिर बल्लूजी ने अपनी सेना में देख भाल कर आगरा

की ओर कूच कर दिया। चलते समय भानजी ने कहा—"बल्लूजी! तुम रण में दक्ष और निपुण हो इस कारण अच्छा होगा कि तुम्हीं नागोरराज अमरसिंह के शव के लाने का भार लो। तुम्हीं कार्य्य में फलीभूत हो सकोगे। उधर तुम मृतक शरीर लाओ और इधर मैं चिता तैय्यार रक्खूँगा।" बल्लूजी ने भानजी के विचारों को सहर्ष ग्रहण किया और हजार राजपूतों में से पाँच सौ भानजी के अधिकार में दे और पाँच सौ चुने हुए राजपूतों को स्वयं ले दुर्ग पर चला। जाते ही इन लोगों ने दुर्गद्वार पर आक्रमण कर, रक्षकों को भी मारा और उन्हें बन्दी कर फाटक को भी तोड़ डाला। फाटक तोड़ते ही सब राजपूतगण सहसा दुर्ग में घुसे। दुर्ग में प्रवेश करते ही बल्लूजी ने देखा कि अमरसिंह का मृतक शरीर अति शोचनीय दशा में पड़ा है। गिद्ध और चील उन पर मेड़रा रहे हैं। यह देख बल्लूजी का रक्त उबलने लगा और मारे क्रोध के आँख लाल किये हुए अमरसिंह के शव को उठा लिया; और घोड़े पर रख, बिजली की तरह दुर्ग के बाहर हुआ। बल्लूजी ने दो सौ राजपूतों को दुर्ग के द्वारही पर छोड़ दिया था जिस से वे यवनसेना

को रोक सकें। उधर बल्लूजी तो भानजी के पास पहुँचा और शाहजहाँ को इस घटना की सूचना मिली। चिता तो तैय्यार थी ही, केवल मृतक शरीर के आने की देरी थी। शव आते ही सती का सब सामान ठीक होने लगा। रानी हाँडी ने अपने प्राण प्यारे स्वामी के शव को पाते ही चिता में प्रवेश किया। ब्राह्मण लोग क्रिया कर्म्म का सामान जुटाने लगे। इधर अमर-सिंह के मृतक शरीर के जलाने का सब सामान ठीक होने लगा, और उधर बल्लूजी फिर निज सैनिकों से जा मिला। दुर्गद्वार पर राजपूत और मुसल्मानों में हृदयविदारक लड़ाई मच गई, राजपूत भूखे चीतों के समान यवनों को तलवार द्वारा चीरने लगे। मुसल्मान लोग भी आक्रमण करने लगे। देखते ही देखते रणभूमि ने अति हृदयविदारक रूप धारण किया। दुर्ग द्वार के भीतर बाहर महा कोलाहल मचने लगा, असि और बर्छी के आघात से दोनों दल में हाहाकार मच गया। यद्यपि राजपूत लोग कम थे पर अमर-सिंह के लिये मरना, वे अपना परम कर्तव्य समझ, बड़ी वीरता से लड़ते थे। देखते ही देखते सब राजपूत कट मरे मुसलमानों के भी पाँच छः

सौ आदमी कटे, पर मुगलों की बिशाल सेना के आगे मुट्ठी भर राजपूत कब तक ठहर सकते थे। अब मुसलमान लोग भानजी की ओर लपके, जहाँ शव जलाया जाता था यह सेना शाहजहाँ ने चिता विध्वंस करने के लिये भेजी थी; जिन्हें दुर्ग द्वार पर राजपूतों से भारी लोहा बजाना पड़ा। राजपूतों में से एक भी न बचा था, जो भानजी से यवनों के पुनः आक्रमण की सूचना देता। अस्तु थोड़ी ही देर में मुसलमानी सेना चिता के निकट पहुँच गई, जिस से भानजी बड़े बिकल हुए। क्रिया कर्म्म अभी आधा बाकी था। बल्लू जी इस समय अधीर न हुआ वरन् धीरज धारण कर भानजी से कहा—"कोई हरज नहीं तुम क्रिया कर्म्म अति शीघ्रता से कराओ मैं कुछ राजपूतों को ले यवनों को रोकता हूं।" बल्लूजी ने शीघ्र ही नगाड़ा बजवा सैनिकों को चिता के चारो ओर खड़ा होने को कहा, आज्ञा पाते ही वीरगण तलवार म्यान से निकाल चिता के चारो ओर खड़े हो गए। मुसलमानों ने एक भाग पर आक्रमण किया। राजपूतगण प्राणों की माया छोड़ चिता विध्वंस करने वालों को रोकने लगे। देखते ही देखते रक्त की छोटी मोटी धारायें बह

चलीं। रणक्षेत्र ने विकट रूप धारण किया। कहीं किसी का आधा धड़ कट कर गिरा है, तो किसी के हाथ, किसी के पैर, किसी के मस्तक ऐसे फूट २ कर चूर हो गये हैं जैसे दही का मटका फूट कर इधर उधर बिखरा हो। जिस प्रकार दही का मटका फूटने से उस का दही इधर उधर फैल जाता है उसी प्रकार वीरों के भेजे फूट २ कर इधर उधर बिखरे पड़े हैं। मुसलमान लोग भी जी तोड़ कर चिता छूने का प्रयत्न कर रहे हैं पर राजपूत गण उनको बड़ी वीरता से रोकते हैं। जो राजपूत घायल हो पृथिवी पर पड़े हैं वे पड़े ही पड़े उन मुसलमानों को घायल करते हैं जो कि उनके पास से गुज़रते हैं। लड़ते २ राजपूत और मुसलमान दोनों कटने लगे पर मुसलमानों की संख्या अधिक होने से राजपूतों की शक्ति कम होने लगी। लड़ते समय जो राजपूत तलवार अथवा बर्छे से घायल हो गिरता था उस समय उसका दृश्य बड़ा ही विचित्र होता था; उस समय वह चिता की ओर एक बार देखकर तब गिरता, मानो यह देखता था कि जिस काम के लिये हम अपना प्राण दे रहे हैं वह पूरा हुआ या नहीं। रानी हाँडी सती हुई या नहीं।

१७—बल्लूजी भी एक ओर बड़ी वीरता से

यवनों को रोक रहा था। लड़ते २ वह भी थक गया। उसने यह विचारा कि अब तो मरना ही है इस कारण एक बार चिता की ओर देखा कि रानी हाँड़ी सती हो गई अथवा नहीं। अमरसिंह का मृतक शरीर जल गया वा नहीं। पुरोहित ने भी उसकी ओर देखकर नेत्र ही से उत्तर दिया कि क्रिया कर्म्म अब शेष होना ही चाहता है। बल्लूजी को ही शक्तिशाली जान सब मुसलमान उस पर टूट पड़े और तलवार से उसके साथियों को काटने लगे। बल्लूजी ने कुछ वार बचाया परन्तु इतने अधिक मुसलमानों में वह कब तक ठहर सकता था। अन्त में एक मुसलमान के असि-घात से वह पृथ्वी पर गिर पड़ा। गिरते समय उसने चिल्ला कर कहा—"हा! मेरा सब परिश्रम निष्फल हुआ।" ज्योंही बल्लूजी गिरा कि उधर पुरोहित का भी सब काम हो गया। बल्लूजी की चिल्लाहट को पुरोहित सुन रहा था, इस कारण उस से न रहा गया। उसने मन में सोचा कि जिस बल्लूजी ने जी तोड़कर इसी लिये लड़ाई की कि अमरसिंह का मृतक शरीर जल जाय और रानी हाँडी सती हो जाँय तब मैं मरूँ, वही वीर चम्पावत यह जानकर मर रहा है कि चिता

विध्वन्स हो जायगी।" इन सब बातों को सोच, वह ब्राह्मण भी बल्लूजी के पास यवनों से चोट खाता हुआ चला आया, जाते समय यद्यपि मुसलमानों ने वार किया पर वह बल्लूजी के पास पहुँच ही गया, और धीरे से कान में कहा कि "सब काम ठीक हो गया। रानी हाँडी सती हो गई।" ब्राह्मण के इन बचनों को सुनते ही बल्लू जी ने सहर्ष प्राण त्याग दिये ब्राह्मण भी उसी जगह मारा गया और स्वर्ग लोक सिधारा, धन्य है वह ब्राह्मण, अहा! वह भी एक आदर्श ब्राह्मण था। उसने अपना प्राण बल्लूजी के सुख के लिये दे दिया।

१८—इस प्रकार बल्लूजी चम्पावत अपने सहस्र वीरों के साथ अमरसिंह के मृतक शरीर को जलाने, और रानी हाँडी के सतीत्व को रखने के लिये मर गया। सत्य है उसी पुरुष का जन्म लेना इस जगत में सार्थक है जिस ने अपना प्राण अपनी जन्मभूमि, स्वजाति, भाई, मित्र, राजा वा प्रजा अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिये दे दिया हो। यद्यपि बल्लूजी ने विजय न पाई, और उसके सहस्र सैनिकों का कोई स्मारक-स्तम्भ नहीं है, पर उसका अद्भुत आत्मोत्सर्ग ही एक स्मारक है

जो चिरकाल के लिये भारतवर्ष के इतिहासों में चमकता रहेगा। जब बल्लूजी की वीरता का समाचार शाहजहाँ को मिला तो वह भी मुग्ध हो गया और अपने सिपाहियों को धिक्कारा कि "तुम सब दो हजार होने पर भी चिता विध्वंस न कर सके।" वह जिस स्थान और दुर्गद्वार द्वारा अमरसिंह के मृतक शरीर को ले गया था उस द्वार का नाम "अमरसिंह द्वार" रक्खा। वह फाटक बन्द हो गया था, पर १८३६ ईस्वी को कप्तान जार्जस्टील ने पुनः खोल दिया। बल्लूजी चम्पावत का आत्मोत्सर्ग वास्तविक में अतिशय हृदयग्राही है। अहा! धन्य है वह देश जहाँ ऐसे ऐसे वीरों ने जन्म लेकर अपनी जननी जन्मभूमि की यश-पताका भूमण्डल भर में फहराई है। मारवाड़ देश की ओर भाट लोग प्रायः वीर बल्लूजी चम्पावत का कीर्तिगान किया करते थे, पर अब उसका विशेष प्रचार नहीं है। मारवाड़ देश की वीर धीर महिलाएं भी आधुनिक दिवसों में अपने बालकों को यह कह कर खेलाया करती हैं कि "बलू कहै गोपाल रो सातियाँ हाथ सँदेश। पतसाही घड़ मोड़कर आवा छाँ अमरेश।" इस के अतिरिक्त और भी एक दोहा मारवाड़ देश की

और प्रचलित है कि "इक मुख तें गग्गा कढ़ी, उतै कढ़ी जमधार। वार कहन पायो नहीं, भई कटारी पार।" फिर बनमाली कवि का यह कवित्त राजपूत कीर्ति को और भी बढ़ाता हैं कि :—

जबही सलाबत खाँ जोरि के जनाई बात,
तीर धर पिंजर कलेजे जाय करकी।
दिल्लीपति नाह के चरण चलते ही भये,
गाजो गजसिंह छौना सुनि बात वरकी॥
कहैं वनमाली शाहजहाँ के तखत पर,
फराकि फराकि लोथ लोथन सों फरकी।
हिन्दुन की हद्द सदा राखी है अमरसिंह,
करकी बड़ाई वा कड़ाई जमधर की॥

७–सिंहगढ़ पर धावा ।

अम्बर के जयसिंह और दिलेरखाँ द्वारा परिचालित मोगल सेना की सफलता से भयभीत होकर शिवा जी ने सन् १६६५ ई० के जुलाई महीने में औरङ्गजेब के निकट सन्धि का सन्देसा भेजा । सन्धि की बात मंजूर हुई, पर शर्त्त बहुत कठिन थी । औरङ्गजेब ने कहा, कि अगर मोगलों से जीते हुए किले और वे बीस किले जो पहले अहमदनगर के राजा के अधिकार में थे, यदि दे दिये जाँय, तो सन्धि हो सकती है । अम्बर के जयसिंह की चतुराई भरी चापलूसी तथा शाही-तख्त का प्रभाव ऐसा था, कि शिवाजी सुलह करने पर मुस्तैद हो गये । उन्हों ने शाही चौखट के चूमने की इच्छा की । औरंगजेब ने भी इसे मान लिया अब शिवाजी मोगल जनरल बनने की खुशी का स्वप्न देखते हुए दिल्ली पहुँचे । औरङ्ग-

ज़ेब जैसा धार्म्मिक था, यदि वैसा ही बुद्धिमान भी होता, तो इस मौके को हाथ से निकलने न देता। अपने दोस्त साथी शिवाजी के साथ पश्चिमीय सेना की रक्षा करते हुए वह सालभर के अन्दर बीजापुर और गोलकुण्डा फतह कर लेता; पर औरङ्गजेब इतना दूरदर्शी न था। शिवाजी को बहुत ज़िल्लत सहनी पड़ी, इससे मोगल सेना में काम करने की उनकी अभिलाषा ठंढी पड़ गई। बड़े बड़े अफसरों की जगह जय-सिंह के लड़के से सत्कार किये जाने, बड़े बड़े जागीरदारों के, बीच में रखे जाने, कड़ी निगह-बानी में रोके जाने तथा अन्तमें मिठाई की टोकरी में बैठकर निकल भागने की कहानी मशहूर है। इस जगह उसके दुहराने की आवश्यकता नहीं है बदला लेने का प्रण करते हुए शिवाजी पूना पहुँचे। पीछे औरङ्गजेब ने बेरार में जागीर और राजा का खिताब देकर फिर शिवाजी को मिलाना चाहा, पर उसकी चेष्टा व्यर्थ गई। उसी समय जोधपुर के यशवन्तसिंह से शिवाजी को यह मालूम हुआ, कि औरङ्गजेब उनकी जान लेने की तदबीर कर रहा है। अब शिवाजी ने यह प्रतिज्ञा की, कि पहला मौका हाथ लगते ही लड़ाई शुरू कर दूँगा।

२—प्रारम्भिक कार्य्य की भाँति अब शिवाजी कोंदानादुर्ग की पुनःप्राप्ति के लिये प्रस्तुत हुए। अपनी मनोरथसिद्धि के लिये उन्हों ने उमरठे के सूबेदार तानाजी मलुसरे से परामर्श किया। ये दोनों पक्के मित्र थे। हानि लाभ, गौरव ग्लानि दोनों में अंशदार रहते थे। दोनों एक दूसरे के पार्श्व में रहकर अफ़जलखाँ की लाश पर लड़े थे, पूना के सूबेदार शाइस्ताखाँ पर दोनों ने साथ ही आक्रमण किया था। तानाजी ने हर्षपूर्व्वक कार्य्य-का भार अपने ऊपर लिया और यह प्रतिज्ञा की, कि चार दिन में शिवाजी की पीत-पताका दक्षिण की कुञ्जी कोंदानादुर्ग पर फहराने लगेगी। कार्य्य सहज न था। कोंदाना स्वयं अत्यन्त दृढ़ था, हालकी लड़ाइयों में यह बड़ी चतुराई और सावधानी से और भी दृढ़ कर दिया गया था। पहाड़ी के नीचे और आधी दूर ऊपर तक प्रतिज्ञा बद्ध म्हार और कोली लोग उपस्थित सेना को दुश्मनों के आगमन का समाचार देने के लिये रहते थे। शिखर पर नई राजपूत सेना उदयपुर के प्रसिद्ध योद्धा उदयभानु के अधिकार में रहती थी। कोंदाना एक दिन शिवाजी के अधिकार में था तानाजी अच्छी तरह जानते थे, कि

म्हार और कोली लोग अपनी ओर मिला लिये जा सकते हैं। अनुकूल अवसर भी आ उपस्थित हुआ। कोलियों के नायक रायजी अपनी पुत्री का बिवाह पूना निवासी तानाजी के परिचित दौलतराव के पुत्र के साथ करते थे। इस शुभ उत्सव की शोभा बढ़ाने के लिये एक कलावत की आवश्यकता पड़ी। दौलतराव की सहायता से तानाजी विख्यात गोन्धाजी तोताराम बने। मधुर तानकी सहायता से उन्हों ने अपना काम अच्छी तरह किया। पहला गीत, सुनकर जब श्रोतृवृन्द मुग्ध हो गये, तब उन्हों ने शिवाजी के जन्म तथा बालकपन का गीत छेड़ा। गायक ने यह वर्णन किया, कि शिवाजी श्रीमहादेव के अवतार हैं। अम्बाबाई की प्रार्थना पर वह जीजीबाई के गर्भ से उत्पन्न होने और मोगलों का सर्वनाश करने पर उद्यत हुए। किस तरह शिवाजी ने बालकपन में गो ब्राह्मण की रक्षा की थी, हेत-कारी और मवालियों को शिक्षा दी थी तथा हिन्दुओं की स्वाधीनता के लिये परिश्रम किया था, कैसी वाकपटुता और मधुर प्रार्थना से उन्होंने तोरण दुर्ग के कमाण्डरण्ट को अपने वश में कर लिया था। यह प्रार्थना गीत में थी। उसका

अन्तिम पद यों है,—"जे जे मोगलाञ्चे चाकर थूरे थू तुमचा जिनगांवर।"

३–यह पद ऐसे ढङ्ग से कहा गया, कि उसका विचित्र फल हुआ। अभी गीत समाप्त भी न हुआ था, कि तानाजी का अभिप्राय पूर्ण हुआ। सब के चले जाने पर तानाजी ने रायजी के सामने अपनी असल मूर्त्ति प्रकट की। रायजी ने म्हार और कोलियों की सहायता का बचन दिया। दूसरे दिन सन्ध्या समय वह रावजी के साथ दुर्ग के शिखरास्थित एक खाली ठोले के निकट भ्रमण कर रहे थे। वहाँ उन लोगों ने एक राजपूत योद्धा को घायलकर बन्दी बनाया। उससे सेनापति (कमाण्डरान्ट) उदयभानु का जीवन-वृत्तान्त सुना कि "उदयभानु के पिता उदयपुर के उमरा थे। उसकी मा बाँदी थी। उसने किसी सरदार की पुत्री कमलकुमारी से विवाह करने की इच्छा प्रकट की। उत्तर में उससे यह कहा गया, कि हंस कौओं के साथ शोभा नहीं पाते। अब वह दिल्ली पहुँचा। वहाँ अपने को मेवाड़ के सरदार के नाम से विख्यात किया। फिर मुसलमानी धर्म अङ्गीकार करके औरङ्गजेब का प्रियपात्र बन गया। जोधपुर के यशवन्तसिंह पर सन्देह होनेके कारण

औरङ्गजेब ने बड़ी भारी सेना के साथ उदयभानु को उनकी जगह पर भेजा। साथ ही यह भी चेता दिया, कि यदि सम्भव हो, तो छल कपट से शिवाजी को बन्दी बना लेना। मेवाड़ में अपनी नई मर्य्यादा देखाने के लालच को उदयभानु रोक न सका। वह मेवाड़ की सीमा से सटकर चला जाता था। जाते जाते अचानक उस स्थानपर पहुँच गया, जहाँ कमलकुमारी समर में खेत आये अपने स्वामी के शव के साथ सती होनेपर तत्पर थी। कमलकुमारी के साथवाले मनुष्यों की हत्याकर उदयभानु उसे और उसकी सखी देवलदेवी को ले गया। औरङ्गजेब ने सारा समाचार सुनकर उसे बहुत धिक्कारा। अन्त में क्षमा प्रदानकर आज्ञा दी, कि अभी तीन मास तक विवाह न हो। वह कमलकुमारी को सहचरी सहित कोन्दाना ले गया। देवलदेवी का पति अभी जीवित था। अपनी स्त्री की खोज में वह कोन्दाना आया और औरङ्गज़ेब की सेना में सैनिक नियत हो गया। यह वही जगतसिंह है, जो तानाजी के वश में आ गया था। वह राजपूत आनन्द पूर्वक मरहठों में मिल गया और उन्हें विश्वास दिलाया कि सेना स्वधर्मत्यागी

उदयभानु से घृणा रखती है तथा सती के पाणि-ग्रहण करने की बात पर अत्यन्त असन्तुष्ट है, अतएव सम्भव है कि वह भली भाँति युद्ध न करे।

४-तानाजी ने शीघ्र ही अपना उपाय ठीक किया। उन्हों ने कुछ सेना मँगाई। इन सैनिकों में से कुछ योद्धा चुनकर उन्होंने किलेकी दीवार नांघ तथा फाटक खोलकर वीरों के भीतर आने का पथ प्रशस्त कर देने की बात ठान ली। सेना को ऊपर जाने में कुछ दिन लगे, तबतक पाणि-ग्रहण का नियत दिन आ गया। आधी रात के समय विवाह होने की बात थी, पर तानाजी ने प्रतिज्ञा कर ली थी, कि किसी तरह यह काम न होने देंगे। पर भाग्य उनके विरुद्ध जान पड़ता था। अभी तक उनके आदमी न आये थे। काजी जी आ गये थे। वह कमलकुमारीका विवाह करने के लिये फुसला रहे थे। आखिर ग्यारह बजे रात में पचास वीरों का एक दल आ पहुँचा अब तानाजी और न ठहर सके। दक्षिण पश्चिम की ओर से चढ़कर वह बड़ी पहाड़ी के तले पहुँचे वहाँ शिवाजी के प्रसिद्ध यशवन्ती नामक कमन्द को टोकरी से निकाला, पर विकट पहाड़ी पर वह कुछ काम न कर सका।

तानाजी के मामा सलेरमामा ने इसे बहुत ही अशुभ समझा, पर तानाजी सहज ही छोड़ने वाले न थे। उन्हों ने रस्सी में झटका देकर कमन्द को बहुत धिक्कारा। इस बार उनका मनोरथ सिद्ध हुआ। कमन्द की रस्सी पकड़ कर जगतसिंह ऊपर गया। वहाँ से और रस्से लटका दिये। इन्हें पकड़ कर अन्याय योद्धा दुर्ग में घुस गये। जगतसिंह सब को साथ लिये पारी पारी सब फाटकों पर गया, रक्षकों के प्राण लिये। इस भाँति सब फाटक खुल गये। इसी बीच में तानाजी के भाई सूर्यजी ससैन्य पहुँच गये थे। अवसर पाकर वह कोंन्दाना में घुस गये। उधर उदयभानु विवाह के आनन्द में निमग्न था। उसी वक्त घबराये हुए एक दूत ने जाकर उसे शत्रु के आने का समाचार दिया। ढाल तलवार लेकर वह शत्रुओं से भिड़ने चला। धर्मच्युत होने पर भी वह वीर और चतुर था। युद्ध के भयङ्कर तलवारों की खनक, मशालों की चमक तथा मावलियों की चिल्लाहट में भी वह लड़ा और मेवाड़ के सूर्य्यवंशी राजकुमारों की भाँति प्राण त्याग दिया।

५—बहुतही शीघ्र अपने आदमियों को प्रस्तुत कर उसने दक्षिणवाले कूप की रक्षा करने की चेष्टा

की। उसी कूप से सेना को पानी मिलता था। तानाजी उसके अभिप्राय को ताड़ गये और उसे रोकने को बढ़े। दोनों की तलवारें भिड़ गईं, पर तानाजी उसकी बराबरी न कर सके। एक वार में तानाजी की ढाल आधी उड़ गई, दूसरे में उनकी दाहिनी केहुनी घायल हुई और तीसरे में तलवार ने उनका हृदय छेद डाला। वीर सूबेदार प्राणहीन होकर गिर पड़े। जगतसिंह उनके स्थान पर आ पहुँचा, पर प्रायः अस्सी वर्ष के वृद्ध सलेरमामा उसे ढकेल स्वयं उससे संग्राम करने पर तत्पर हुए। इन्हों ने उसकी कनपटी में ऐसी तलवार मारी, कि फिर वह खड़ा न रह सका! तुरन्त ही उसके प्राण निकल गये। इसकी मृत्यु के साथ ही संग्राम भी समाप्त हुआ। चारों ओर से मरहठा लोग आ जुटे। मोगल सेना ने आत्मसमर्पण किया। राजगढ़ से शिवजी ने सूखी घासकी ढेर जलती देखकर समझ लिया, कि कोन्दाना अब हमारा है। शिवा जी के आनन्द की सीमा न रही उन्हों ने उसी वक्त कहा,—"अब से कोन्दाना का नाम सिंहगढ़ हुआ। सिंह सरीखे तानाजी के अतिरिक्त इसे कोई न जीत सकता था।" अब शिवाजी चटपट वहाँ पहुँचे। सलेरमामा से भेंट

हुई। इन्हों ने तानाजी की मृत्यु का समाचार दिया। इस दुःखद समाचार से शिवाजी को बहुत क्लेश हुआ। उन्हों ने कहा, "गढ़ तो हाथ आ गया, पर सिंह चला गया।"

६–जगतसिंह अपनी स्त्री देवल देवी को ढूढ़ता हुआ वहाँ पहुँचा, जहाँ कमलकुमारी कैद थी। वहाँ उसने उसका शव पाया। देवलदेवी की रक्षा करनेवाली अफरीका की स्त्रियों ने डाह अथवा उदयभानु की आज्ञा से उसे फाँसी पर लटका दिया था। यह दुःख उससे सहा न गया। वह तुरंत ही किले से बाहर निकला। फिर उसका पता न लगा। कमलकुमारी आज्ञा माँगकर सती हुई। सती स्थान अभी तक दुर्ग के उत्तर पश्चिम कोने में वर्त्तमान है। तानाजी की मृत्यु के स्थान पर एक स्तम्भ खड़ा हुआ उनकी कीर्त्ति प्रकाशित कर रहा है। सन् १७०० ई० में औरङ्गजेब ने फिर अपना अधिकार सिंहगढ़ पर जमाया। सन् १७०६ ई० में वह फिर मरहठों के हाथ आया और उसी साल हाथ से निकल भी गया। एकबार इस पर फिर मरहठों का अधिकार हुआ। इसी तरह कई बार के उलट फेर के बाद आखिर यह अङ्गरेजों के हाथ लगा। अब यह स्वास्थ्यनिकेतन बन गया है।

८—हल्दीघाटी की लड़ाई।

मुग़ल सम्राट् अकबर की विजय पताका इस समय चारों ओर उड़ रही है। भारतवर्ष के एक सिरे से दूसरे सिरे तक यवनी पताका ने अपना प्रभाव जमा लिया है। मुसल्मानों के अहंकार की सीमा नहीं। अकबर के ऐसा राजनैतिक पुरुष होना बड़ा कठिन है। उस ने साफ़ देखा कि भारतवर्ष में बिना भारतवासियों को मिलाये काम न चलेगा; क्योंकि उस के आगे जितने मुसल्मान शाहन्साह हो गये हैं, वे केवल भारतवासियों को घृणा की दृष्टि से देखते थे। यही कारण था कि वे अपना राज्य अटल न कर सके। अकबर भारतवासियों के दुःख सुख का साथी हुआ, वरन यहाँ तक किया कि उस ने काबुल और अफ़ग़ानिस्तान के मुसल्मानों की सेना भरती करना भी छोड़ दिया। उस ने

राजपूतों ही के सहारे अपना प्रभुत्व चारों ओर फैलाया। महाराज मानसिंह ने काबुल से लेकर दक्खिन तक विजय किया फिर पूर्व में भी देश-द्रोहियों को दबाया। कहने का तात्पर्य्य यह कि अकबर ने भारतवासियों को मिला कर अपना बड़ा काम निकाला। यद्यपि अकबर ने भारतवर्ष के समस्त राजपूत राजाओं को अपने वशीभूत कर लिया था पर उदयपुर के राणा को न कर सका। उसने उनसे सम्बन्ध करने के लिये लाखों उपाय किये, पर एक में भी फलीभूत न हुआ। उस ने प्रतापसिंह को भाँति भाँति का कष्ट पहुँचाया, पर वीर प्रताप सब दुःखों को भली भाँति सहन करते जाते थे। प्रतापसिंह के पास वह प्राचीन सेना न थी उन के पास केवल तीस या बत्तीस हज़ार सेना बच गई थी। उस में से भी कितने देशद्रोही थे। जब प्रतापसिंह सोचते कि समस्त राजपूतों ने अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली है तब वह अति दुःखित होते थे। एक समय भरी सभा में उन्हों ने यही कहा था कि—"मेरे प्यारे सरदारो! जिस दिन से हमारे पिता ने इस राज सिंहासन पर पैर रखा उसी दिन से न जाने क्यों इसका पतन आरम्भ

हुआ। राजस्थान के कुल राजावों ने दिल्लीश्वर की वश्यता स्वीकार कर ली है। यहाँ तक कि हमारा छोटा भाई शक्ता भी उधर जा मिला। कुछ चिन्ता नहीं हमारा तो यही सिद्धान्त है कि "जब लौं तन में प्रान, मान जान जनि दीजिये।" जब तक शरीर मैं रक्त का प्रवाह हो रहा है तब तक हम अपने देश की रक्षा करेंगे यदि ऐसा न किया तो धिक्कार है हमारे जीवन पर।" प्रताप के मुख से ऐसी बातें सुनकर कई एक सरदारों ने कहा- "धर्मावतार! आप जी छोटा न करैं सिहं के सिहं ही होते हैं। हम लोग भी आप के साथ ही साथ उद्यम करते २ प्राण विसर्जन करेंगे।" राना ने कहा-"यह सब तो ठीक है पर आज कल समय ऐसा फिर गया है, कि राजपूत लोग इनके हाँ में हाँ मिलाने में अपना अहो भाग्य समझते हैं। देखिये अब हमारे पास क्या धरा है पहिले की वह विकट सेना भी तो नहीं है जिसने एक समय खुरासान में जाकर अपनी विजयपताका उड़ाई थी।" प्रताप के मुख से ऐसी बातें सुनकर सब सरदार नीचे की ओर मुखकर अवाक् से खड़े रह गये। फिर प्रताप ने कुछ सोच कर कहा-"प्यारे सरदारों! कुछ चिन्ता की बात नहीं है। हम

लोगों को अपनी जननी के दूध की सौगंध है जो कभी भी इनका मुख मर्दन करने में निरस्त हो। जब तक रक्त का एक बूँद भी रहे तब तक मेवाड़ के लिये तलवार धारण करो।" प्रताप के मुख से ऐसी बात सुनकर सब सरदारों ने चिल्लाकर कहा—"धर्मावतार! ऐसा ही होगा। हम लोग मेवाड़ के लिये अपने जीवन के अन्तिम समय तक लड़ेंगे।"

२—प्रताप और सरदारों में इस प्रकार की बातें होही रही थीं कि दूत ने आकर कहा "घणीखमा अन्नदाता जी! शोलापुर से मानसिंह का अनुचर आया है और उसने यह भी कहा है कि महाराज मानसिंह उदयपुर होते हुए जायेंगे।" प्रतापसिंह ने उत्तर दिया कि—"दूत को भली भाँति आदर सत्कार कर विदा करो और महाराजा की आगवानी के लिये भी सूचना दे दो।" इतना सुन कर दूत चला गया। इधर प्रतापसिंह ने मंत्री से कहा—"मंत्रिवर! यह तो बड़ा विकट प्रश्न उपस्थित हुआ है भला मैं किस प्रकार मानसिंह के साथ बैठकर भोजन कर सकता हूँ। भोजन करना तो दूर किनार रहा मुख देखने में भी प्रायश्चित्त है। हां यही मानसिंह यदि क्षत्रियों के अनुसार अकबर के विरुद्ध कृपाण ग्रहण किये रहते, तो मैं उनको

अपना ही भाई जान कर गले से गले मिलाता, पर अब तो गले मिलाना दूर रहा मुख देखना भी पाप है । मानसिंह के ऐसा विक्रमशाली पुरुष होना कठिन है, पर यदि यही पराक्रम जो उन्होंने यवनी पताका, दक्षिण से काबुल और कन्धार तक फहराने में लगाया है भारतवर्ष के भिन्न २ शक्तियों के संगठन करने में लगाते तो अधिक उत्तम होता। मेरा इसमें पूरा विश्वास है कि वे एक न एक दिन अवश्य ही फलीभूत होकर अपने पूर्व पुरुषों के नाम को पुनः जीवित करते। पर हाय वे विपरीत ही कर रहे हैं। अपने ही छोटे भाइयों को दबाना क्षुद्रों का काम है। क्या करूँ मेरी छोटी बुद्धि कुछ काम नहीं करती; मंत्रिवर! इन की आगवानी आगे से चल कर की जाय, पर मैं स्वयं न जा कर कुँवर अमरसिंह को भेज दूँगा।" इस पर मंत्री ने कहा—"अन्नदाता जी! तब तो बड़ा अनर्थ होगा। वह क्रोधित हो, न जाने क्या करें और अकबर से तीन तेरह लगावें। मेरी सम्मति तो यह है कि आप का चलना आवश्यक है आगे आप की जैसी इच्छा।" प्रताप ने कहा–"तो आप यही शिक्षा देते हैं कि मैं भी उसके समानही अपना आच-

रण बनाऊँ।" मंत्री ने कहा-"नहीं धर्मावतार! मेरी यह सम्मति नहीं है पर काम वही करै जिससे अपना काम सरै।" प्रतापसिंह ने फिर क्रोधित होकर कहा-"मंत्रिवर! मेरी अल्प बुद्धि मानसिंह के साथ भोजन करने को नहीं करती। उनकी सब कुछ खातिर की जाय। आगवानी के लिये लाव लश्कर सब दर्बार से जाय; पर मेरा जाना उत्तम न होगा, क्योंकि बातों ही बात में यदि वतंगण बढ़ गई तब ठीक नहीं। मेरा स्वभाव विकट है, मान रहित होकर रहना मेरी माता ने मुझे नहीं बताया है। आप सब बन्दो-बस्त करैं, मैं कुँवर को भी सरदारों के साथ भेज दूँगा।" इतना कहकर प्रताप ने सभा विसर्जन कर दी।

३-दूसरे दिन अमरसिंह कमलमेर से उदय सागर तक मानसिंह की अगवानी के लिये आये। बड़े समारोह के साथ मानसिंह की अगवानी की गई, दस हज़ार शूरवीर राजपूत अश्वारोही; बारह हज़ार पैदल सिपाहियों ने एक स्वर से आमेर राज की जय कहा। प्रतापसिंह ने भी भेंट कर विविध भाँतिं का आदर सत्कार किया। उदय सागर ही पर मानसिंह ठहरे।

दूसरे दिन भोज का प्रबन्ध हुआ । गाँव २ के राजपूत सरदार लोग मानसिंह से मिलने के लिये आने लगे । प्रतापसिंह ने ऐसा अच्छा अवसर पा राजपूतों के और भी कान भरे । दूसरे दिन जब भोज और सब तय्यारी हो चुकी तब मानसिंह बड़े आदर सत्कार से बुलाये गये । कुँवर अमर सिंह ने आगवानी कर खाने के लिये आग्रह किया । इस पर मानसिंह ने पूछा—"आज राणा प्रताप के दर्शन नहीं हो रहे हैं इसका क्या कारण है ?" मंत्री ने उत्तर दिया-"अन्नदाता जी ! आज उन के मस्तक में बड़ी पीड़ा है इसी कारण वे नहीं आ सके । फिर कुँवर जी तो पधारे ही हैं । देखिये शास्त्रों ही में कहा है कि "आत्मावै जायते पुत्रः।" मानसिंह ने कहा--"मंत्रिवर ! यह सब ठीक है पर प्रताप ऐसे वीर पुरुष को यह नहीं शोभा देता । क्या उनकी यही इच्छा है कि मेवाड़ में मेरा अपमान हो ?" मंत्री ने कहा—"नहीं नहीं धर्मावतार ! ऐसा कदापि नहीं समझें, अन्नदाता जी के मस्तक में सचमुच ही बड़ी पीड़ा है, नहीं तो वे अवश्य पधारते।" इस पर मानसिंह ने कहा-"मन्त्रीवर ! यह सब ठीक है, पर दर्बारी मामला बड़ा टेढ़ा होता है । प्रतापसिंह ने अतिथि

को घर बुलाकर अपमान किया है, सो ठीक नहीं हुआ। मैं अन्न को तुच्छ न समझ कर मस्तक पर चढ़ाता हूँ, पर याद रखना कि इस मस्तक-पीड़ा की औषधि मैं शीघ्र लेकर आऊँगा।" इतना कह कर मानासिंह चलने ही को थे कि सहसा प्रताप का आगमन हुआ। प्रतापसिंह ने कहा—"सुनो सुनो महाराज मानसिंह! जिस ने अपने कुल की मर्यादा खो दी है, जिस को अपने पूर्व पुरुषों का कुछ भी विचार नहीं है, जो यवनों की दासता करने ही में अपना गौरव समझता है ऐसे पुरुष को मैं दूर ही से सहस्रों बार नमस्कार करता हूँ। मुझे शोक है कि आपने काबुल कन्धार से लेकर दक्षिण पर्यन्त मुग़ली पताका फहराई, पर भारत की दशा पर कुछ भी विचार न किया। यवनों को बहिन देकर साले ससुरे बने, पर राजपूत जाति की आप ने क्या उन्नति की। आप अब कृपा पूर्वक जाइये और शीघ्र अपने बहनोई अकबर के साथ रणस्थल में आइये। मैं आप की आतिथि सेवा वहीं करने के लिये तय्यार हूँ।" मानसिंह ने कहा—"प्रतापसिंह अब तक तो, जो इतनी कृपा हुई है वह केवल तुम्हारी दीन दशा पर, पर अब तुम्हारे पंख निकल

आये हैं, इस कारण तुम अधिक दिन तक नहीं जी सकते। अच्छा अब मैं जाता हूँ और शीघ्र ही रणस्थल में तुम से मिलूँगा।" यह कहकर मानसिंह चले गये। जाते समय एक राजपूत सरदार ने हँस कर कहा कि-"लड़ाई में अपने फूफा अकबर को भी लेते आना।"

४--इस पर मानसिंह आँख तरेरते हुए चले गये। मानसिंह के चले जाने के उपरान्त प्रतापसिंह ने उस स्थान को साफ कराया और हवन तथा वेद मन्त्रों से स्थान को शुद्ध किया। तत्पश्चात् शिशोदियों की राजपूती सेना ठीक करने में लगे। कुछ दिनों के बाद मानसिंह ने दिल्ली में आकर बड़ा शोर मचाया और अकबर के सम्मुख अपनी पगड़ी लाकर पटक दी। अकबर ने आवेश पूर्वक मानसिंह से कहा-"महाराजा साहब आप घबड़ाइये नहीं अब उसका प्याला लबरेज़ हो गया है। उसकी मौत अब नज़दीक है। मैं उसको इक आन में पामाल करूँगा और उसके लहू से अपने तेग़ के दामन को भरूँगा।" इसके बाद सेनापति शहबाजखाँ को शीघ्र ही बुलाकर कहा—"खाँ साहब आप अपनी दो लाख कट्टर फौज के साथ महाराजा मानसिंह के साथ जाइये और साथ में सलीम को भी लेते

जाइये। देखिये प्रताप ज़िन्दा गिरफ्तार हो, मरने न पावे। बस पंद्रह दिन के भीतर सब तैय्यारी हो जाय। महाराजा साहब आप घबड़ाइये नहीं मैं इस बद तहज़ीबी का मज़ा उस मरदूद को चखाऊँगा और उसके बहते हुए लहू से आपकी अतिशे आह को बुझाऊँगा।" इसी प्रकार की अनेक बातें कर अकबर ने मानसिंह को समझाया। मानसिंह भी समझ गये और अपनी सेना की तय्यारी में लगे। थोड़े ही दिनों में कुल तय्यारी हो गई। सलीम मानसिंह तथा शहबाज़ और मोहब्बत खाँ इत्यादिक वीरगण कईलाख मुग़ली सेना को ले, प्रतापसिंह से लड़ने चले। निस्सहाय प्रताप के पास कुछ थोड़े से राजपूतों के अतिरिक्त और कुछ न था। प्रतापसिंह के पास केवल बाईस हज़ार राजपूती सेना थी। युद्ध के पहिले प्रतापसिंह ने अपने सब नागरिकों की एक भारी सभा की। उसमें बड़े बड़े राजपूत तथा सरदारगण उपस्थित हुए। सब भील सरदार भी इस समय आये। सब को उपस्थित पाकर प्रतापसिंह ने कहा—"मेरे प्यारे सरदारों! तथा नगर के सेठ साहूकारो! यह समय बड़ा विकट उपस्थित हुआ है। अब ऐसे समय में आपही लोग सम्मति दीजिये कि क्या करना

उचित है? मेरे पास न धन है न धाम है। पास में सेना भी नहीं है, अहा! जब वह समय याद करता हूं कि राना संग्रामसिंह के समय के लाख सेना थी तो हृदय टूक २ हो जाता है। हमारे पूर्व पुरुषों ने कैसी वीरता के साथ उन यवनों का गतिरोध किया था पर हाय आज हम उसी के करने में असमर्थ है। जब मैं उन देव तुल्य पुरुषों को स्मरण करता हूं जिन्हों ने अपनी जननी जन्मभूमि के लिये तृणवत् प्राण विसर्जन किया था तो मन यही कहता है कि हाय! मैं किस दीनावस्था को पहुँच गया हूँ। मेरे सरदारों! मेरी तुम से एक बिन्ती है, और वह यह है कि जिसको अपना कुटुंब लड़ाई की अपेक्षा विशेष प्रिय हो वह अभी से छोड़ के चला जाय क्योंकि रणस्थल में कायरों का काम नहीं है। रणस्थल में कायर नर केवल एक बोझ के समान होते हैं। राजपूतों ने इस पर चिल्ला कर कहा "शोक शोक" प्रताप ने इस पर कहा शोक शोक चिल्लाने वा कहने की कोई आवश्यकता नहीं है वरन कर दिखाने की है। जिस समय छप छपा छप तलवारें चलने लगेंगी उस समय कितने तो घर का रास्ता ले लेंगे, इस कारण मेरी अभी से उनसे प्रार्थना है कि वे चले जायँ। राजपूतों ने

इस पर जोर से चिल्लाकर कहा—"नहीं हम सब लड़ेंगे।" इस पर प्रताप ने कहा,—"वीरों! तुम से ऐसे ही उत्तर की आशा थी।"

८--सरदारों से राय लेने के बाद प्रतापसिंह ने अपनी सेना सजानी आरम्भ कर दी। इखरे बिखरे राजपूतों को उन्हों ने बुलाया और भील सरदार तथा नागाओं को भी तैयार होने की घोषणा करदी। बहादुर भील और नागा लोग तैय्यार हो गये। बात की बात में सेनाध्यक्ष ने सब सेना ठीक कर ली। कुल बाईस हजार राजपूत लड़ने के लिए तत्पर हुए। प्रताप सिंह ने इन वीरों को अपने वाक्य द्वारा खूब उत्साहित किया। लड़ाई के पहिले जिन वीर वाक्यों में प्रताप सिंह ने अपने वीरों को प्रोत्साहित किया है वह काशी के "नवजीवन" समाचार पत्र में इस प्रकार निकला था।

उठो उठो भारत के क्षत्रियं, तुम कायर नहिं वीर महान।
रण गंगा में प्राण दान कर, रक्खो जन्मभूमि की सान॥
चलो आज चरखी सब साधो, गंज गबारे और कृपान।
तिल तिल कट कर आज वीरवर, रक्खो जन्म भूमि की सान॥
रण कंकन को बाँध हाथ में, कूदो रन में ले तलवार।
भारत के सब वीर शिरोमणि, खाये धर्म हेतु अति मार॥
उज्ज्वल क्षत्री वीर वंश के, तुम सब अद्भुत वीर महान।

जननी जन्मभूमि के कारण, सबको देनी चाहिये जान ॥
नाग झुंड अवलोक केहरी, वेगि टूटि कर लेता जान।
वैसे सब करबाल ग्रहण कर, टूटो अरि दल में लो प्रान ॥
पृथ्वीराज अरु हमीर हठ का, नहीं जानते विमल बयान ।
जिनने इक शरणागत कारण, सेन सहित अर्प्यो निज जान॥
या कारण हे अश्वारोही ! और चमूपति वीर समाज।
दिखलावो आदर्श वीरता, अरु रक्खो जननी की लाज ॥
नीच कायरो राजपूत गण, यदि ममता प्राणों की आज।
साले श्वसुरे अरु कुटुम्ब के, देखने में यद्यपि नहिं लाज ॥
प्रमुदित जावो सबै आजु तुम, कायर नर इक बोझ समान।
यही रहैं जो रण गंगा में, तिल समान निज अर्पैं जान ॥
हे मेवाड़ी वीरवरों सब, कर में गहि लो तीर कमान।
काल गुफा में चलना होगा, करलो एक ईश का ध्यान ॥

६--इस वीर वाक्य से प्रतापसिंह के सैनिक बड़े उत्साहित हुए और दूसरे दिन जिस पराक्रम से युद्ध किया है वह आगे चल कर मालूम होगा। इधर मुग़ली सेना भी बे रोक टोक अरावली पर्वत तक चली आई। शूरवीर राजपूत भी रण की सब तैय्यारी करने लगे; भीलों को पर्वतों ही पर से तीर चलाने की आज्ञा दी गई ; क्योंकि वे दूर ही से अच्छा लड़ सकते थे। पराक्रमी तथा भीम काय और बल शाली मुगलों के सम्मुख उनका ठहरना कठिन हो जाता, इस कारण उनका पहाड़ों ही पर से लड़ना ठीक था।

७-थोड़े दिनों के बाद प्रतापसिंह को सूचना मिली कि मानसिंह सेना सहित हल्दीघाटी के पास आ पहुँचे। उन्हों ने भी घाटी में आकर दुर्गम तथा अगम्य स्थानों में अपना डेरा डाल दिया। प्रतापसिंह ने एक दिन युद्ध के पहिले सब को बुला कर कहा-"मेरे प्यारे भाइयो! आज की लज्जा तुम्हीं लोगों के हाथ है। देखो आज वही दृश्य झलके जो कि वाप्पारावल के समय झलका था। कोई यह न कहे कि वाप्पारावल के वंशधर सिंह से शृगाल बन गये। शूर वीर राजपूतों! यदि लोक में रहना तो अभिमान के सहित न कि मान खोकर किसी ने सत्य कहा है 'मान सहित मरिवो भलो।' मेरा यह परामर्श है कि यदि दैवात् रण में हार जाँय तो कोई हरज नहीं पर लड़ाई हो तो क्षत्रियों की नाईं। जिस से मुग़ल लोग भी याद रक्खें कि किसी जाति से काम पड़ा था। हा! हमारी विद्या यह क्या जानें। प्यारे सरदारों! जब मैं अपने पूर्व पुरुषों का ध्यान करता हूं तो मारे शोक के रहा नहीं जाता। अहा! मर्यादा पुरुषोत्तमश्री रामचन्द्र ने अपने ही बाणों द्वारा रावण ऐसे प्रबल शत्रु का मुख मर्दन किया था पर हाय हमारे पास सब

कुछ ! रहते हम कुछ नहीं कर सकते हैं । कारण इसका केवल यही है कि परस्पर की ईर्षा और द्वेष। वाहरे ईर्षा देवी तेरी महिमा अपरंपार है । हे देवी ! मैं तुझे वारंबार नमस्कार करता हूँ । अहा ! तूने इस भारत ऐसे उत्तम देश को नष्ट कर डाला । अहा ! कहाँ वह समय था जब अर्जुन, भीम, नकुल, सहदेव इत्यादि वीरों ने अपने ही बाहुबल द्वारा समस्त संसार को जीत कर अपने बड़े भाई युधिष्ठिर को सम्राट बनाया था और कहाँ आज कल यह दशा है कि भाई भाई के ऊपर प्रहार कर रहा है । क्या वह वीर क्षत्राणियाँ नहीं रहीं, जिन्हों ने द्रोणाचार्य तथा कृपाचार्य और अश्वथामा ऐसे वीरों का गतिरोध किया था। हा ! वह सीता सावित्री तथा शैव्या और पद्मिनी ऐसी वीर नारियाँ क्या भारत में जन्म ग्रहण कर पुनः इसको गौरवान्वित न करेंगी ? मेरा हृदय कहता है कि करेंगी, क्योंकि कहावत है कि दस वर्ष में घूर के भी दिन लौटते हैं । " प्रताप सिंह के इस हृदय विदारक शब्दों ने क्षत्रिय सेना पर बड़ा ही असर डाला "

८-सब सरदारों ने शपथ खाकर कहा "अन्नदाता जी ! हम विश्वनाथ की सौगंध खाकर कहते हैं

कि शरीर में रक्त की एक बूँद भी रहते कभी पीछे न हटेंगे । इस के उपरान्त प्रताप ने भीलों से कहा-" मेरे भील भाइयों ! इस कुल की रक्षा तुम्हारे पूर्वजों ने की है । इस कारण तुम्हारा यह धर्म है कि इस अभागे प्रताप पर भी दया करो । देखो बाप्पा के वंशधरों की सेवा जो भीलों ने की है वह किसी से छिपी नहीं है । तुम लोगों ने अपने प्राणों को तृणवत् विसर्जन कर अपना अमूल्य जीवन हम लोगों के लिये दिया है और कदाचित् आज भी पीछे न होंगे । देखो अब इस सूर्यकुल की रक्षा करो और अपने कुल में कलंक न लगावो ।" भीलों ने एक स्वर से कहा-"घणी खमा अन्नदाता जी तीर कमटे का विवाह आजही तो होगा। पहाड़ों पर से ऐसे २ तीर चलाऊँगा जिस से मुगलों के छक्के छूट जायेंगे ।" प्रताप ने कहा-"कुछ हरज नहीं है, मेरे प्यारे वीरों अब मुझे पूरी आशा है कि रण में हम लोग विजय यश लाभ करेंगे ।"

९-इधर तो प्रतापसिंह अपनी सेना सजाकर उत्साहित कर रहे थे और दूसरी ओर अरावली पर्वत तक मुग़ली सेना चली आई। मुग़ली सेना को हल्दीघाटी के पास देखकर प्रताप ने अपने

वीरों को ललकारा । प्रताप के ललकारते ही राजपूत गण अपने २ प्राणों की मोह-माया छोड़ कर यवनों पर टूट पड़े । छप छपा छप दोनों ओर से तलवारें चलने लगीं । राजपूतगण सिंह की नाईं यवनों पर कूद पड़े पर प्रभावशाली यवनों ने भी मुँह तोड़ जवाब दिया । अश्वरोही भी टूटे और पैदल सेना पैदल से भिड़ गई। राजपूतगण "हर हर महादेव" और मुसलमान गण "अल्लाहो अकबर" चिल्लाते २ ऐसे २ प्रहार करते हिल मिल गये जैसे खिचड़ी में घृतादि भोजन के समय मिल जाते हैं । वीर गण उत्साह युत एक दूसरे पर प्रहार करने लगे । यदि एक दूसरे के मस्तक पर वार करता तो तीसरा उस के खोपड़े को चीर डालता । कोई किसी पर तलवार का प्रहार करता तो, दूसरा कमर में नेजा हेल मेल देता । यदि प्रहार से किसी का मस्तक उड़ जाता तो तीसरे की अँतड़ी ही निकल कर लोथ पोथ हो जाती। किसी के मस्तक उड़ गये, किसी के हाथ पैर कट गये । इसी पकार सहस्रों वीर मरने कटने लगे, परंतु अपने हठ से नहीं हटते थे। इसी मारा मार में कई एक मुगल प्रतापसिंह तक आ पहुँचे, वे

निकट ही थे कि प्रताप पर विषम प्रहार करते पर प्रताप ने फ़ुरती से ऐसा अपने को बचाया कि मुसलमान बड़े चक्कर में पड़े। प्रताप ने पुनः अपने घोड़े को सम्हाला। अपने स्वामी के इस पराक्रम को देख कर वीर राजपूत गण और भी उत्साहित होकर लड़ने लगे। उसी बीच में मुसलमानी सेना ने फिर दाहिने भाग से आक्रमण किया जिस से मुसलमानी बाज़ी और भी मज़बूत पड़ गई। अब और भी ज़ोर शोर से लोहा झरने लगा। प्रतापसिंह इस समय चारों ओर से घिर गये थे उन्हों ने कोई उपाय न देखा। वे भी अब प्राणों की मोह माया छोड़कर तलवार झारने लगे। उन्हों ने बड़ी तेज़ी से अपना घोड़ा सेना के बीच में दौड़ाया। मुग़लों ने उनकी गति रोकने का प्रयत्न किया पर वे सब को मारते काटते हाथी तक पहुँच ही गये। उन्हों ने अपने घोड़े को सलीम के हाथी पर कुदाया। चेटक भी अपने दो टाँगों से हाथी के मस्तक पर खड़ा हो गया। प्रतापसिंह ने अम्मारी पर बर्छा मारकर कहा—"ऐ सलीम तू अभी बालक है, इसी वास्ते छोड़े देता हूँ पर अकबर से यह सन्देसा कह देना कि आप स्वयं न आकर

छोकरों को लड़ाई में भेजकर अपनी वीरता का क्या परिचय देता है ?" सलीम के हाथी पर प्रताप को देखकर अब सब सेना इधर ही झुकी। समुद्र की नाई प्रताप पर मुग़ली सेना उमड़ पड़ी। प्रभावशाली मुग़ल अपना विपुल पराक्रम दिखाने लगे। शूरवीर प्रताप भी सब को उत्तर देते जाते थे। अहा ! इस समय प्रताप का पराक्रम वैसा ही मालूम पड़ता था जैसे कोई मदान्ध कुंजर सुंदर सरोवर के सघन सरसिजों को बिखेर देता हो। प्रतापसिंह सब को साक मूली की नाईं काटने लगे।

९—इसी मारा मार में दूर से ग्वालियर के मन्ना झाला ने देखा की प्रतापसिंह इस समय बड़े बिपद में हैं। उसने मन में यही विचार किया कि हाय ! क्या मेरे रहते आर्य कुल भूषण प्रतापसिंह मारे जायेंगे। इस अधम के रहते प्रतापसिंह आज प्राण शून्य होकर वीर गति प्राप्त करेंगे ? अहा ! धन्य मेरा भाग जो यह अवसर प्राप्त हुआ आज मैं मेवाड़ के लिये अवश्य प्राण विसर्जन करूँगा। प्यारे प्रताप ठहरो यह कहता हुआ मन्ना झाला पांच सौ सिपाहियों को लेकर मुग़ली सेना में सिंह की नाईं हुंकारता हुआ झुका। उसने अपने पांच सौ अश्वारोहियों को ललकार कर कहा—

"बस चले आवो बहादुरो ! वही सामने मौत की घाटी में प्रताप की झाँगी चमक रही है।" जैसे कोई काई काटे उसी प्रकार यवन दल को चीरता फारता मन्ना झाला तलवार फटकारते, घोड़ा कुदाते घुस पड़ा। उसने प्रतापसिंह के पास पहुँच कर कहा "—बस अब झाँगी हमें दे दीजिये और आप किसी प्रकार इस दल से निकल जाइये नहीं तो मेवाड़ का सूर्य आज चिरकाल के लिये अस्त हो जायगा।" प्रताप ने कहा—"यह कदापि नहीं हो सकता आज या तो मैं मारा जाऊँगा अथवा इन यवनों का सत्यानाश कर तभी घोड़े की बागडोर ढीला करूँगा।" इस पर मन्ना झाला ने कहा—"नहीं २ अब इस समय आप मेरी धृष्टता क्षमा करिये। मैं कदापि नहीं मान सकता मुझे झाँगी दे दीजिये। यह कह कर मन्ना ने ज़बरदस्ती (झाँगी) राज चिन्ह छीन लिया और प्रताप के पास दस पन्द्रह सरदारों को नियुक्त कर आप स्वयं मार काट में लिप्त हुआ। प्रतापसिंह को सात गहरे घाव लगे थे; पर सरदारगण किसी न किसी प्रकार उनको निकाल ले गये। वीर प्रताप भी घायल चेटक को चुमकारते वायु की नाईं उड़ते जाते थे। इधर तो प्रतापसिंह बचकर निकले और

दूसरी ओर सब कंटक मन्ना झाला ही पर बीता। मन्ना को देख राजपूतों का जी बढ़ उठा। वे कटार की चोट से अश्वारोहियों के बीच में घुस कर प्रहार करने लगे। खांडे तलवार बिछुआ बाँक कटारी इत्यादिक अस्त्रों के ऐसे कड़ाके वार होने लगे कि उस समय का दृश्य बड़ा ही विचित्र हो गया।

१०–देखते ही देखते सैकड़ों बिना सवार के घोड़े इधर उधर अनाथ की नाईं दाँत काढ़े हुए दिखाई पड़ने लगे। सूँड़ बिना गज समूह इधर उधर चक्कराने लगे उनके शरीर से स्रावित रक्त मानों लाल झरने सा भास होने लगा। इसी मारा मार में मुग़ली सेना पीछे हटने लगी। मुग़ली सेना को पीछे हटते देख मुग़ल सेनापतियों ने चिल्लाकर कहा, "अरे नमक हरामों! अकबर के सामने चलकर क्या मुँह दिखाओगे। चलो फिर आगे बढ़ो और भी ताज़ी फौज़ आ गई है।" इस पर मुसलमानों का दिल फिर हरा हो उठा वे पुनः पूर्ववत् आक्रमण करने लगे। ज्यों ज्यों मुसलमान बढ़ते आते थे त्यों त्यों उनके मस्तक धीरे २ उड़ते जाते थे। वीर बाँकुरों के शरीर से बहता हुआ रक्त कुसुमसा फूला जान पड़ता था। जिसके पास अस्त्र शस्त्र नहीं थे, वे दाँतो ही द्वारा वा अङ्ग के किसी भाग से युद्धकर

अपनी रण-कौशलता का परिचय देते थे। दोनों ओर की मार काट से रणस्थल लोथ फोथ हो गया। उस हल्दीघाटी की लड़ाई का रणस्थ दृश्य नव-जीवन पत्र में जो कि पं० केशवदेव शास्त्री द्वारा सम्पादित होता है—इस प्रकार निकला था।

अश्वटाप अरु रथ पहियों से, मानों सुचि गो·धूलि लखात।
निज बिवाह की तैयारी में लगे, वीरगण यों दरसात॥
पुहुमि-धूलि नभ में जा करके, छेकि रही है नभ जो नील।
कहीं कहीं पर चम चम चमकत, वीरों की असि जो दुःशील॥
डिम डिम झाँझ ढोल अरु भेरी, नरसिंघा दुन्दुभि करनाल।
सभी नगाड़े गड़गड़ाय कर, तासे तड़तड़ाय दे ताल॥
बजत विशालक झाँझ सुहावनि, झल्लरि बढ़िया दे झनकार।
पूरी ध्वनि से संख असंखन, बाजि रहे नहिं पारावार॥
दन्ति-कुम्भ से मद के नारे, मानों झरना झरत दिखात।
माधि माधि श्वेत किरन पड़ने से, चम चम नेजा सबै लखात॥
मोर बोलते सहनाई अरु, सिंग्गी कड़खे कोयल कूक।
चह चहात पत्ती-पद-ध्वनि जनु, जेहि कारन हा! शत्रुन हूक॥
पूरब से रजपूत और पश्चिम से, यवन बहादुर आय।
जुटे वीर घनघोर घटा सम नेजा, तीर सेल हर्षाय॥
मुठ्ठ भेड़ होते युगदल में, चली जुन्नब्बी अरु गुजराति।
बँदरी सिंघी चली सिरोही, ऊना कत्ती और चपाति॥
तोमर और तमंचा तेगा, तंवर से लेकर बाँक कटार।
बिछुआ और बिगुरदा खञ्जर, नेजा और तेज मुठमार॥
छप्प छपा छप चली मेवारी, नेजा किये करेजा टूक।
भाला और पियलिया चट चट छूटे, कूदे धरि असि मूठ॥

हिले मिले रण मत्त वीरगण, भेटत भाई भाइ लखात।
मिलते समय सेल करके वे, चुकता करते प्रेम अगाध॥
यदि खंजर से पेट चीरता, दूसर धरता असि की धार।
तीसर गुर्ज चलाय मगज पर, गटा मसक कर देता फार॥
बाजी-मण्डल के पीछे पुनि, मण्डल दन्ति बीर बलवान।
पुरवाई मनु पवन पाइ करि, कारे कारे मेघ जवान॥
दन्त द्वैज ससि सम चमकत हैं, कारे मेघ दन्ति के बीच।
अथवा श्वेत कमल फूला हो, जनु सरिता में काला कीच॥
ऊट जूट डट्टन खच्चड़ के, है ऊपर सब युद्ध समाज।
तुपक नली अरु गंजगवारे, चद्दर गुरदा और किनाज॥
लदे अधिक जरजाल जमूरे, कहीं कहीं पर तोड़े तीर।
कहीं कहीं पर गोले गोली, गन्धक और तीर सहतीर॥
कुण्डी, टोप, कहीं झीलम सर, कहिँ महताब और नवसोर।
कहीं भरे हैं दारू रथ पर, पहरेदार वीर नहिं थोर॥

११-इसी मारा मार में मन्ना झाला के ऊपर मुग़ल चारों ओर से टूट पड़े। मुग़लों ने राजछत्र देखकर उसी को प्रतापसिंह समझा। चारों ओर के वरछों तथा भालों और तलवारों की मार से मन्ना झाला बहुत घायल हो गया, उसके घोड़े की भी गमन शक्ति जाती रही। उसने जब देखा कि अब बचने का कोई उपाय नहीं है तो राजपूतों को ललकार कर कहा-"खबरदार जो एक भी घर फिरो तो तुम्हें तुम्हारी जननी के दूध की सौगन्ध है; बहादुर सरदारों तुम अपने अगुओं पर ध्यान दो और

जिस प्रकार मैं मारा जा रहा हूँ इसी प्रकार सब मारे जाओ।" मन्ना झाला यह कह ही रहा था कि सहसा पड़पड़ करके तीन गोली उसकी छाती में लगी। बिचारा घोड़े सहित मन्ना झाला गिर पड़ा, उसने मरते समय यही कहा कि "मेरा जीवन सफल हुआ।" उसने गिरी अवस्था में कहा-"प्यारे चित्तोर! आज मैंने तेरे लिये प्राण विसर्जन किया इस से आत्मा को शान्ति है। पर एक बात की मुझे विशेष चिन्ता है सो भी वह चिन्ता न तो पिता पुत्र की है न सारे कुटुम्ब तथा प्राण प्यारी स्त्री की है, यदि कोई चिन्ता है तो यही है कि इस अन्तिम अवस्था में मैं अपनी प्राणों से भी प्यारी जन्मभूमि चित्तौर को नहीं देख रहा हूँ। अहा! मैं जन्म जन्मातर उस पुरुष का ऋणी रहता जो एक बार मुझे अपनी गोद में उठाकर मेरी प्यारी जन्म भूमि को दिखादे। प्यारे चित्तौर! मेरी यही इच्छा है कि बार २ जन्म ग्रहण कर तेरी सेवा करूँ, और इसी प्रकार प्राण विसर्जन करूँ जैसे की मैं आज कर रहा हूँ।" मन्ना झाला इसी प्रकार सोचही रहा था, मुग़लों के घोड़ों और पैरों ने उसको भुरकुस कर डाला। बिचारा मन्ना टुकड़े टुकड़े हो कर चटनी की नाईं पिस गया। उसके साथी भी उसी


की गति को प्राप्त हुए। सब एक बार चित्तौर को देखते २ तृणवत् मरते थे। लड़ते २ बाईस सहस्र राजपूतों में से केवल आठ हजार बचे और चौदह हज़ार कट गये। अहा धन्य हैं वे राजपूत जिन्हों ने तृणवत् अपना प्राण अपनी प्यारी मातृ भूमि के लिये दे दिया। इस युद्ध में मन्ना झाला की वीरता और आत्मोत्सर्ग अति प्रशंसनीय है। इस वीरपुरुष के विषय में कर्नल टाड लिखते हैं कि—"उस विकट समय में जैसे आत्मोत्सर्ग का परिचय मन्ना झाला ने दिया वैसा कदाचित् संसार के और किसी इतिहास में भी दृष्टिगोचर नहीं होता। शूरवीर मन्ना ने पाँच सौ सवारों के साथ प्रवेश कर मुग़लों की सेना साग मूली की नाईं काट डाली और अन्त में अपने समस्त वीरों सहित वीरगति को प्राप्त हुआ। स्वामि भक्त वीरवर मन्ना के वंशधर सादरी राज्य और प्रताप की दी हुई दूसरी वृत्तियाँ अबतक भोग करते हैं। उनके नक्कार राज द्वार तक उनके साथ बजते हुए जाते हैं। ऐसा सम्मान दूसरे किसी को नहीं मिला है।" यह तो एक भारी इतिहास कार की टिप्पणी है, वास्तविक में मन्ना झाला का अद्भुत आत्मोत्सर्ग भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों की नाईं चमकता रहेगा।

बाबू कालिदास माणिक स्वयं बीस मन का पत्थर अपनी छाती पर रखवा कर तुड़वाने में समर्थ हुए हैं। —वीरभारत-कलकत्ता

माणिक कार्यालय की

स्वास्थ्य सम्बन्धी एक अपूर्व पुस्तक

प्रो॰ कालिदास माणिक लिखित—



राममूर्त्ति और उनका व्यायाम—इस पुस्तक में प्रोफेसर राममूर्ति के बताये हुए तरीके (सिस्टम) के मुताबिक कसरत बताये गये हैं। लेखक ने इस को बड़ेही परिश्रम से लिखा है। कमज़ोर आदमी किस प्रकार बली हो सकता है, रोगी किस प्रकार निरोग रह सकता है, यह सब भली भांति दिखाया गया है। (दाम दो आना)

पुस्तक उपयोगी और सरल भाषा में लिखी गई है— —सरस्वती

यह पुस्तक व्यायाम करनेवालों के लिये बड़ीही हितकारी है-भारतजीवन

बाबू हरिदास माणिक ने अपनी लेखनी का वीर कथा श्रोत रूपी राजस्थान की ओर प्रवृत कर वस्तुतः हिन्दी साहित्य और आर्य (हिन्दू) जाति दोनों को अपना कृतज्ञ बनाया है—

—पांचाल पंडिता

माणिक कार्यालय

द्वारा प्रकाशित की हुई

ऐतिहासिक पुस्तकें।

हरिदास माणिक लिखित—

भारत की प्राचीन झलक वा आर्यों का आत्मोत्सर्ग भारत के प्राचीन शूर वीर क्षत्रिय राजावों, राजपत्नियों बालक, बालिकाओं, तथा सेनापति और सैनिकों के वीर चरित्रों का वर्णन इस पुस्तक में ऐतिहासिक घटनाओं के आधार पर किया गया है। प्राचीन समय में हमारा परोपकार तथा स्वार्थत्याग कैसा था इसका मानों चित्र खिंचा है। किसी नें देश के लिये, तो किसी ने अपने कुटुम्ब के बचाने में प्राण गंवाये। वीर क्षत्रानियों ने अपना धर्म किस प्रकार पालन किया है, इस का विवरण भली भांति दिया गया है। दोनों भाग १)

पुस्तक पढ़ने लायक है। हिन्दुओं के आत्मोत्सर्ग का अच्छा विवरण है।

—सरस्वती-प्रयाग

हिन्दी साहित्य भंडार में यह एक अच्छी पुस्तक का समावेश हुआ है।

—वेंकटेश्वर समाचार

हल्दी घाटी की लड़ाई महाराणा प्रतापसिंह तथा अकबर से जो २४ वर्ष तक भयंकर संग्राम हुआ है उसी का इस में विवरण है, इस लड़ाई

में २२ हजार राजपूतों ने मेवाड़ के लिये तलवार पकड़ा था; उसमें भयंकर युद्ध के बाद केवल ८ हजार बचे और सब रण में खेत रहे। (दाम दो आना)

कविता वीर रस की अच्छी और प्रभावोत्पादक है-वेंकटेश्वर समाचार

पुस्तक पढ़ने से राणा का वीरचरित्र आंखों के सामने नाचने लगता है।

—वीरभारत

राणा प्रताप सिंह की वीरता

इसमें शूरवीर महाराणा प्रताप सिंह का वीर चरित्र है। अकबर से हारकर २४ वर्ष तक जंगल में नाना प्रकार का कष्ट सहन करते हुए घूमना पर दिलीश्वर की दासता न स्वीकार करना। अन्त मे विजयी होकर फिर अपना राज्य छीन लेना। इत्यादि विषयों का वर्णन बड़ा ही हृदय विदारक है। (दाम तीन आना)

पुस्तक पढ़त २ पत्थर का कलेजा भी दहल उठता है। हमारा अनुरोध है कि लोग इस पुस्तक को अवश्य पढे।

—वीरभारत

वर्णन अति रोचक और सुपाठ्य है भाषा की शैली बहुतही अच्छी है।

—हिन्दी बंगवासी।

राणा साँगा और बाबर

इस पुस्तक में मुग़ल बादशाह बाबर तथा राणा साँगा के भयानक युद्ध का वर्णन है। पुस्तक पुराने इतिहासों की सहायता से लिखी गई है। इतिहास प्रेमियों को यह पुस्तक अवश्य ही देखनी चाहिये। (दाम दो आना)

इस में ऐतिहासिक घटनाओं का अच्छा समावेश है, प्रत्येक इतिहास प्रेमियों को यह पुस्तक अवश्य देखनी चाहिये। —भारतजीवन

भीष्म पितामह और तीन कुमारियाँ

इसमें भीष्म की दृढ़ प्रतिज्ञा, अम्बा, अम्बिका और अम्बालिका का हरण

तथा परशुराम और भीष्म से भयंकर युद्ध होने का वर्णन है। दाम =)

इस पुस्तक में अम्बा के हृदय विदारक विलाप का मानों चित्र खिंच गया है। पुस्तक पढ़ने लायक है। —भारतजीवन

मेवाड़ का उद्धार कर्त्ता यह पुस्तक ऐतिहासिक विचार से अपूर्व है। राजस्थान इतिहास से लेकर यह ग्रन्थ लिखी गई है। इसमें मेवाड़ के मन्त्री भामाशाह के परोपकार का वर्णन है। (दाम दो आना)

पुस्तक पढ़ने २ पत्थर का कलेजा भी दहल जाता है। प्रताप का मेवाड़ से जाते समय का विलाप तथा भामाशाह के आत्मोत्सर्ग का अच्छा विवरण है।

माणिक आदर्श वा राजपूतों की बहादुरी इस पुस्तक में ऐतिहासिक घटनावों का अच्छा समावेश है। इसमें भारत के प्रसिद्ध २ इतिहास लिखनेवालों के लेखों का संग्रह है। पुस्तक पढ़ने लायक है। खास कर हल्दीघाटी की लड़ाई और शिवाजी का दुर्ग विजय तथा वीर नारी ताराबाई का विवरण तो बहुतही हृदय ग्राही है। दाम ।।।)

इस पुस्तक में शूरवीरों का आदर्श चरित है। ऐसी पुस्तक प्रत्येक हिन्दू बालक को पढ़ानी चाहिये। ऐसी पुस्तक की कदर कर लेखक का उत्साह बढ़ाना देश भक्तों का काम है। —हितवार्ता।

(स्थायी ग्राहकों से डाक महसूल माफ)

पुस्तक मिलने का पता—

मनेजर—माणिक ग्रंथ माला—बनारस सिटी।

भयंकर मारकाट तथा लड़ाई सम्बन्धी ग्रन्थ।

राजपूतों की बहादुरी	।।।)
भारत का प्राचीन झलक व	
आर्यों का आत्मोत्सर्ग (तीन भाग	१।।)
हल्दी घाटी की लड़ाई	=)
राना सांगा और बाबर	=)
मेवाड़ का उद्धार कर्ता	=)
राना प्रताप की वीरता	=)
सिखों का साहस	=)
बर्नियर की भारत यात्रा (४भाग)	२)
नवाब नन्दिनी (दो भाग)	१।)
रानी पन्ना	।=)
वीर वारांगना	।=)
हरिसिंह नलवह	≡)
भोजपुर की ठगी	।।)
महाराष्ट्रोदय	–।।
तांतिया भील	=)
सच्चाबहादुर (४ भाग)	४)
वीर हम्मीर	=)
झांसी की रानी	।।)
जीवन सन्ध्या	।।।)
दीप निर्वाण	।।।)
शिवाजी का जीवन चरित	।)
विकट बदलौअल	१)
कौशल किशोर	१)
वीरनारी जया	।।)
नील वसनासुन्दरी	१।)
तारामती	।।)
चोरसुलतान	१)
घटना घटाटोप	१।।)
पैशाचिक काण्ड	१।।)
राजदुलारी	।।)
हमारी दाई	।=)
कनकलता	।।)
जयश्री वा वीर बालिका	।=)

राममूर्ति व्यायामसीरीज

राममूर्ति का व्यायाम	=)
ऋतु चर्या	१)

अच्छे अच्छे नाटक

अभिमन्यु नाटक	।।।)
राना प्रताप नाटक	।।।)
उषा नाटक	।।)
सरोजनी	।।)
संयोगता-हरण	।।)
कलियुग	।=)
किंग लियर	।–)
माधवानल कामकन्दकला	।।।)
वेणी संहार	।।)
शील सावित्री	।।)
खूबसूरत बला	।=)
दिल फरोश	।=)
भुलंभुलैयां	।=)
अमीरे हिर्स	।=)
पाण्डव-प्रताप	।।)
कालीनागिन	।=)
सीता बनवास	।=)
सतीनाटक	।।)

ऐतिहासिक झलक— हर तीसरे महीने सुन्दर २ चित्रों सहित १५० पृष्ठ निकलता है। इसमें ऐतिहासिक उपन्यास बड़े ही मारके के निकलते हैं। भयंकर मार काट, राजनैतिक दांव पेंच, तथा रोमांचकारी घटनाओं को पढ़कर पाठकगण मुग्ध हो जायेंगे। साल भर का १।।)नमूने की कापी ।।) के टिकट आने पर भेजी जाती है।

पता—माणिक कार्यालय-काशी।